आषाढ़ कृष्ण पक्ष सप्तमी 01:35 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 18 जून 2025
वर्ष 3, अंक 304, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

अयोध्या
एक सम्पूर्ण अखबार



हताशा में कांग्रेस कर रही झूठा प्रचार : भाजपा 12
सीतारमण ने लद्दाख में परियोजना स्थल का किया दौरा 14

## डीआरडीओ और आईआईटी दिल्ली की क्वांटम संचार में बड़ी सफलता

नई दिल्ली, एजेंसी

- राष्ट्रीय सुरक्षा, रक्षा, बैंकिंग और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों में डेटा सुरक्षा के लिए क्रांतिकारी कदम



रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली ने क्वांटम संचार के क्षेत्र में एक बड़ी प्रायोगिक सफलता हासिल की है। इससे भारत भविष्य में साइबर सुरक्षा के लिए क्वांटम तकनीक का उपयोग करने की दिशा में अग्रसर हो जाएगा।

रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह उपलब्धि एक किलोमीटर से अधिक दूरी तक फ्री-स्पेस ऑप्टिकल लिंक के माध्यम से क्वांटम 'एंटैंगलमेंट' पर आधारित सुरक्षित संचार स्थापित कर प्राप्त की गई, जो आईआईटी-दिल्ली परिसर में किया गया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि के लिए डीआरडीओ और आईआईटी-दिल्ली को बधाई देते हुए कहा कि यह भविष्य के युद्ध और संचार सुरक्षा के लिए महत्वपूर्व साबित होगा। यह तकनीक भविष्य में क्वांटम इंटरनेट और क्वांटम नेटवर्क जैसी प्रणालियों के लिए रास्ता तैयार करेगी। इसे प्रो. भास्कर कंसेरी के अनुसंधान समूह ने वरिष्ठ वैज्ञानिकों की उपस्थिति में सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया। क्वांटम संचार की यह तकनीक राष्ट्रीय सुरक्षा, रक्षा, बैंकिंग और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों में डेटा सुरक्षा के लिए क्रांतिकारी कदम मानी जा रही है।

## भारत ने 2024 में परमाणु हथियारों का बढ़ाया जखीरा

### स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट, सभी नौ परमाणु हथियार संपन्न देशों में भी जारी रिसर्च

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत और पाकिस्तान सहित दुनिया के लगभग सभी नौ परमाणु हथियार संपन्न देशों ने 2024 में अपने परमाणु हथियारों को न केवल उन्नत बनाने की प्रक्रिया को जारी रखा बल्कि अपने हथियारों का जखीरा बढ़ाया भी है।

वैश्विक विचारक समूह स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) ने अपनी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। सिपरी ने एक बयान में कहा कि ऐसा अनुमान है कि भारत ने 2024 में एक बार फिर अपने परमाणु हथियारों के जखीरे का थोड़ा विस्तार किया है और नयी प्रकार की परमाणु हथियार प्रणालियों का विकास जारी रखा है। पाकिस्तान ने 2024 तक परमाणु हथियारों की नयी वितरण प्रणालियां विकसित करना और परमाणु हथियारों में इस्तेमाल होने वाली सामग्री एकत्रित करना भी जारी रखा है। पाकिस्तान की योजना आगामी दशक में अपने परमाणु हथियारों का जखीरा बढ़ाने की है। विचारक समूह सिपरी ने सोमवार को अपनी वार्षिक पुस्तक-2025 में शस्त्रीकरण, निरस्त्रीकरण और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा की स्थिति का अपना वार्षिक मूल्यांकन जारी किया। वार्षिक पुस्तक के विमोचन पर दिए गए वक्तव्य में भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए सैन्य संघर्ष का भी उल्लेख किया गया है। सिपरी ने अपनी वार्षिक पुस्तक में शस्त्रीकरण, निरस्त्रीकरण और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा की स्थिति का देशवार मूल्यांकन प्रस्तुत किया है।

### दुनिया भर में 12,241 परमाणु हथियार

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट ने एक बयान में कहा, लगभग सभी नौ परमाणु हथियार संपन्न देश – अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन, भारत, पाकिस्तान, डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (उत्तर कोरिया) और इजराइल ने 2024 में अपने परमाणु हथियारों को उन्नत बनाने के साथ-साथ हथियारों के जखीरे को भी बढ़ाने का काम किया। सिपरी ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि जनवरी 2025 में दुनिया भर में 12,241 परमाणु हथियारों की कुल संख्या थी। जिनमें से लगभग 9,614 हथियार संभावित इस्तेमाल के लिए सैन्य भंडार में थे।

### एक नजर

#### भाजपा नेता हमला मामले में चार और आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र

**नई दिल्ली।** एनआईए ने पिछले साल पश्चिम बंगाल में भाजपा नेता प्रियंगु पांडे पर भीड़ द्वारा किए गए हमले के मामले में चार और आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया गया है जिसमें चारों पर हमले की साजिश में संलिप्त होने का आरोप लगाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को कोलकाता की विशेष एनआईए अदालत में दाखिल तीसरे पूरक आरोपपत्र में पवित्र प्रसाद उर्फ सुजल, मोहम्मद टीपू उर्फ टिपुआ, मोहित महतो उर्फ साही और मोहम्मद जावेद पर भारतीय न्याय संहिता, शस्त्र अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं।

#### नक्सलियों ने तीन ग्रामीणों की हत्या की

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों द्वारा तीन ग्रामीणों की गला घोंटकर हत्या करने की घटना सामने आई है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली है कि नक्सलियों ने आज शाम पेद्दाकोरमा (नयापारा) निवासी तीन व्यक्तियों की रस्सी से गला घोंटकर कर हत्या कर दी है। सूचना की पुष्टि के लिए पुलिस दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया है। ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल बनाने के उद्देश्य से नक्सलियों ने निर्दोष ग्रामीणों की हत्या की है।

## ट्रंप ने जी 7 छोड़ा, बोले- तेहरान खाली करो

### इजराइल ने ईरानी सेना के डिप्टी कमांडर को मारा, ईरान का मोसाद हेडक्वार्टर पर हमला

- तेल अवीव में मिलिट्री इंटेलिजेंस की बिल्डिंग को भी निशाना बनाया
- ट्रंप की चेतावनी के बीच ईरान पर इजराइल के हमले बढ़े

दुबई, एजेंसी



इजराइल के हमलों के बाद तेहरान के हाईवे पर लगा लंबा जाम।



कनाडा में जी7 छोड़कर जाते राष्ट्रपति ट्रंप। ● एजेंसी

इजराइल ने ईरान के सैन्य और परमाणु ठिकाने पर अचानक हमला करने के पांच दिन बाद तेहरान पर अपने हवाई हमले तेज कर दिए हैं। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राजधानी तेहरान के निवासियों को शहर खाली करने की चेतावनी दी। इससे तेहरान छोड़कर भागने के कारण सड़कों पर लंबा जाम लग गया।

ट्रंप ने कनाडा में जारी जी-7 शिखर सम्मेलन को बीच में ही छोड़कर वाशिंगटन रवाना हो गए। उन्होंने एक संदेश में लिखा, ईरान परमाणु हथियार नहीं रख सकता। उन्होंने अपने संदेश में कहा, सभी को तेहरान तत्काल खाली कर देना चाहिए। बाद में ट्रंप ने इस बात से इनकार किया कि वह संघर्ष विराम पर काम करने के लिए जल्दबाजी में लौटे हैं। वाशिंगटन लौटते समय एयर फोर्स वन में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा, मैं संघर्ष विराम की तरफ नहीं देख रहा हूं। हम उससे भी बेहतर चीज की तरफ देख रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, मैं बस यही चाहता हूं कि लोग सुरक्षित रहें। इससे पहले, इजराइली ने तेहरान के एक मध्यवर्ती इलाके के लगभग 3,30,000 निवासियों से इलाके को खाली करने की अपील की थी। इजराइल ने मंगलवार को दावा किया कि उसने ईरानी सैन्य कमान को तबाह करने के बाद उसके एक और उच्च पदस्थ जनरल को मार गिराया। इजराइली सेना ने कहा उसने जनरल अली शादमानी को मार गिराया है, जिन्हें हाल ही में खातम अल-अनबिया केंद्रीय मुख्यालय का प्रमुख नियुक्त किया गया था। ईरान ने शादमानी की मौत की तत्काल पुष्टि नहीं की है।

### भारतीयों से तुरंत तेहरान छोड़ने का आग्रह

**तेहरान।** ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष तेज होने की पृष्ठभूमि में तेहरान में सभी भारतीय नागरिकों को मंगलवार को शहर से बाहर सुरक्षित स्थानों पर जाने और दूतावास से संपर्क में रहने का परामर्श जारी किया गया है। तेहरान में भारतीय दूतावास ने कहा, सभी भारतीय नागरिक जो तेहरान में हैं और दूतावास के संपर्क में नहीं हैं, उनसे अनुरोध है कि वे तुरंत तेहरान में भारतीय दूतावास से संपर्क करें और अपना स्थान तथा संपर्क नंबर प्रदान करें। भारतीय मिशन ने सभी भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के लोगों (पीआईओ) को यह सलाह भी दी है कि जो अपने स्वयं के संसाधनों से तेहरान से बाहर जा सकते हैं, वे शहर के बाहर सुरक्षित स्थान पर चले जाएं। यह पोस्ट ऐसे समय में आया है जब इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष तेज हो गया है तथा उन्होंने पांचवें दिन भी एक दूसरे पर हमले किए हैं। नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने कहा कि ईरान और इजराइल में जारी घटनाक्रम के मद्देनजर मंत्रालय में 24 घंटे संचालित नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।

### तेहरान प. एशिया का सबसे बड़ा शहर

तेहरान पश्चिम एशिया के सबसे बड़े शहरों में से एक है और वहां तकरीबन एक करोड़ लोग रहते हैं, जो इजराइल की कुल आबादी के बराबर है। संघर्ष के बाद से ही तेहरान में लोग अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर जा रहे हैं।

## कनाडा पहुंचे मोदी ग्लोबल साउथ होगी प्रमुख प्राथमिकता

कैलगरी (कनाडा), एजेंसी

- विश्व के नेताओं से ऊर्जा सुरक्षा प्रौद्योगिकी तथा नवाचार सहित वैश्विक मुद्दों पर करेंगे चर्चा



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वह कनाडा के कनैनिस्किस में जी-7 शिखर सम्मेलन में वैश्विक नेताओं से मुलाकात के दौरान महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे तथा ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर जोर देंगे। प्रधानमंत्री सोमवार शाम को यहां पहुंचे और यह एक दशक में मोदी की कनाडा की पहली यात्रा है। मोदी इस दौरान विश्व के नेताओं के साथ मुलाकात करेंगे और ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी तथा नवाचार सहित महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

मोदी ने एक्स पर कहा, जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कनाडा के कैलगरी पहुंच गया हूं। शिखर सम्मेलन में विभिन्न नेताओं से मुलाकात करूंगा और महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार साझा करूंगा। ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर भी जोर दूंगा। ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के निमंत्रण पर साइप्रस से सोमवार शाम (स्थानीय समयानुसार) कनाडा पहुंचे। कनैनिस्किस में यह सम्मेलन 16 जून से 17 जून तक चलेगा। यह जी-7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री की लगातार छठी बार भागीदारी है।

### कनाडा चाहता है संबंधों में सुधार

जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए मोदी को कार्नी द्वारा दिया गया आमंत्रण, नई सरकार की भारत के साथ संबंधों को सुधारने की मंशा का संकेत है जो खालिस्तानी समर्थक अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद सबसे खराब स्थिति में पहुंच गए थे। पिछले साल अक्टूबर में भारत ने अपने उच्चायुक्त और पांच अन्य राजनयिकों को वापस बुला लिया था।

## बंदूक तानकर फिल्म देखने से नहीं रोक सकते

### कमल हासन फिल्म विवाद : सुप्रीम कोर्ट की कर्नाटक सरकार को फटकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- कहा- भीड़ को सड़कों पर कब्जे की अनुमति नहीं दी जा सकती, ठग लाइफ की रिलीज करें सुनिश्चित



उच्चतम न्यायालय ने अभिनेता कमल हासन की फिल्म ठग लाइफ को राज्य के सिनेमाघरों में प्रदर्शित नहीं किए जाने को लेकर कर्नाटक सरकार को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि भीड़ और नैतिकता के तथाकथित पहरेदारों को सड़कों पर हंगामा करने इजाजत नहीं दी जा सकती।

न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कहा कि कानून का शासन स्थापित किया जाना चाहिए और लोगों को फिल्म देखने से रोकने के लिए उनके सिर पर बंदूक नहीं तानी जा सकती। न्यायमूर्ति भुइयां ने कर्नाटक सरकार के वकील से कहा, हम भीड़ और नैतिकता के तथाकथित पहरेदारों को सड़कों पर कब्जा करने की इजाजत नहीं दे सकते। कानून का शासन कायम रहना चाहिए। हम ऐसा नहीं होने दे सकते। अगर किसी ने कोई बयान दिया है, तो उसका जवाब बयान से दीजिए। अगर किसी ने कुछ लिखा है, तो आप उसका जवाब कुछ लिखकर दे सकते हैं। उन्होंने वकील को 18 जून तक मामले पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि भले ही फिल्म प्रदर्शित होने पर लोग इसे न देखें, लेकिन उन्हें इस डर में नहीं रखा जा सकता कि सिनेमाघर जला दिए जाएंगे। कर्नाटक में फिल्म प्रदर्शित न किए जाने को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ता एम महेश रेड्डी की ओर से पेश हुए अधिवक्ता ए वेलम ने कहा कि राज्य ने धमकी देने वालों के खिलाफ शिकायत दर्ज नहीं की है। न्यायमूर्ति मनमोहन ने कहा कि कानून के शासन के मुताबिक, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से प्रमाण पत्र प्राप्त कर चुकी कोई भी फिल्म अवश्य रिलीज होनी चाहिए और राज्य को इसकी स्क्रीनिंग सुनिश्चित करनी चाहिए।

## महाराष्ट्र में आपातकाल के दौरान जेल जाने वालों की मानदेय राशि दोगुनी की गई

- फडणवीस कैबिनेट का फैसला, गौरव योजना में इन बदलावों को मंजूरी दी गई

**मुंबई।** महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने मंगलवार को आपातकाल के दौरान राज्य की जेलों में बंद किए गए लोगों को दी जाने वाली मानदेय राशि को दोगुना करने को मंजूरी दे दी। मंत्रिमंडल ने जेल में बंद रहे व्यक्ति के पति/पत्नी का नाम भी लाभार्थी के रूप में जोड़ने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में चल रही गौरव योजना में इन बदलावों को मंजूरी दी गई। वर्तमान में इस योजना के तहत दिए जाने वाले लाभों के अंतर्गत, आपातकाल (1975-1977) के दौरान एक महीने के लिए जेल में बंद लोगों को 5,000 रुपये मासिक पेंशन मिलती है, जबकि इससे अधिक अवधि के लिए जेल में बंद लोगों को 10,000 रुपये प्रति माह मिलते हैं। मंत्रिमंडल के निर्णय के अनुसार यह राशि दोगुनी कर दी जाएगी।

## बारिश, वज्रपात और आंधी की चेतावनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आगामी दिनों में तेज हवा चलने के साथ बारिश व वज्रपात का अलर्ट
- प्रदेश में 19 से 21 जून के बीच मूसलाधार बारिश की संभावना



**अमृत विचार:** मानसून के प्रवेश से पहले प्रदेश में बारिश और बिजली-आंधी की चेतावनी मौसम विभाग ने जारी की है। आने वाले दिनों में तेज हवा चलने के साथ बारिश और वज्रपात का अलर्ट है। वहीं, प्रदेश में 19 से 21 जून के बीच भारी बारिश होने की संभावना भी बताई गई है।

मौसम विभाग के मुताबिक, 18 जून को उप्र. में मानसून का प्रवेश होगा। फिलहाल राज्य के कई जिलों में प्री मानसून की बारिश हो रही है। इस बीच प्रदेश के कुछ जिलों में बारिश का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। इनमें कानपुर, उन्नाव, मैनपुरी, कासगंज, बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, फिरोजाबाद, एटा, बस्ती, अंबेडकरनगर, सुल्तानपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, आगरा, मथुरा, हाथरस, गोरखपुर, औरैया, आजमगढ़, कन्नौज, इटावा, अमेठी, बहराइच, गोंडा, मऊ, सहारनपुर जिले शामिल हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, पूर्वी उप्र. के कई जिलों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज रफ्तार से हवा चलेगी, भारी बारिश हो सकती है।

### स्थानीय प्रशासन को सतर्क रहने को कहा

मुख्य सचिव मनोज सिंह ने मानसून के पहले बाढ़ को लेकर संवेदनशील जिलों में तैनात एजेंसियों और स्थानीय प्रशासन को सतर्क रहने को कहा है। उन्होंने कहा कि नदियों के जलस्तर, वर्षा की मात्रा और मौसम विभाग के पूर्वानुमानों पर निरंतर निगरानी रखी जाए। जिन जिलों में बाढ़ का खतरा अधिक है, वहां राहत शिविरों की स्थापना, नावों की व्यवस्था, पीने के पानी, चिकित्सा सुविधाओं की तैयारी पूरी कर ली जाए।

## एअर इंडिया की 7 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द

मुंबई, एजेंसी



- सैन फ्रांसिस्को मुंबई उड़ान में तकनीकी गड़बड़ी के कारण यात्रियों को बीच में ही विमान से उतरना पड़ा

एअर इंडिया ने मंगलवार को विभिन्न कारणों और अपने विमान बेड़े की बढ़ी हुई जांच के चलते लंदन-अमृतसर और दिल्ली-दुबई समेत सात अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दीं। विमानन कंपनी के अनुसार, रद्द की गई एअर इंडिया की अन्य उड़ानें बेंगलुरु-लंदन, दिल्ली-वियना, दिल्ली-पेरिस और मुंबई-सैन फ्रांसिस्को हैं। इससे पहले, दिन में एअर इंडिया ने विमान की अनुपलब्धता के कारण अहमदाबाद-लंदन गैटविक उड़ान रद्द कर दी थी।

मंगलवार को विभिन्न कारणों से लंदन और पेरिस के लिए इसकी उड़ानें रद्द की गईं। सैन फ्रांसिस्को-मुंबई उड़ान में तकनीकी गड़बड़ी के कारण यात्रियों को बीच में ही विमान से उतरना पड़ा। विमानन कंपनी ने कहा कि उड़ान से पहले जांच के दौरान कुछ समस्याएं पाए जाने के बाद एअर इंडिया ने दिल्ली-पेरिस उड़ान रद्द कर दी, जबकि विमान की अनुपलब्धता के कारण अहमदाबाद-लंदन उड़ान रद्द की गई। इसके अलावा, एअर इंडिया ने अपनी सैन फ्रांसिस्को-मुंबई उड़ान के एक इंजन में तकनीकी खराबी आने के कारण मंगलवार सुबह इसे कोलकाता में निर्धारित ठहराव पर ही समाप्त कर दिया। सेवा में यह व्यवधान ऐसे समय में हुआ है जब अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि 12 जून को लंदन जा रही एअर इंडिया की उड़ान अहमदाबाद से रवाना होने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त क्यों हो गई थी। वहीं, अहमदाबाद से लंदन के गैटविक हवाई अड्डे तक जाने वाली एआई-159 उड़ान रद्द कर दी गई है। विमान को सरदार वल्लभभाई पटेल हवाई अड्डे से अपराह्न तीन बजे उड़ान भरनी थी।

## अब प्रदेश की 57691 ग्राम पंचायतों में होगा चुनाव

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए पंचायती राज निदेशालय ने राज्य निर्वाचन आयोग को भेजी रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 503 ग्राम प्रधान समेत ग्राम पंचायत सदस्य, बीडीसी और जिला पंचायत सदस्यों की संख्या भी घटी




**अमृत विचार:** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए पंचायती राज निदेशालय ने मतदान में हिस्सा लेने वाले गांवों की तस्वीर साफ कर दी है। वर्ष 2021 के चुनाव में 58,194 ग्राम पंचायतें थीं, अगले साल होने वाले चुनाव में अब 57,691 ग्राम पंचायतों से ही मतदान होगा।

नगरीय इलाकों के विस्तार से 503 ग्राम प्रधान समेत ग्राम पंचायत सदस्य, बीडीसी व जिला पंचायत सदस्य पदों की संख्या भी घट गई है। हालांकि ब्लाक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष पदों की संख्या यथावत है। राज्य निर्वाचन आयोग ने अगले वर्ष 2026 में त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव कराने को लेकर पंचायती राज विभाग से ग्राम पंचायतों की परिसीमन रिपोर्ट मांगी थी। पिछले आम चुनाव वर्ष 2021 में 58,194 ग्राम पंचायतों से प्रधान, 7,31,813 ग्राम पंचायत सदस्य, 75,808 क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) और 3,051 जिला पंचायत सदस्य (महा प्रधान) चुने गए थे। बाद में संबंधित ब्लाकों के बीडीसी ने 826 ब्लाक प्रमुख और महा प्रधानों ने अपने-अपने जिले के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव किया था। हांलाकि इन दोनों पदों पर राज्य के सत्ताधारी दल ने विपक्ष को करारी मात दी थी। तब धन और बाहुबल से चुनाव प्रभावित करने को लेकर खूब आरोप-प्रत्यारोप भी सुर्खियां बने थे। इसबार भी भाजपा से सपा की सीधी लड़ाई के आसार हैं। इसबार 57,691 ग्राम प्रधान, 826 ब्लॉक प्रमुख, 3200 जिला पंचायत सदस्य और 75 जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए चुनाव होने हैं।

### पुनरीक्षण की तैयारी

राज्य निर्वाचन आयोग ने जिलाधिकारियों को त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव-2026 के मद्देनजर निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण के निर्देश दिए हैं। 78 पेज की पुस्तिका में राज्य निर्वाचन आयुक्त राज प्रताप सिंह ने अधिकारियों के दायित्व, से लेकर अंतिम प्रकाशन और बीएलओ एप संचालित करने के दिशा-निर्देश दिए हैं।

### अप्रैल-मई में मतदान

पंचायत चुनाव में मतदान व गणना वर्ष 2021 में अप्रैल-मई में पूरे किए थे। इसबार भी अगले वर्ष इन्हीं तिथियों के आस-पास समय से चुनाव पूरा करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। पंचायती राज विभाग ने निर्देश दिए हैं कि वे तैयारियों को समयबद्ध पूरा करें, ताकि अप्रैल 2026 में मतदान प्रक्रिया संपन्न हो सके।

## एक नजर

### बगैर अनुमति तालाब में खोदा गड्ढा, ईओ से शिकायत

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** नगर पंचायत खिरौनी सुचित्तागंज के वार्ड संख्या छह के निवासी धीरज तिवारी के घर के पास स्थित तालाब की भूमि पर बिना किसी अनुमति नगर पंचायत की जेसीबी से गड्ढा खोदकर तालाब के बगल बने शौचालय को छति ग्रस्त कर दिया गया। धीरज ने अधिशासी अधिकारी से शिकायत कर जेसीबी चालक के खिलाफ कार्रवपाई की मांग की है।

### सेवरा व महावन को मिला एनक्यूएएस प्रमाम पत्र

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले के दो आयुष्मान आरोग्य मंदिर को एनक्यूएएस प्रमाण पत्र मिला है। इसमें सेवरा और महावन शामिल हैं। इनका 6 जून को असेस्मेंट हुआ था। सेवरा को 83 .94 प्रतिशत व महावन को 86 .85 प्रतिशत स्कोर मिला था। सीएमओ डॉ. सुशील कुमार में खुशी जाहिर की है। उन्होंने बताया कि अब तक कुल 33 आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र को भारत सरकार यह प्रमाण पत्र मिला है।

# रामपथ पर बने फुटपाथ पर सरकारी तंत्रों का कब्जा

**कहीं लगा दिए बिजली के बॉक्स तो कहीं खड़ा कर रहे खंभा**

अयोध्या कार्यालय


सब्जी मंडी चौराहे के पास बने फुटपाथ पर लगा बिजली बॉक्स और पोल लगाने की तैयारी।

**अमृत विचार :** रामनगरी में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रामपथ पर फुटपाथ का निर्माण किया गया है। जिस पर सरकारी विभागों ने मन मुताबिक कब्जा कर लिया है। कहीं पॉवर कॉर्पोरेशन द्वारा बिजली के बॉक्स लगा दिए गए तो कहीं खंभे खड़े करने की तैयारी शुरू हो गई है। इसको लेकर स्थानीय व्यापारियों में भी नाराजगी है। उनके मुताबिक नगर निगम के प्रवर्तन दल की टीम फुटपाथ पर एक भी सामान रखे जाते ही चालान कर रही है, लेकिन विभागों के द्वारा इस तरह से किया जा रहे अतिक्रमण शायद ही किसी को दिखाई दे रहा है।

अयोध्या में नया घाट से लेकर सहादतगंज तक 13 किलोमीटर लंबे रामपथ का निर्माण किया गया है। इसमें लता मंगेशकर चौराहे से लेकर टेढ़ी बाजार चौराहे तक लगभग दो किलोमीटर श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था को देखते हुए विभिन्न सुविधाओं को तैयार किया गया है। जिससे श्रद्धालु सरलता से पथ पर पैदल चलकर आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंच सकें।जिसको देखते हुए सड़क के दोनों किनारे बने फुटपाथ को भी खाली रखे जाने के लिए नगर निगम का प्रवर्तन दल भ्रमण कर रहा है। अयोध्या के श्रृंगार घाट मुख्य बाजार के पास सब्जी मंडी चौराहे पर बने फुटपाथ पर जहां एक तरफ पहले पॉवर कॉर्पोरेशन द्वारा बीचो-बीच बिजली के बॉक्स लगा दिए वहीं अब खंभा खड़ा करने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

दीपक चौरसिया ने बताया कि फुटपाथ के बीच इस तरह से खंभा खड़ा कर देना या पॉवर कॉर्पोरेशन द्वारा बिजली के बॉक्स लगाया जाना लोगों के लिए परेशानी का सबब बनेगा। व्यापारी नेता नंद कुमार गुप्ता ने कहा कि फुटपाथ के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। अब दुकान के सामने फुटपाथ पर ही विभाग तरह-तरह के योजनाओं को लाकर खड़ा करता है। जिससे न केवल व्यापारियों को दिक्कत हो रही है बल्कि आने वाली श्रद्धालुओं के लिए बड़ी समस्या बन रही है। श्रृंगारघाट सबसे व्यस्ततम क्षेत्र है। इस पर प्रशासन के अधिकारियों को भी देखना चाहिए।

> सरकारी विभाग बिना अनुमति के कोई काम नहीं कर सकता। मौके पर जांच कर संबंधित विभाग को नोटिस देकर जवाब मांगा जाएगा। **-सुमित कुमार, अपर नगर आयुक्त।**

# किसी का नहीं होगा नुकसान, प्रभावितों का किया जाएगा पुनर्वास : वेद प्रकाश

अयोध्या कार्यालय।


चौक में प्रभावित लोगों से बातचीत करते नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता।

- **नगर विधायक बोले- अधिकारियों के साथ चौक शॉपिंग कॉम्पलेक्स के प्रभावितों से मिले**
- **कहा-निर्माण अवधि में नहीं रुकेगा व्यापार, 110 अस्थायी दुकानों में होगा दुकानदारों का पुनर्वास**

**अमृत विचार :** चौक में प्रस्तावित शॉपिंग कॉम्पलेक्स बनने के प्रभावितों से विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने मंगलवार को अधिकारियों के साथ मुलाकात की। उन्होंने सभी को भरोसा दिलाया कि किसी का नुकसान नही होगा। जिनकी दुकान या मकान गिराया गया है। उनका व्यवस्थित पुनर्वास किया जाएगा। उन्होंने कॉम्पलेक्स के ले-आउट को देखा तथा अधिकारियों को निर्देशित किया।

विधायक ने बताया कि शॉपिंग काम्पलेक्स बनने में प्रभावित लोगों को सूचीबद्ध कर लिया गया है। जिनके मकान गए हैं उन्हें पीएम आवास योजना व सीएम आवास योजना के तहत मकान दिया जाएगा। उसी स्थल पर कॉम्पलेक्स के निर्माण होने तक 110 अस्थाई दुकानें बनाई जाएंगी। जिन्हें प्रभावित दुकानदारों को दिया जाएगा। जिससे उनका व्यापार निर्बाध रूप से चलता रहे। उन्होंने कहा कि चौक बाजार क्षेत्र में प्रस्तावित यह परियोजना शहर की ट्रैफिक व्यवस्था, शहरी स्वरूप और व्यवसायिक विकास को एक नई दिशा देगी। योजना के अनुसार, यहां दो पहिया व चार पहिया वाहनों के लिए अत्याधुनिक पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यह आधुनिक कॉम्प्लेक्स न केवल स्थानीय व्यापारियों के लिए नए व्यापारिक अवसर खोलेगा। इसके बन जाने से चौक में पार्किंग समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा। मौके पर एसडीएम सदर, सचिव अयोध्या विकास प्राधिकरण, नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

# जलभराव की समस्या दूर करने को कौशलपुरी में बनेगा नाला

अयोध्या कार्यालय


कौशलपुरी कॉलोनी में निरीक्षण करते नगर आयुक्त, एडीए उपाध्यक्ष व अन्य।

- **नगर आयुक्त व एडीए उपाध्यक्ष ने निरीक्षण कर दिए निर्देश**

**अमृत विचार:** कौशलपुरी कॉलोनी में जल निकासी की उचित व्यवस्था की मांग को लेकर कई बार शिकायती पत्र देने का नगर निगम और विकास प्राधिकरण प्रशासन ने संज्ञान लिया है। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार व विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अश्विनी पांडेय ने मंगलवार को मौके पर निरीक्षण किया। कौशलपुरी कॉलोनी से जल निकासी के लिए नया नाला बनाने, मौजूद समय की परेशानी को दूर करने के लिए पंपिंग सेट से पानी निकासी की व्यवस्था तथा नाला नालियों के साथ पानी के निकासी के रास्ते को साफ करने का निर्देश नगर आयुक्त ने टीम को दिया।

कॉलोनी निवासी हरिकिशन, पूर्व प्रधान शंकरजीत यादव,अमित दिवाकर,सचिन,राम सुरेश आदि ने जल निकासी की समस्या से मंडलायुक्त से अवगत कराया था। जिसके बाद नगर निगम, विकास प्राधिकरण, रेलवे विभाग व नेशनल हाईवे की संयुक्त टीम बनाकर जल निकासी की समस्या को दूर करने के लिए निर्देशित किया था।

नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार और प्राधिकरण उपाध्यक्ष अश्विनी पांडेय व अन्य अधिकारी जिंगल बेल रेलवे क्रॉसिंग,अब्बू सराय रेलवे व एनएच 27 क्रॉसिंग पर स्थलीय निरीक्षण किया। अब्बू सराय रेलवे क्रॉसिंग से जिंगल बेल रेलवे क्रॉसिंग तक पटरी किनारे बने अस्थाई नाले का भी निरीक्षण कर सफाई का निर्देश दिया।

# बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट कर्मचारी इधर से उधर

अयोध्या कार्यालय

- **एक पद पर तीन साल बीतने के बाद किए गए तबादले**

**अमृत विचार:** जिला मजिस्ट्रेट ने कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों में बड़े पैमाने पर फेरबदल किया है। कर्मचारियों को एक पद से दूसरे पर या एक तहसील से दूसरी तहसील भेजा गया है। स्थानांतरण कर्मचारियों की तीन साल का कार्यकाल पूरा होने पर किया गया है। इसे तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।

कुल 25 कर्मचारियों के तबादले किए गए। उप जिलाधिकारी सदर के आशुलिपिक हरिओम चौरसिया को आशुलिपिक मुख्य राजस्व अधिकारी, मुख्य राजस्व अधिकारी के आशुलिपिक मो. शाहिद अंसारी को उनके स्थान पर भेजा गया है। अधिष्ठान लिपिक कलेक्ट्रेट मेहंदी हसन को वासिल वाकी नवीस तहसील बीकापुर और उनके स्थान पर दीनानाथ मिश्र को अधिष्ठान लिपिक कलेक्ट्रेट बनाया गया। नाजिर कलेक्ट्रेट रन बहादुर सिंह को न्याय सहायक संबद्ध नाजिर कलेक्ट्रेट, आंग्ल अभिलेखपाल प्रीति श्रीवास्तव को स्थानीय निकाय लिपिक प्रथम संबद्ध आंग्ल लिपिक, न्याय सहायक राजकपूर को नाजिर की संबद्धता न्याय सहायक पद से रहेगी। स्थानीय लिपिक प्रथम विजय कुमार आंग्ल अभिलेखपाल के साथ स्थानीय निकाय लिपिक (प्रथम) पद पर बने रहेंगे। पेशकार, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राजकमल श्रीवास्तव को सहायक मुख्य राजस्व लेखाकार उमाशंकर पाल के स्थान पर, पेशकार तहसीलदार सदर विक्रम सिंह को नायब नाजिर तहसील सोहावल, अपने कार्य के साथ एसडीएम न्यायिक सोहावल के पेशकार का दायित्व भी संभालेंगे। स्थानीय निकाय लिपिक (द्वितीय) प्रियंक तिवारी की प्रतिलिपिक राजस्व अभिलेखागार के साथ संबद्धता स्थानीय निकाय (द्वितीय) पद पर बनी रहेगी। सहायक आंग्ल अभिलेख रेखा रानी विश्वकर्मा को नायब नाजिर कलेक्ट्रेट, राजस्व अभिलेखपाल अरेंजर अशोक सोनकर को सहायक आंग्ल अभिलेखपाल, उप जिलाधिकारी रुदौली के पेशकार मो. मैफूज को अरेंजर बीकापुर राजस्व अभिलेखपाल, नायब नाजिर रवींद्र कुमार चौधरी पेशकार तहसीलदार (सदर), नायब नाजिर सोहावल, अंजनी कुमार को पेशकार उपजिलाधिकारी रुदौली, सहायक मुख्य राजस्व लेखाकार विनोद कुमार को राजस्व लिपिक, न्यायालय अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), टंकक तहसील बीकापुर कमल नयन सिंह को अहलमद, फौजदारी न्यायालय उपजिलाधिकारी बीकापुर, प्रतिपालक राजस्व अभिलेखागार रितेश सोनकर को कनिष्ठ लिपिक सीलिंग संबद्ध जनसूचना संबंधी कार्य, कनिष्ठ लिपिक सीलिंग संबद्ध जनसूचना संदीप कुमार पांडेय को प्रतिलिपिक, राजस्व अभिलेखागार संबद्ध वीडर आंग्ल अभिलेखपाल, प्रतिलिपिक राजस्व अभिलेखागार अंशिका सिंह को टंकक भूलेख संबद्ध सहायक न्यायिक अभिलेखपाल, सहायक न्यायिक अभिलेखपाल नन्हें सिंह को प्रतिपालक, राजस्व अभिलेखागार अंशिका सिंह के स्थान पर, वीडर आंग्ल अभिलेखपाल मंजू चंद्रा को टंकक संयुक्त कार्यालय, प्रतिलिपिक राजस्व अभिलेखागार अंशु चौरसिया को वीडर आंग्ल अभिलेखपाल संबंद्धता न्यायालय अपर जिलाधिकारी (नगर) पद पर रहेगी।

## सार-संक्षेप


मेधा ऋषि आश्रम का निरीक्षण करते विधायक रामचंद्र यादव व अन्य।

### विधायक ने ठेकेदारों पर जताई नाराजगी

**मवई, (अयोध्या)। अमृत विचार :** अयोध्या से 55 किलोमीटर दूर सुनवा के घने जंगलों में स्थित मेधा ऋषि आश्रम का जीर्णोद्धार कार्य चल रहा है। रूदौली विधायक रामचंद्र यादव ने मंगलवार को कामाख्या धाम स्थित मेधामुनि आश्रम का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य में देरी को लेकर कार्यदायी संस्था के ठेकेदारों पर नाराजगी जताई। पर्यटन विभाग की ओर से इस आश्रम के सौंदर्यीकरण और निर्माण कार्य पर दो करोड़ से अधिक रुपये खर्च किए जा रहे हैं। निर्माण कार्य में यज्ञशाला, रैन बसेरा, पार्क और मुख्य द्वार का निर्माण शामिल है।

### अंकित संगठन मंत्री और डॉ. नागेंद्र विभाग प्रमुख बने


डॉ. नागेंद्र


अंकित

**अयोध्या, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का तीन दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग गोंडा में हुआ। इसमें अयोध्या महानगर विभाग की कार्यकारिणी गठित हुई। कार्यकारिणी में विभाग संगठन मंत्री अंकित भारतीय को पुन: विभाग संगठन मंत्री, डॉ. नागेंद्र सिंह को विभाग प्रमुख ,शशांक विद्यार्थी व श्रेया शुक्ला को विभाग छात्र-छात्रा कार्य प्रमुख बनाया गया। महानगर संयोजक रहे प्रियांशु तिवारी को अयोध्या पूरब जिले का जिला संयोजक और अवध विश्वविद्यालय इकाई के मंत्री दिवाकर चौरसिया को पश्चिम जिले का जिला संयोजक बनाया गया है। साकेत महाविद्यालय के डॉ. संतोष सरोज को अयोध्या पूरब जिले का जिला प्रमुख व मनूचा गर्ल्स डिग्री कॉलेज की डॉ. अरुणा शुक्ला अयोध्या पश्चिम जिले का जिला प्रमुख बनाया गया है।

### प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा संकट में देता है आर्थिक मजबूती


शांतिपुर शाखा में बीमाधारक की पत्नी को चेक प्रदान करते शाखा प्रबंधक व अन्य।

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा शांतिपुर के शाखा प्रबंधक ने मंगलवार को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा के तहत बीमा धारक की सामान्य मृत्यु के बाद बीमा धारक की पत्नी को दो लाख रुपये का चेक प्रदान किया। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा शांतिपुर के शाखा प्रबंधक अब्दुल मनी सत्तार ने बताया कि अलावलपुर गांव निवासी सुशील कुमार का शाखा में बचत खाता चल रहा था। बीते दिनों सुशील कुमार का सामान्य मौत हो गई, जिनका उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक संबंध शाखा ग्राहक सेवा केंद्र शांतिपुर कोड़री चौराहा के संचालक प्रमोद कुमार पांडे ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बीमा किया था। सुशील कुमार की सामान्य मृत्यु हो जाने के बाद उनके उत्तराधिकारी उनकी पत्नी मंजू देवी को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो लाख रुपए का चेक सोपा गया। बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना संकट के समय में परिवार को आर्थिक सहयोग मिल जाता है। मौके पर उप शाखा प्रबंधक शैलेंद्र कुमार, नीता चौधरी, कैशियर गुंजा पांडेय, बलराम मौर्य, ग्राहक सेवा केंद्र शांतिपुर के संचालक प्रमोद कुमार पांडेय, सुभाष वर्मा, बृज बिहारी पांडेय, हर्षित पांडेय सहित बैंक कर्मी मौजूद रहे।

### गाजा पर बमबारी रोकने के लिए राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन


तहसीलदार सदर को ज्ञापन सौंपते वामदल के कार्यकर्ता।

**अयोध्या कार्यालय अमृत विचार :** वामदलों के राष्ट्रीय आह्वान पर मंगलवार को इजराइल से गाजा पर की जा रही बमबारी पर रोक लगाने की मांग को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार सदर को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि दो साल से इजराइल की बमबारी और सैन्य हमलों में गाजा की जरूरी बुनियादी संरचनाएं, अस्पताल, स्कूल और शरणार्थी शिविरों को निशाना बनाया गया है। गाजा की जनता को एक अभूतपूर्व मानवीय तबाही की ओर धकेल दिया गया है। इजराइल ने गाजा में राहत सामग्री का प्रवेश तक रोक दिया। यह चिंताजनक है कि भारत सरकार ने फिलिस्तीनी जनता के साथ मजबूती से खड़े होने के बजाय हमलावर इजराइल के प्रति लगातार चुप्पी और तुष्टिकरण का रुख अपना लिया है। इस मौके पर अशोक कुमार तिवारी, अशोक यादव, अतीक अहमद, राम भरोस, रामजी राम यादव, ओम प्रकाश यादव, मयाराम वर्मा, राजेश वर्मा, राम सिंह, यशोदा नन्दन कृष्ण, शीला गौतम आदि मौजूद रहे।

### ज्वलनशील पदार्थ छिड़ककर युवती ने लगाई आग, रेफर

**अयोध्या, अमृत विचार :** राम जन्मभूमि थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने मंगलवार को अपने घर में खुद पर ज्वलशील पदार्थ छिड़क कर आग लगा ली। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भिजवाया। हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अयोध्या आशुतोष तिवारी ने बताया कि सोमवार को युवती घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उसे खोजकर परिजनों को सौंप दिया था, लेकिन परिजनों ने रिपोर्ट नहीं दर्ज कराई थी। युवती ने मंगलवार को अपने ऊपर घर में ही ज्वलनशील पदार्थ छिड़ककर आग लगा ली। उसे जिला अस्पताल से गंभीर हालत में लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया है।

## कई निर्माण परियोजनाओं ने लुढ़का दी जिले की रैंकिंग

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** जिले के कई विभागों की निर्माण और कार्य वाली परियोजनाओं ने जिले की रैंकिंग को लुढ़का दिया। सीएम डैश बोर्ड की रैंकिंग में टॉप टू पर रहने वाला जिला 44 वें नंबर पर पहुंच गया। अब विभाग इस पर मंथन कर रहे हैं। 19 जून को जिलाधिकारी सीएम डैश बोर्ड के आधार पर समीक्षा करने वाले हैं।

- **सीएम डैश बोर्ड पर टॉप टू से 44वें नंबर पर पहुंच गया जिला**

सीएम डैश बोर्ड पर अप्रैल की रैंकिंग में जिला दो नंबर पर पहुंच गया था। मई की रैंकिंग जारी हुई तो राजस्व और विकास को मिलाकर जिला 44 वीं पायदान पर बताया गया। इतनी लंबी गिरावट के बाद हलचल स्वाभाविक है। अब इनके कारण पर मंथन हो रहा है। सूत्रों की मानें तो कई विभागों को मिले अंकों ने इसे प्रभावित किया। मसलन पीएम सूर्य घर बिजली योजना में जिले को डी श्रेणी मिली। बिल आपूर्ति में शहरी और देहात क्षेत्र में क्रमशः शून्य और एक अंक मिला। हालांकि कॉरपोरेशन की कई परियोजनाओं में कुछ में बेहतर प्रदर्शन भी रहा। एनआरएलएम, 15 वें वित्त आयोग, पांचवें वित्त आयोद बैसिक शिक्षा के निपुण, एमडीएम, नई सड़क उद्योग के टूल किट जैसे कार्यों और परियोजनाओं में सी और डी की श्रेणी के साथ बी तक मिला। ऐसे में ए श्रेणी के अभाव में जिले की रैंकिंग धड़ाम हो गई। सूत्रों के मुताबिक डीएम मंगलवार को कई विभागों के कार्यों की समीक्षा जूम मीटिंग के जरिए की है। विभागों में इस स्थिति को स्पष्ट करने को लेकर मंथन चल रहा है।

# गुणवत्ता के साथ समय में पूरा कराएं कार्य : डीएम


निर्माणधीन पंपिंग स्टेशन का निरीक्षण करते जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे। अमृत विचार

सोहावल (अयोध्या) कार्यालय।

- **पंपिंग स्टेशन, मां कामाख्या धाम और निर्माणाधीन आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण**

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने मंगलवार को सोहावल में निर्माणाधीन पंपिंग स्टेशन रामनगर धौरहरा, मां कामाख्या धाम रुदौली और आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज हुनहुना का स्थलीय निरीक्षण किया।

निर्माणधीन पंपिंग स्टेशन के निरीक्षण में अधिशासी अभियन्ता बाढ़ कार्य खंड से जानकारी ली। निर्देश दिया कि निर्माण कार्य को गुणवत्तापरक और समयबद्ध कार्य को पूरा कराएं। इसके बाद नगर पंचायत मां कामाख्या धाम पहुंचे। यहां पूजा-अर्चना की और घाट का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिया कि घाट की स्वच्छता बनाए रखने और हर 15 दिन में साफ-सफाई सुनिश्चित कराएं। घाट की सीढ़ियों, जल स्तर, सुरक्षा बैरिकेडिंग और लाइटिंग व्यवस्था की जानकारी ली। इसके बाद बारात घर में पौधा रोपित किया। अधिक से अधिक पौधे लगाने व उनके संरक्षण का संदेश दिया। आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज हुनहुना मवई में बाउंड्री, बिजली कनेक्शन व गेट के बारे में जानकारी ली। शीघ्र क्रियाशील कराने के निर्देश दिया।

निरीक्षण में एसडीएम रुदौली अशोक कुमार सैनी, सीओ रुदौली आशीष निगम, नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ला, अधिशासी अधिकारी निखिलेश मिश्रा सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## नए विषयों के साथ इग्नू की प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर में संचालित इग्नू अध्ययन केंद्र द्वारा जुलाई 2025 सत्र की कुछ नए विषयों के साथ प्रवेश प्रक्रिया आरम्भ कर दी गई। अवध विश्वविद्यालय इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने बताया कि इग्नू ने ओडीएल मोड तथा ऑनलाइन मोड में लगभग 280 से अधिक कार्यक्रमों में प्रवेश की अधिसूचना जारी की है। इच्छुक अभ्यर्थी इग्नू की वेब साइट https://www-ignou-ac-in लिंक के माध्यम से ओडीएल मोड व https://ignou-samarth-edu-in के माध्यम से ऑनलाइन मोड में 15 जुलाई तक प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते है। इग्नू लखनऊ क्षेत्रीय कार्यालय के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि इस सत्र में छात्रों को रोजगारोन्मुख और नवाचार आधारित कार्यक्रमों का लाभ मिलेगा।

**छलका दर्द** — मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर धरने के 57वें दिन कर्मियों ने बताई अपनी तकलीफें

# बच्चों की फीस तो कोई पिता का नहीं करा पा रहा इलाज

अयोध्या कार्यालय


मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर धरना देते निविदा संविदा कर्मचारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** विद्युत मजदूर पंचायत के तत्वाधान में 57 दिनों से मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर धरना दे रहे निविदा संविदा कर्मियों का दर्द मंगलवार को छलक पड़ा। हटाए गए कर्मियों में से कोई बच्चों की फीस नहीं दे पा रहा है तो कोई अपने बीमार पिता का इलाज नहीं करा पा रहा है। ऐसे करीब 940 निविदा संविदा कर्मियों के परिवार आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। इसके चलते बुधवार से भिक्षाटन अभियान शुरू करने जा रहे हैं। अभियान की स्वीकृति के लिए प्रदेश नेतृत्व को पत्र भेजा गया है।

रसूलाबाद के संविदा कर्मी वीपी सिंह ने बताया कि मानसिक तनाव और आर्थिक संकट के कारण जीवन यापन करने की सबसे बड़ी समस्या समस्या है। पिता का इलाज नहीं करा पा रहे हैं। पूराबाजार के संविदा कर्मी सुरेश सिंह ने कहा नौकरी जाने से जीवन संकट में पड़ गया है। बच्चों की फीस और बूढ़े माता पिता की दवा नहीं हो पा रही है। सिविल लाइंस उपकेंद्र के रवि गौड़ ने बताया पिता को लकवा मार गया है। वेतन न मिलने से उनका इलाज कराने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। देवकाली उपकेंद्र के राजेंद्र कुमार ने कहा वेतन न मिलने के वजह से पूरा परिवार भुखमरी की कगार पर पहुंच गया है। रुदौली उपकेंद्र के विजय कुमार ने कहा कि वेतन न मिलने से परिवार की अर्थव्यवस्था बिगड़ गई है। रानीबाजार के प्रदीप कुमार ने बताया कि स्थिति बहुत ही खराब है, घर का खर्च नहीं चल पा रहा है। अंकित सिंह ने कहा कि मुख्य अभियंता ने बिना किसी नोटिस और बिना वेतन भुगतान के हटा कर हम लोगों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। चौक उपकेंद्र के उमेश चंद्र, निर्मोचन घाट अयोध्या के कर्मी रवि शंकर, आफ़ताब, विनय मौर्या, अर्पण मिश्रा ने कहा मुख्य अभियंता ने निष्कासन कर भुखमरी की कगार पर खड़ा कर दिया है। धरने को प्रांतीय उपमंत्री रघुवंश मिश्रा, जिला अध्यक्ष जय गोविंद, प्राविधिक संघ के नेता विजय प्रताप सिंह ने संबोधित किया।

**भिक्षाटन अभियान आज से**

# खाली स्कूल परिसर में अब वेलनेस सेंटर होंगे संचालित

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले में 1,792 परिषदीय है। कुछ विद्यालयों में नामांकन कम होने की समस्या सामने आती है। शासन ने इसके लिए ऐसे विद्यालयों को समायोजित करने का निर्णय लिया। जिन विद्यालयों में नामांकन कम होगा, उन विद्यालयों को सूचीबद्ध किया जाएगा। नजदीक के अधिक नामांकन वाले इन्हें विद्यालय से अटैच कर दिया जाएगा। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। समायोजन के बाद जो विद्यालय भवन खाली होगा, उसको प्री प्राइमरी (को-लोकेटेड आंगनबाड़ी) के उपयोग में लाया जाएगा। अगर पहले से को-लोकेटेड आंगनवाड़ी केंद्र है, तो स्थानीय स्तर पर उस भवन को हेल्थ व वेलनेस सेंटर के प्रयोग में लाने के लिए दे दिया जाएगा।

**कम संख्या वाले स्कूलों में चलेगी बाल वाटिका**

समायोजन के बाद खाली स्कूल बंद नहीं होंगे। नई शिक्षा नीति में पूर्व प्राइमरी शिक्षा पर जोर दिया गया है। ऐसे में तीन से छह साल के बच्चों के लिए सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को बालवाटिका घोषित किया गया है। इसलिए संसाधनों के अधिकतम प्रयोग के दृष्टिगत शेष विद्यालयों का प्रयोग बाल वाटिका के रूप में किया जा सकेगा। इनको पास के प्राथमिक विद्यालयों का भाग माना जाएगा। यहां पर एक-एक ईसीसीई एजुकेटर तैनात करते हुए बच्चों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। 50 और 20 से कम नामांकन वाले विद्यालयों की जानकारी मांगी है।

> कम नामांकन वाले स्कूलों को चिह्नित किए जाने के बाद आवश्यकता अनुसार स्वास्थ्य विभाग और आंगनबाड़ी केंद्रों को दे दिया जाएगा। जहां बाल वाटिका और हेल्थ वेलनेस सेंटर संचालित किए जायेंगे। **-संतोष कुमार राय, बीएसए।**

卐 पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा 卐
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ... भी है। ...
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

## आज का मौसम

आगामी 24 घंटे में बादल छाए रहने व वर्षा होने की संभावना है।

37.5⁰ अधिकतम तापमान | 26.0⁰ न्यूनतम तापमान

## आज के कार्यक्रम



- अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर बैठक सुबह 11:00 बजे से।
- विधायक वेद प्रकाश गुप्ता की पत्रकार वार्ता सर्किट हाउस सभागार में सुबह 11.30 बजे से।
- ईरान की हिफाजत के लिए मोती मस्जिद मुगलपुरा में अमल ए आशूरा शाम 06:00 बजे से।

## विश्व योग दिवस पर संगोष्ठी 21 को

**अयोध्य, अमृत विचार :** अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद एवं गांधी ज्ञान मंदिर के संयुक्त तत्वावधान में 21 जून को गांधी ज्ञान मंदिर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। संगोष्ठी का विषय रामराज्य में अनासक्ति योग की भूमिका विषय निर्धारित किया गया है।

# एलआईयू, पुलिस और विभागीय जांच शुरू, डीएम से मिले सीएमओ

## ऑनलाइन पेमेंट लेने वाले गौतम पर एफआईआर, ब्लड बैंक के रिकॉर्ड में सोहावल के आकाश का नाम आया सामने




**खुफिया विभाग ने भी जुटाने शुरू किए तथ्य, अस्पताल के ब्लड बैंक समेत निजी डायग्नोस्टिक सेंटर भी राडॉर पर**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** लाल खून के काले धंधे से जुड़े गिरोह का खुलासा करने के लिए मामले में पहली एफआईआर दर्ज हो गई है। पीड़ित से खून के बदले ऑनलाइन सात हजार रुपये लेने वाले संदिग्ध आरोपी गौतम के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एलआईयू (खुफिया विभाग) अलर्ट हो गया और पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं ब्लड बैंक के स्टाफ की भूमिका को संदिग्ध मानते हुए अस्पताल प्रशासन ने भी तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर दी है। सीएमओ डॉ. सुशील कुमार ने डीएम निखिल टीकाराम फुंडे से मुलाकात कर उन्हें पूरे मामले से अवगत करा दिया है। उधर, ब्लड बैंक में अमृत विचार की टीम ने दस्तावेज खंगाले तो पता चला कि महिला अस्पताल में भर्ती रीना को खून सोहावल के आकाश रावत पुत्र राम सूरत ने दिया था।

जिला अस्पताल में सोमवार को सीएमओ डॉ. सुशील कुमार ने ही खून के काले कारोबार का खुलासा किया था। उन्होंने मवई के बरौली निवासी पीड़ित अरविंद से पूछताछ के बाद सीसीटीवी फुटेज को खंगाला था। इस दौरान जब अरविंद ने बताया था कि उसने आरोपी को ऑनलाइन भुगतान किया है तो उसे वाट्सएप पर चेक किया गया, जिसमें उसका मोबाइल नंबर और नाम सामने आ गया था। सीएमओ की ओर से सोमवार देर रात ही एसएसपी से बातचीत कर पीड़ित अरविंद के माध्यम से नगर कोतवाली में तहरीर दिलवाई थी। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है।




आरोपी गौतम | जिला अस्पताल का ब्लड बैंक। | अमृत विचार

### आकाश ने नहीं उठाया फोन

सीएमएस ऑफिस में बैठे ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. फुजैल अंसारी ने बताया कि उपरोक्त महिला को ब्लड देने के लिए कोई आकाश नाम का युवक आया था। ब्लड बैंक के रिकॉर्ड से पता चला कि रविवार को आकाश रावत ने दोपहर 02:30 बजे उसे ब्लड दिया था। उसने अपने आप को विद्यार्थी बताया था। वजन 70 किलो और हीमोग्लोबिन 16.8 एमजी था। रिकॉर्ड में दिए नंबर पर जब फोन किया गया तो उसने रिसीव हीं नहीं किया। यही नहीं उसे कई अन्य नंबरों से भी फोन किया गया था।

> गरीबों के साथ अन्याय नहीं होगा। खून के काले कारोबार से जुड़े मामले में एफआईआर करा दी गई है। इसके साथ ही जिलाधिकारी को अब तक के प्रकरण की जानकारी दी गई है। जिला अस्पताल के सीएमएस को जांच कराने के लिए पत्र लिखा जाएगा। **-डॉ. सुशील कुमार, सीएमओ**

> मामले में ब्लड बैंक के स्टाफ की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है। इसलिए डॉ. रमेश सिन्हा की अध्यक्षता में एमएस डॉ. अजय चौधरी व डॉ. कुलदीप चौधरी को शामिल करते जांच कमेटी का गठन कर दिया गया है। खुफिया विभाग की टीम भी पूछताछ कर रही है। **-डॉ. एके सिन्हा, सीएमएस, जिला अस्पताल।**

## ये पुरानी बीमारी का नया खुलासा है साहब...

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अयोध्या में काला धंधा दशकों से पनप रहा है। यह कोई नई नहीं बल्कि एक पुरानी बीमारी है जो समय-समय पर नए रूप में सामने आती है। जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में हाल ही में अवैध रक्त आपूर्ति के खुलासे ने एक बार फिर इस काले कारोबार की परतें खोल दी हैं। 2008 में भी ऐसा ही एक रैकेट पकड़ा गया था रिकाबगंज स्थित अलका टॉवर की छत पर। अब फिर वही गोरखधंधा सक्रिय हो उठा है। इसका जाल इतना पेचीदा है कि इसमें स्वास्थ्य विभाग के कुछ कर्मचारी, दलाल और निजी स्वास्थ्य संस्थान आपस में मिलकर काम करते हैं। यह धंधा इतना संगठित है कि इसमें रक्त की गुणवत्ता और सुरक्षा की भी अनदेखी करने की पूरी संभावना है। इस रैकेट की जड़ें गहरी हैं। दलाल गरीब और मजबूर लोगों को पैसे का लालच देकर रक्त दान के लिए लाते हैं। ये लोग अक्सर अस्वस्थ होते हैं, लेकिन रक्त की जांच में ढिलाई बरतकर इन्हें दानदाता बना दिया जाता है। इसके बाद रक्त को काले बाजार में ऊंचे दामों पर बेचा जाता है। इस पूरे खेल में मरीजों की जान दांव पर लगती है और गरीबों का शोषण होता है। इस बार खुलासे के बाद अस्पताल प्रशासन ने जांच के आदेश दिए हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या यह कार्रवाई रैकेट की जड़ तक पहुंच पाएगी? स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत और निगरानी की कमी इस धंधे को बढ़ावा देती है। जब तक इस सांठगांठ को तोड़ा नहीं जाएगा, यह काला कारोबार खत्म नहीं होगा।

**पहली बार 2008 में अलका टॉवर की छत पर पकड़ा गया था रैकेट**

## पिकअप चोरी में आरोपी को जमानत नहीं

**अयोध्या, अमृत विचार:** भाड़े के लिए पिकअप तय कर उसे चोरी कर लेने के मामले में आरोपी की जमानत अर्जी कोर्ट ने खारिज कर दी है। यह आदेश अपर जिला जज वंदना सिंह की अदालत से मंगलवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ज्ञानेश चंद्र व रोहित पांडेय ने बताया कि घटना 2 मई 2025 की है। बाराबंकी के रहने वाले जमील का ड्राइवर खरबूजा लाद कर बस्ती मंडी गया था। वहां से अयोध्या आया। जहां दयाशंकर निवासी वाराणसी 2500 रुपये भाड़े पर तय करके पिकअप जलालाबाद ले गया। वहां से उसकी गाड़ी चुरा ली। इसकी रिपोर्ट अज्ञात के खिलाफ लिखाई गई थी। 21 मई को पुलिस ने दयाशंकर को चोरी गई पिकअप के साथ गिरफ्तार किया था। मामले में कोर्ट ने आरोपी की जमानत अर्जी सुनवाई के बाद निरस्त कर दी।

# किशोरी के अपहरणकर्ता को तीन साल की सजा

अयोध्या कार्यालय



**अमृत विचार:** किशोरी का अपहरण करने के मामले में युवक को दोषी पाते हुए कोर्ट ने तीन साल के कारावास की सजा से दंडित किया है। उस पर 10 हजार रुपये जुर्माना भी हुआ है। फैसला विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट रजत वर्मा की अदालत से मंगलवार को हुआ।

पाक्सो एक्ट के विशेष लोक अभियोजक केपी सिंह व आशीष द्विवेदी ने बताया कि घटना 22 जुलाई 2019 की रात की है। रौनाही थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी बाहर जा रही थी। उसके गांव के राम मगन ने उसे जबरन बेहोश करके अपने ट्रक में बैठा लिया। होश में आने पर उसने राममगन ने बताया कि तुम्हे बेच देंगे। किशोरी को तीन दिन तक बेहोशी की हालत में रखा और इसके बाद 26 जुलाई 2021 की रात बाइक उसके घर छोड़ दिया। इसकी रिपोर्ट पीड़िता के पिता ने राम मगन के खिलाफ अपहरण करने, नशीला पदार्थ खिलाने, पाक्सो एक्ट के तहत दर्ज कराई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने राम मगन को नशीला पदार्थ खिलाने की धारा से दोष मुक्त कर दिया जबकि अन्य में दोषी पाते हुए जेल भेज दिया था। सजा के प्रश्न पर मंगलवार को सुनवाई के बाद कोर्ट ने सजा सुनाई।

# 41 आपत्तियां निस्तारित, 20 ने जमा किया कर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** कौशलपुरी जोनल कार्यालय में पांच दिन के बाद एक बार फिर से विस्तारित क्षेत्रों के गृह स्वामियों की आपत्तियों का निस्तारण शुरू हुआ। इस दौरान कौशलपुरी व शिवनगर वार्ड की 43 आपत्तियों पर सुनवाई हुई।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी व कमेटी के अध्यक्ष गजेंद्र कुमार ने बताया कि 41 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। एक के दस्तावेज पूर्ण नहीं थे, जबकि दूसरे मामले में जांच के लिए टीम को लगाया गया है। 20 लोगों ने कर जमा करा दिया है। उन्होंने बताया कि अभी शुक्रवार तक कैंप चलेगा। अधिक से अधिक लोग आकर अपनी आपत्तियों का निस्तारण करा लें। अन्यथा नियमानुसार सर्वे वाला ही बिल भेज दिया जाएगा। कमेटी में सहायक नगर आयुक्त व जोनल अफसर सौरभ नाथ और कर अधीक्षक जय प्रकाश भी शामिल हैं।



जोनल कार्यालय में आपत्तियों का निस्तारण करते मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र कुमार।

# धूमधाम से मना मां सरयू का छट्ठी महोत्सव, हुआ भंडारा



मुख्य अतिथि महंत कमल नयन दास शास्त्री को स्मृति चिह्न प्रदान करते नमामि सरयू सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारी।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** सरयू मैया के जन्मोत्सव का छठी का महोत्सव मंगलवार को नमामि सरयू सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में संत तुलसीदास कच्चा घाट पर धूमधाम से मनाया गया। महोत्सव पर मां सरयू की महाआरती हुई। दिव्य व भव्य फूलबंगला झांकी सजाई गई। पूजन-अर्चन, अभिषेक, बधाई, भजन, भंडारा, प्रसाद वितरण आदि हुआ।

मुख्य अतिथि नमामि सरयू सेवा ट्रस्ट संरक्षक व मणिरामदास छावनी उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास शास्त्री ने मां सरयू का सवा क्विंटल दूध से अभिषेक कर पूजन-अर्चन कर छप्पन भोग लगाया। दीपदान कर 51 सौ बाती से मां सरयू की भव्य महाआरती उतारी। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अवध प्रांत के प्रांत प्रचारक कौशल जी, राज्य सूचना आयुक्त पदुम नारायण द्विवेदी का उद्योगपति विश्वास स्वरूप अग्रवाल ने अंग वस्त्र, राम नाम पट्टिका ओढ़ाकर एवं श्रीराम दर्शन स्मृति चिन्ह प्रदान कर अभिनन्दन किया।

छठी महोत्सव पर दिव्य व भव्य महाआरती से सरयू तट रोशन रहा और फूलबंगले की सुगंधित पुष्प झांकी की शोभा बढ़ा रहे थे। दिव्य फूलबंगला झांकी में विराज सरयू मैया का दर्शन कर भक्तों ने जीवन कृतार्थ किया। देर रात तक चले भजन संध्या में प्रसिद्ध कलाकार मोहन शास्त्री ने मनमोहक भजनों से महोत्सव में चार-चांद लगा दिया। मुख्य अतिथि महंत कमलनयन दास ने कहा कि सरयू मैया अपने भक्तों का कल्याण करती हैं। उन्होने राष्ट्र में सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। ट्रस्ट के अध्यक्ष राकेश पांडेय ने अतिथियों का अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया। कहा कि वह डेढ़ दशक से संत तुलसीदास घाट पर नित्य सायंकाल सरयू मैया की आरती कर रहे हैं और प्रतिवर्ष मां सरयू का छट्ठी महोत्सव मनाते आ रहे हैं। महोत्सव पर आयेजित विशाल भंडारे का संघ के अवध प्रांत प्रचारक कौशल जी, पदुम नारायण द्विवेदी, विश्वास स्वरूप अग्रवाल, ज्योतिषाचार्य पं. राकेश तिवारी, उप निदेशक कृषि डॉ. पीके कनौजिया, एआरटीओ प्रशासन आरपी सिंह, स्वामी मुरारी दास ने भक्तों को प्रसाद वितरित कर किया। इस अवसर पर डॉ. अवधेश वर्मा, महानगर प्रचारक सुदीप जी, महंत रामदास बालयोगी, महंत लक्ष्मण दास, आचार्य आनंद शास्त्री, सिस्टम बाबा, पार्षद अंकित, प्रदीप, पुजारी अभिषेक आदि उपस्थित रहे।

## सीताकुंड में डूबकर युवक की मौत

**अयोध्या, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत प्राचीन सीता कुंड में एक युवक की डूबकर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना मंगलवार दोपहर तीन बजे की बताई जा रही है। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद युवक को बरामद कर उसे श्रीराम अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान जयसिंह पुर निवासी रामकुमार (28) पुत्र राम सनेही के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक नशे में था और सीता कुंड में स्नान करने के दौरान डूबने से मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी मनोज शर्मा ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। युवक के मौत के कारणों की पड़ताल की जा रही है।

# कुमारगंज घूमी सीएमओ की गाड़ी, वंश हॉस्पिटल सील

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** मानक के विरुद्ध चल रहे निजी क्लीनिकों व अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई जारी है। नगर निगम क्षेत्र, रुदौली और मिल्कीपुर के बाद मंगलवार को सीएमओ की गाड़ी कुमारगंज की ओर घूम गई। यहां वंश हॉस्पिटल पर छापा मारा गया। आशा द्वारा गर्भवती महिला का सीजेरियन कराने की सूचना मिली थी। ओटी (ऑपरेशन थियेटर) सील कर दिया गया।

सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बनियान की अध्यक्षता में दोपहर दो बजे के बाद ब्लॉक खंडासा के अंतर्गत वंश हॉस्पिटल का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। वहां पर 13 जून को एक आशा द्वारा एक गर्भवती महिला का सिजेरियन कराया गया था। हॉस्पिटल में आकस्मिक जांच के समय पांच महिलाओं का सिजेरियन किया गया था। मौके पर हॉस्पिटल में न तो कोई डॉक्टर था नहीं कोई स्टाफ नर्स। हॉस्पिटल संचालन मानक के अनुरूप नहीं था। बायोमेडिकल वेस्ट निस्तारण का पालन नही किया जा रहा था। छत पर बिखरा हुआ था। ऑपरेशन कक्ष में आरएल व दवाएं एक्सपायर्ड मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सील कर दिया गया। डॉ.सुशील कुमार ने बताया कि आशा की भी सेवाएं समाप्त की जाएंगी।

उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई से पहले वह जिलाधिकारी से भी मिलने गए थे और अब तक व आगामी कार्रवाई की उन्हें रिपोर्ट सौंपी थी। नोडल अधिकारी डॉ. संदीप शुक्ला, डिप्टी सीएमओ डॉ. राजेश चौधरी, डॉ. वीपी त्रिपाठी, शशिकांत तिवारी व कुमारगंज थाने की पुलिस मौजूद रही।



ओटी सील करने के बाद स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक व कर्मचारी।

**कार्रवाई**

**आशा ने कराया महिला का सीजेरियन, मिली थी एक्सपायर्ड दवा**

### रूदौली का सूर्या मेडिकल सेंटर सील

**अयोध्या।** सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बानियान द्वारा शाम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। वहां पर आकस्मिक सेवा, लेबर रूम, ऑपरेशन कक्ष, पोस्ट ऑफ कक्ष, नर्स ड्यूटी रूम, जेएसवाईवार्ड, जनरल वार्ड, हीट वेव से बचाव कोल्ड रूम व औषधीय स्टोर रूम को देखा साथ ही संपूर्ण परिसर को गहनता से देखा। साथ ही शाम 7.30 बजे ब्लॉक रूदौली में आजाद नगर चौराहे पर स्थिति सूर्या मेडिकल सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण किया। मेडिकल सेंटर मानक के अनुरूप संचालित मिला। कोई चिकित्सक भी उपस्थित नहीं पाया गया। इसलिए स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सूर्या मेडिकल सेंटर को सील कर दिया गया।

# नए एसआईसी ने संभाला पदभार, डॉ. सिन्हा बने रहेंगे सीएमएस

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में मंगलवार को एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक बदलाव देखने को मिला। अपर निदेशक परिवार कल्याण रहे डॉ. अजय सिंह गौतम ने प्रमुख अधीक्षक (एसआईसी) का पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालते ही उन्होंने स्पष्ट किया कि डॉ. एके सिन्हा सीएमएस के पद पर बने रहेंगे। सीयूजी नंबर भी उन्हीं के पास रहेगा। डॉ. गौतम ने कहा कि दोनों मिलकर अस्पताल के सुचारू संचालन और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए कार्य करेंगे। इस अवसर पर उन्होंने कई गंभीर मुद्दों पर अपनी प्राथमिकताएं साझा कीं। जिनमें खून के काले कारोबार पर रोकथाम, दलालों पर कार्रवाई, अव्यवस्थित पार्किंग और बाहरी दवाओं के उपयोग पर अंकुश लगाना शामिल है। डॉ. गौतम ने जिला अस्पताल पहुंचते ही अपनी कार्ययोजना को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि उन्हें खून के काले कारोबार की जानकारी मिली है, जो एक गंभीर मसला है। इस तरह की अनैतिक गतिविधियों को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। उन्होंने बताया कि मरीजों को अस्पताल में उपलब्ध दवाओं पर निर्भर रहने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि बाहरी दवाओं के दुरुपयोग को रोका जा सके। सीएमएस डॉ. एके सिन्हा ने कहा कि डॉ. अजय ने बाबू आज्ञाराम से उनके लिए एक आदेश जारी करने के लिए कहा है। अभी आदेश नहीं मिला है। सीएमएस रहते हुए महत्वपूर्ण बिंदुओं डॉ. अजय से सुझाव लेने के बाद ही कार्य किया जाएगा। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय चौधरी, फार्मासिस्ट हनुमत दूबे, संजय गुप्ता, मैनेजर राजेंद्र तिवारी व अन्य मौजूद रहे।



नवागत प्रमुख अधीक्षक डॉ. अजय सिंह गौतम को राम दरबार भेंट करते स्वास्थ्य कर्मी व बगल खड़े सीएमएस डॉ. एके सिन्हा।

**जिला अस्पताल में दिखा महत्वपूर्ण प्रशासनिक बदलाव**

## सार-संक्षेप



लखनऊ में मुख्यमंत्री को शंख भेंट करते भाजपा के पदाधिकारी।

### सीएम को 2027 फतेह के शंखनाद के लिए भेंट किया शंख

**अयोध्या, अमृत विचार :** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष कमला शंकर पांडेय, कार्यालय मन्त्री बबलू मिश्र, वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील तिवारी शास्त्री ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके लखनऊ आवास पर मुलाकात की। शंख भेंट कर तीसरी पारी 2027 में फिर से मुख्यमंत्री बनाने का शंखनाद किया। प्रदेश के नौजवानों के लिए प्राथमिकता के आधार पर निष्पक्ष, ईमानदार भर्ती प्रक्रिया संपादित कराने, पुलिस की एक साथ अभ्यर्थियो को बुलाकर अपॉइंटमेंट लेटर देने पर धन्यवाद और बधाई दी। इस अवसर पर सीएम ने अयोध्या धाम के विकास, स्थानीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यालय मन्त्री ने स्थानीय जनहित से जुडे मुद्दों पर सीएम का ध्यान आकृष्ट किया। सीएम ने मुद्दों को गंभीर से लेकर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### डॉ. रवि प्रकाश राणा बने गोसाईगंज सीएचसी प्रभारी

**गोसाईगंज (अयोध्या)। अमृत विचार :** सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बनियान ने गोसाईगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के प्रभारी डॉ. इंद्रजीत वर्मा को पूराबाजार सीएचसी में स्थानांतरित कर दिया गया है। उनकी जगह डॉ. रवि प्रकाश राणा को गोसाईगंज सीएचसी का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। सूत्रों के अनुसार, एक पखवाड़े से गोसाईगंज सीएचसी में चिकित्सकों द्वारा बाहर से दवाएं लिखने और अस्पताल में कार्यों में लापरवाही के आरोप लग रहे थे।

### दी 2.60 लाख रुपये लूटे जाने की झूठी खबर, गिरफ्तार

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** कोतवाली रुदौली पुलिस ने लकड़ी की अड्डी का दो लाख 60 हजार रुपये लूटे जाने की झूठी घटना की सूचना देने वाले आरोपी युवक से नगदी बरामद करके चालान कर दिया।



थाना रुदौली के ग्राम सरायपीर थाना रूदौली के रहने वाले जिलानी के लकड़ी की अड्डी पर काम करने वाले रामजीत रावत निवासी ग्राम मड़हा का पुरवा आजाद नगर भौली ने वसूली के दो लाख 60 हजार 600 रुपये करीमपुर के पास लूटे जाने की सूचना कोतवाली में दी। कोतवाल संजय मौर्य ने बताया कि छिनैती की सूचना देने वाले रामजीत रावत से हुई पूछताछ में घटना संदिग्ध पाई गई। बताया कि लकड़ी का दो लाख 60 हजार छह सौ रुपया वसूल कर आ रहे राम जीत ने ग्राम करीमपुर में जगदीश के खेत के पास झाड़ियों में छिपाने की बात कबूल की। रात में ही पुलिस टीम ने शत प्रतिशत बरामदगी की। अड्डी मालिक जिलानी से दी गई तहरीर के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया।

**व्यवस्था** | 750 महाविद्यालयों की संख्या घटकर 550 हुई, डेढ़ लाख छात्र – छात्राएं भी आए दायरे में

# अवध विश्वविद्यालय से 50 साल बाद टूटा 200 महाविद्यालयों का नाता

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से 50 वर्षों बाद लगभग 200 महाविद्यालयों का नाता टूट गया है। उत्तर प्रदेश शासन के हालिया आदेश के अनुसार, देवीपाटन मंडल के इन महाविद्यालयों को नवस्थापित मां पाटेश्वरी देवी विश्वविद्यालय, बलरामपुर से संबद्ध कर दिया गया है। इस निर्णय के साथ ही ये महाविद्यालय अब मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के संवैधानिक अंग बन गए हैं। अब तक अवध विश्वविद्यालय से सम्बद्ध 750 महाविद्यालयों की संख्या भी घटकर 550 हो गई है। करीब डेढ़ लाख छात्र - छात्राएं नए विश्वविद्यालय के दायरे में आयेंगे।

25 जुलाई 1975 को उत्तर प्रदेश सरकार ने अवध विश्वविद्यालय की स्थापना की थी। तब से लेकर अब तक यह विश्वविद्यालय क्षेत्र के उच्च शिक्षा के केंद्र के रूप में अपनी पहचान बनाए हुए था। इस विश्वविद्यालय से श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोंडा सहित लगभग 200 महाविद्यालय संबद्ध थे। इन कॉलेजों में विभिन्न संकायों जैसे कला, विज्ञान, वाणिज्य, शिक्षा और प्रबंधन आदि के पाठ्यक्रम संचालित होते थे। अवध विश्वविद्यालय ने पांच दशकों में शिक्षा, शोध और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसकी स्थापना के पीछे उद्देश्य था कि अयोध्या और आसपास के क्षेत्रों में उच्च शिक्षा को सुलभ बनाया जाए।

मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय की स्थापना बलरामपुर में एक ऐतिहासिक कदम है। यह विश्वविद्यालय देवीपाटन मंडल के चार जिलों गोंडा, बलरामपुर, बहराइच और श्रावस्ती के महाविद्यालयों को अपने अधीन लेगा। इस निर्णय से न केवल प्रशासनिक और शैक्षिक प्रक्रियाओं में सुधार होगा, बल्कि क्षेत्र के छात्रों को स्थानीय स्तर पर बेहतर शैक्षिक अवसर भी प्राप्त होंगे। इस परिवर्तन से अवध विश्वविद्यालय का कार्यभार भी कम होगा, जिससे वह अपनी शैक्षिक गुणवत्ता और शोध कार्यों पर अधिक ध्यान दे सकेगा।

श्रीलाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज जैसे संस्थान, जो दशकों से अवध विश्वविद्यालय का हिस्सा रहे हैं, अब मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय देवी के अंतर्गत अपनी शैक्षिक यात्रा को आगे बढ़ाएंगे। अवध विवि के वरिष्ठ प्रो. शैलेन्द्र मिश्र ने बताया कि मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय को यह सुनिश्चित करना होगा कि संबद्ध महाविद्यालयों में पाठ्यक्रम, परीक्षा और अन्य शैक्षिक गतिविधियां सुचारू रूप से संचालित हों। साथ ही, अवध विश्वविद्यालय के अनुभव और स्थापित ढांचे का लाभ उठाते हुए, मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय को अपनी अलग पहचान बनानी होगी। यह निर्णय उत्तर प्रदेश सरकार की उस नीति का हिस्सा है, जिसमें क्षेत्रीय स्तर पर शिक्षा को और सुदृढ़ करने का लक्ष्य रखा गया है। मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के गठन से देवीपाटन मंडल के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में उच्च शिक्षा का प्रसार होगा।



**वर्तमान सत्र 2024-25 से मां पाटेश्वरी देवी विवि के अधीन संचालित होंगे यह महाविद्यालय**

> मां पाटेश्वरी देवी विश्वविद्यालय से करीब 200 महाविद्यालयों को सम्बद्ध कर दिया गया है। वर्तमान सत्र से यह कॉलेज वहीं से संचालित होंगे। अवध विश्वविद्यालय द्वारा नए विश्वविद्यालय में कर्मियों की नियुक्ति पहले ही की जा चुकी है। **-विनय कुमार सिंह, कुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक अवध विश्वविद्यालय।**

## सार-संक्षेप



खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते डीआइओएस डॉ. पवन कुमार तिवारी।

### फुटबॉल समर कैंप का समापन, खिलाड़ी पुरस्कृत

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डॉ. आंबेडकर राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान स्टेडियम में जिला स्कूली क्रीड़ा समिति के संयोजन में आयोजित 21 दिवसीय फुटबॉल समर कैंप का मंगलवार को समापन हुआ। मुख्य अतिथि डीआइओएस डॉ. पवन कुमार तिवारी व एसजीएफआई के तकनीकि सदस्य विनोद कुमार सिंह ने शिविर की सहयोगी संस्था नेशनल स्पोर्ट्स द्वारा फुटबॉलर जितेंद्र सिंह की स्मृति में उपलब्ध किट से खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर का आयोजन युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करने और उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से किया गया था। शिविर में विभिन्न विद्यालयों के 56 से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग कर फुटबॉल के विभिन्न तकनीक व व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी ली। समापन अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय क्रीड़ा समिति के सचिव धर्मेन्द्र सिंह, कैंप आयोजन और कोच राजू यादव, रितिक वैश्य, योगेश्वर सिंह, अखंड प्रताप सिंह, दीपचंद मौर्य सहित कोच, खिलाड़ी व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### फलपट्टी विकास मिशन योजना : 3 फिट लंबे पौधों की करें रोपाई

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** सोहावल ब्लॉक के लखौरी गांव में फलपट्टी विकास मिशन योजना के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें किसानों के साथ वैज्ञानिकों का संवाद कराया गया। वैज्ञानिकों ने किसानों की शंकाओं का समाधान किया। बागवानी के नए गुर बताए। संवाद के दौरान किसान राम सरण सिंह ने पूछा कि आम का पेड़ कैसे लगाएं। डॉ. राम विनोद मौर्य ने बताया कि मई-जून में एक मीटर लंबा चौड़ा गड्ढा खोद कर छोड़ दें। बारिश होने पर 10 किलो सड़ी हुई गोबर की, तीन किलो नीम की खली मिलाकर पाट दें, फिर पेड़ लगाए इम्तियाज अहमद ने पूछा कि लगाते समय पौधे की साइज़ कितना लेनी होगी। डॉ. आरएल यादव ने बताया कि रोपाई के समय पौधो की लंबाई लगभग तीन फिट के आसपास रहनी चाहिए। संवाद के दौरान प्रगतिशील किसानों ने शोभा राम, इम्तियाज अहमद, राधे सरण सिंह, केपी सिंह, शमशेर सिंह सहित अन्य किसान मौजूद थे। किसानों के साथ संवाद में डॉ. श्यामा चरण शुक्ल, डॉ. राम विनोद मौर्य, डॉ. दुर्गा प्रसाद यादव, संयुक्त निदेशक उद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र बस्ती, अधीक्षक राजकीय उद्यान अयोध्या अरुण कुमार तिवारी, उद्यान निरीक्षक विशाल श्रीवास्तव ने बागवानी से संबंधित जानकारी किसानों को दी।

### 2047 तक भारत को विश्व शक्ति के रूप में स्थापित करना लक्ष्य



ब्लॉक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** केंद्र की मोदी सरकार के 11 वर्ष भारत के नव निर्माण का आधार है। अब हमारा लक्ष्य 2047 तक भारत को विश्व शक्ति के रूप में स्थापित करना है। यह विचार ब्लॉक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने मंगलवार को अंकवारा शक्ति केंद्र के सराय चैमल पंचायत भवन पर विकसित भारत अमृत काल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, 11 साल भाजपा से आयोजित विकसित भारत संकल्प चौपाल को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। कहा कि विकसित भारत का सपना देश के 140 करोड़ लोगों का है। इसमें हर व्यक्ति की भूमिका अहम है, जन सहभागिता से ही भारत को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाए जा सकता है। उन्होंने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष कपिल देव वर्मा, मंडल प्रभारी दिनेश कुमार मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य देवता प्रसाद पटेल, शक्ति केंद्र प्रमुख शोभाराम वर्मा ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम में जगदीश गौड़, बीडीसी गुड़िया, भूपेन्द्र पाण्डेय, प्रमोद मौर्या, बैजनाथ पांडे, रामसुख वर्मा, राजेश मौर्य प्रधान, अनूप वर्मा प्रधान, रामकुमार प्रजापति सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# सूर्य नमस्कार योग मुद्रा में बने विश्व कीर्तिमान: डॉ. बिजेंद्र

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सूर्य नमस्कार योग मुद्रा में विश्व कीर्तिमान स्थापित करने के लिए मंगलवार को डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन सभागार में कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया गया।

कुलपति ने सभी संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देशित करते हुए कहा कि राजभवन द्वारा जारी निर्देश के क्रम में सभी महाविद्यालय 21 जून से पूर्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी को समय से पूर्ण कर ले। राजभवन द्वारा निर्देशित प्रोटोकॉल का सभी महाविद्यालय अवश्य ध्यान रखें। कुलपति ने निर्देशित किया कि सभी प्राचार्यगण सूचनाओं को साझा करने के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप बना लें। रोज की गतिविधियों व तैयारियों की क्लिप ग्रुप में शेयर करें।

▸▸ **कुलपति ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर की बैठक**



कार्यक्रम के संयोजक प्रो. एसएस मिश्र ने बताया कि सूर्य नमस्कार योग मुद्रा का कार्यक्रम 21 जून को सुबह 7 बजे सभी जगह एक साथ विश्व कीर्तिमान बनाने के लिए किया जाएगा। इस आयोजन का जियो टैग फोटोग्राफ एवं वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराई जाएगी। कुल सचिव विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेन्द्र शुक्ल, उप कुलसचिव डॉ.रीमा श्रीवास्तव, मो. शहील, रवि प्रकाश मालवीय एवं बड़ी संख्या में ऑनलाइन मोड में महाविद्यालयों के प्राचार्य शामिल रहे।

### संबद्ध महाविद्यालय प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने में लाएं तेजी

**अयोध्या, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन सभागार में विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ कुलपति कर्नल डॉ. विजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने सभी को निर्देशित किया कि सत्र 2025-26 महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए समर्थ पोर्टल पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से प्रवेश की प्रक्रिया तेज की जाए। सभी महाविद्यालय 15 जुलाई तक प्रवेश प्रक्रिया संपन्न कर लें। जिससे 21 जुलाई से कक्षाएं शुरू हो जाएं। सत्र को नियमित करने की दिशा में सभी संबद्ध महाविद्यालय आवश्यक कदम उठाएं। प्रवेश समन्वयक प्रो. शैलेंद्र कुमार ने कहा कि एलएलबी, एमएड जैसे पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नियामक संस्था द्वारा जारी मानकों का अनुपालन करते हुए महाविद्यालय प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करें। पाठ्यक्रमों में प्रवेश के आरक्षण का पालन सुनिश्चित करते हुए प्रवेश दिया जाए। यदि सीटें रिक्त रह जाती हैं तो खाली सीटों में प्रवेश के लिए आवेदन लिए जा सकते हैं। संचालन प्रो. एसएस मिश्र ने किया।

# कम क्षेत्रफल, ज्यादा तापमान को संतुलित करने का पहला प्रयोग

## ऋषियन वन में रोपे जाएंगे सामान्य वनों से 25 गुना ज्यादा पौधे | घने और जंगली पौधों के लिए अपनाई गई मियावाकी पद्धति

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार:** वैदिक सिटी बन रही अयोध्या के बेहतर पर्यावरण के लिए जंगल तैयार किए जाने का यह पहला बड़ा प्रयोग है। जिले के 60 स्थानों पर बनाए जा रहे ऋषियन वन में सामान्य वनों की अपेक्षा 25 गुना ज्यादा पौधे रोपे जाएंगे। स्वाभाविक है कि यह सुरक्षित तैयार हो गए तो ज्यादा ऑक्सीजन का उत्पादन होगा। गर्मी कम होगी। पर्यावरण बेहतर होगा। कम क्षेत्रफल और ज्यादा तापमान को संतुलित करने का यह पहला प्रयोग होगा। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति की अनुभूति होगी।

जिले के 11 ब्लॉकों के 60 स्थानों पर ऋषियन वन बनाए जा रहे हैं। इन वनों के लगभग 11 हेक्टेयर क्षेत्रफल में साढे पांच लाख पौधे रोपे जाएंगे। सुनने में थोड़ा आश्चर्य होगा लेकिन आंकड़े यही बता रहे हैं। वह इसलिए की जिस मियांवाकी पद्धति से जिले में जंगल तैयार किए जाने का प्रयास है।

साधारण पद्धति से एक हेक्टेयर में लगभग दो हजार पौधे रोपे जातें हैं। इनमें फलदार और छायादार के साथ अन्य पौधे होते हैं। वन विभाग के एसडीओ केएन सुधीर बताते हैं कि सामान्य स्थिति में एक हेक्टेयर में लगभग दो हजार पौधे लगते हैं लेकिन ऊसर में यह संख्या ज्यादा हो जाती है। मियावाकी पद्धित से एक हेक्येटर में लगभग 50 हजार पौधों का आंकड़ा आ रहा है। दोनों में बड़ा अंतर हैं। सामान्य वन के लिए इतने पौधे रोपे जाने के लिए लगभग पौने तीन सौ हेक्टेयर जमीन की जरूरत होगी। घटते क्षेत्रफल और बढ़ते तापमान के बीच यह पद्धति सफल हुई तो अयोध्या के लिए बड़ी उपलब्धि होगी।



पौधरोपण के लिए पूराबाजार क्षेत्र में तैयार किये जा रहे गड्ढे।

**11 हेक्टेयर वन क्षेत्र में लगाए जाएंगे साढ़े पांच लाख पौधे**

### क्या है मियावाकी पद्धति

कम स्थान में ज्यादा पौधों से जंगल तैयार किया जाना मियावाकी पद्धति की खासियत है। वन विभाग के एसडीओ केएन सुधीर बताते हैं कि इसमें एक वर्ग मीटर में साढ़े तीन से चार पौधे रोपे जाते हैं। स्वाभाविक है संख्या बढ़ेगी। एक वर्ग मीटर में तीन लाइने होती है। अपर स्टोरी में सबसे पड़े पौधे, मिडिल स्टोरी में उससे छोटे और लोअर स्टोरी में सबसे छोटे पौधे रोपे जाते हैं। यह सभी एक साथ तैयार होते हैं।

### अलग-अलग स्टोरी में लगने वाले पौधे

**अपर स्टोरी**–सिरसा, शीशम, इमली, अजुर्न, जामुन, पापड़ी, नीम कट सागौन, यूकेलिप्टस, बहेड़ा, महुआ, गूलर, अमलतास।

**मिडिल स्टोरी में लगने वाले पौधे**–शहतूत, कंजी, आवंला, लखेड़ा, केसिया सेमिया, बलैन, सहजन, गेल्टफार्म, अमरूद, कनेर, पुत्रजीवा, खिरनी, बेलपत्र, अकेसियाआरिकुलिफार्मिस, बबूल, खरै, तमल, खामरे, बास, ढाक।

**लोअर स्टोरी**–शमी/छेकुर, कैथ, शरीफा, नीबू, अनार, टिकोमा, चांदनी, हरसिंगार, मीठा नीम, हिंगोट, रेमज, करौंदा, हींस, अडूसा।

“अयोध्या के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मियावाकी पद्धति से ऋषियन वन एक बड़ा प्रयोग है। इसे सुरक्षित तैयार करने के लिए बाड़ से रखवाली और पानी की व्यवस्था की जा रही है। वैदिक सिटी में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को पेड़ पौधों के बीच आध्यात्मिक शांति का अनुभव मिले, इसका प्रयास है। शहरी क्षेत्र में भी भविष्य में ऐसे प्रयास संभव हैं। **–कृष्ण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, अयोध्या।**”

# 600 एनसीसी कैडेट्स आज से लेंगे प्रशिक्षण

कुमारगंज (अयोध्या)

**अमृत विचार:** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में अयोध्या की यूपी बटालियन-65 का संयुक्त वार्षिक एनसीसी कैंप 18 से 27 जून तक लगने जा रहा है। इसमें अयोध्या व अंबेडकरनगर के 600 एनसीसी के कैडेट्स सैन्य प्रशिक्षण में हिस्सा लेंगे। इसमें 200 छात्राएं हैं। शिविर को सफलतापूर्वक संचालित करने के उद्देश्य से बटालियन के कमान अधिकारी एमके सिंह ने कृषि विश्वविद्यालय का भ्रमण कर व्यस्थाओं का जायजा लिया। यह प्रशिक्षण विवि के कुलपति कर्नल (डॉ.) बिजेंद्र सिंह के दिशा-निर्देशन में आयोजित होगा।



व्यवस्थाओं का जायजा लेते सैन्य अधिकारी। अमृत विचार

▸▸ **कृषि विवि में 18 से 27 जून तक चलेगा अयोध्या के यूपी बटालियन-65 की संयुक्त वार्षिक कैंप**

65 यूपी बटालियन के 40 सैन्य अधिकारी एवं कर्मचारी एनसीसी के छात्रों को प्रशिक्षण देंगे।

कृषि विश्वविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. नवीन कुमार सिंह ने बताया कि एनसीसी के प्रशिक्षण कैंप के लिए विश्वविद्यालय के अटल बिहारी वाजपेयी मुख्य क्रीड़ा परिसर को चिन्हित किया गया है। कैडेटों के प्रशिक्षण के लिए फायरिंग रेंज भी तैयार है।

### यमुना किनारे वृंदावन से गोकुल तक बनेगा नेचर वॉक पाथ-वे

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ। अमृत विचार :** यमुना किनारे 17 किमी वृंदावन से गोकुल तक एक अनूठा नेचर वॉक पाथ-वे विकसित किया जा रहा है। इसके लिए 50 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। इसे ब्रज तीर्थ विकास प्राधिकरण द्वारा वन एवं वन्य जीव विभाग के सहयोग से बनाया जाएगा। मथुरा-वृंदावन परिक्षेत्र का निर्माण और सौंदर्यीकरण मुख्यमंत्री योगी के मथुरा विजन-2030 के तहत किया जा रहा है। वृंदावन-गोकुल नेचर वॉक पाथ वे के निर्माण का मुख्य उद्देश्य ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देना है। भगवान श्रीकृष्ण की जन्म और लीलास्थली के रूप में विश्व प्रसिद्ध मथुरा-वृंदावन परिक्षेत्र के विकास के लिए लगभग 30,080 करोड़ रुपये की लागत से 195 परियोजनाओं पर काम होना है। इसमें से 2,300 करोड़ रुपये की लागत से 23 परियोजनाओं को स्वीकृति मिल चुकी है। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि ये नेचर वॉक पाथ वे यमुना नदी के किनारे 2 मीटर चौड़ा बनाया जाएगा।

# मूंग और मूंगफली की सरकारी खरीद शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार ने जायद सीजन में सभी 75 जिलों में मूंग और 15 जिलों में मूंगफली की खरीद शुरू की है। इससे लाखों किसानों का फायदा होगा। मूंग की खरीद 2 सितंबर तक और मूंगफली की खरीद 29 अगस्त तक होगी। करेगी। मूंग के लिए 8,682 रुपये प्रति क्विंटल और मूंगफली के लिए 6,783 रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी तय किया गया है।

सरकार ने 34,720 मीट्रिक टन मूंग और 50,750 मीट्रिक टन मूंगफली की खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके तहत किसानों को क्रय केंद्रों पर अपनी उपज लाकर समर्थन मूल्य का लाभ मिलेगा। नैफेड और एनसीसीएफ को खरीद की जिम्मेदारी दी गई है, जो राज्य एजेंसियां यूपीपीसीयू, यूपीपीसीएफ, जैफेड, यूपीएसएस द्वारा खरीद करेंगी।

**जे0बी0एस0 कॉलेज ऑफ लॉ, बन्दी का पुरखा, तिन्धवानी, बाराबंकी**

**एल0एल0बी0 (विधि) त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय पाठ्यक्रम में स्ववित्तपोषित योजनांतर्गत आवश्यकता है -**

प्राचार्य 01 पद ।
प्रवक्ता विधि (त्रिवर्षीय) पाठ्यक्रम– 09 पद।
प्रवक्ता विधि (पंचवर्षीय) पाठ्यक्रम– 05 पद। प्रवक्ता अर्थशास्त्र, प्राचीन इतिहास, मनोविज्ञान, राजनीति शास्त्र, अंग्रेजी एवं समाज शास्त्र प्रत्येक विषय में प्रवक्ता 01– 01 पद।
योग्यता एवं वेतनमान– **यू0जी0सी0, बी0सी0आई0, एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।**
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 10 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की प्रमाणित छायाप्रति के साथ विद्यालय के पते पर सम्पर्क करें।

**प्रबंधक**
मो0नं0–8743958360

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मैं ARPIT SINGH पुत्र RANA PARTAP SINGJ ग्राम भडुआ सोमबाणसी पोस्ट बिशुनपुर बैरिया गोण्डा का रहने वाला हुं अब मेने अपना नाम बदल ARPIT KUMAR राख लिया हे अब भविष्य मे मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना वा पहचाना जाय।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम ARCHANA DWIVEDI था। जिसे मैंने बदलकर ARCHANA कर लिया है भविष्य मैं मुझे इसी ARCHANA नाम से जाना व पहचाना जाए

**सूचना**
पहले मेरा नाम सईद (SAEED) था, अब मैं अपना नाम बदलकर सईद अहमद (SAEED AHMAD) रख रहा है मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O SHAKIR R/O KUMASI RASHARA, POST- NANDRAI P.S.- BALDIRAI, DIST- SULTANPUR-227814

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम मोहम्मद आजाद लियाकत खान (MOHAMED AZAD LIYAKAT KHAN) था। अब मैं अपना नाम बदलकर मो0 आजाद खान (MOHD AZAD KHAN) रख रहा हूँ, मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O LIYAKAT KHAN, R/O PURE MADDE KHAN SARKAURA, P.S.- KURWAR DIST- SULTANUR-228155

**सूचना**
सूचित हो कि मै **कुसुमा चौरसिया पत्नी राम औतार निवासिनी– बरौरा हुसैनबाड़ी राजा विहार बाला गंज थाना –ठाकुरगंज जिला लखनऊ।** मैने अपने छोटे पुत्र नीरज चौरसिया को उसके व्यवहार से नाराज होकर समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया था। अब मेरे पुत्र नीरज के व्यवहार में बदलाव आ गया है, उसके व्यवहार से मेरी नाराजगी दूर हो गयी है इसलिए वह अपने पूर्व में लिये गये बेदखली के निर्णय को वापस लेती है। अब मेरा छोटे पुत्र नीरज चौरसिया मेरी समस्त चल–अचल सम्पत्ति के अपने हिस्से के उत्तराधिकारी रहेगें उन्हें मेरी सम्पत्ति में सभी विधिक अधिकार वैसे ही मिलेंगें जैसे एक पुत्र को मिलेंगे।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे बेटे अंश उम्र 12वर्ष का नाम आधारकार्ड में गलती से धर्मेंद्र लिख गया है जबकि स्कूल परिवार रजिस्टर व जन्मप्रमाण पत्र में अंश ही दर्ज हैं यही सही हैं। अत: बेटे का नाम आधारकार्ड में भी अंश दर्ज होना आवश्यक है व उसे इसी नाम से जाना जाय। **रामविलास निवासी ग्राम अमदही पूरे तारा तरबगंज गोण्डा।**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **बागीश मिश्रा पुत्र शिव कुमार मिश्रा निवासी म्योढ़ा, साण्डी, हरदोई।** मेरे ड्राइविंग लाइसेंस नं0–B/817/HDI/05 दिनांक 11.01.2005 में मेंरा नाम बागीश मिश्रा अंकित है परन्तु रिकार्ड में योगेश मिश्रा अंकित है जो कि अशुद्ध है। अत: मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा शुद्ध नाम बागीश मिश्रा अंकित कर संशोधित ड्राइविंग लाइसेंस जारी किया जाये।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल मुख्य परीक्षा वर्ष 2003 अनुक्रमांक 7411398 का अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **विश्वनाथ शुक्ला पुत्र गणेश प्रसाद शुक्ला निवासी काशीपुर थाना कोतवाली करनैलगंज जिला गोंडा, उ. प्र**

**सूचना**
मैं **अनूप कुमार पुत्र शैलेंद्र कुमार ग्राम रमुवापुर दुबई पोस्ट देवगांव थाना खीरों रायबरेली** का निवासी हूं। मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में पिता का नाम शैलेंद्र शुक्ला अंकित है जो गलत है। मेरे डीएल में पिता का नाम शैलेंद्र कुमार होना चाहिए। शैलेंद्र कुमार ही मेरे पिताजी का सही नाम है।

**सूचना**
मेरा पुत्र जफर खान मेरे कहने सुनने में नही है। उसका चाल–चलन ठीक नहीं है । मैं उसके असमाजिक गतिविधियों से तंग आ गया हूं । आज से मैं उसे अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्तियों से बेदखल करता हूँ। आज की तारीख से उसका मुझसे मेरी तमाम जायजात से कोई वास्ता सरोकार नही रहेगा। **प्रार्थी मो0 रफीक खान सुत मन्सब खान साकिन पूरे अहबल मजरा पूरब रवनिया डाकखाना अलीगंज थाना कुड़वार तहसील सदर, जनपद सुलतानपुर (ऊप्र)।**

Admission Open
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY B.I.U.
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Management
UG Programs
● BBA (Finance & Taxation) ● B.Com (H)
● BCA (IT & Multimedia)
PG Programs
● MBA ● M.Com. ● MCA
● MPH ● MHA
Contact Details
For Online Registration visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

Admission Open
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY B.I.U.
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Humanities & Journalism
UG Programs
● BA (Mass Comm.) ● BA (Journalism)
PG Programs
● MA (Mass Comm) ● MA (Journalism)
● MA (English) ● MA (Psychology)
● MA (Sociology) ● MA (Pol. Science)
Contact Details
For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biuchj2022@gmail.com
Ph : 9105500202, 9105500404, 8218622744, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# मशीन में फंसकर किसान की मौत

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** जनपद में कटका थाना क्षेत्र के चितई पट्टी गांव में ट्रैक्टर के लेवलर मशीन में फंसकर 45 वर्षीय रणवीर पुत्र राम बचन की दर्दनाक मौत हो गई।

रणवीर दोपहर के समय अपने खेत में ट्रैक्टर से लेवलिंग का काम कर रहे थे। गांव के किनारे स्थित खेत में काम के दौरान लेवलर मशीन में खराबी आ गई। वह मशीन की मरम्मत के लिए ट्रैक्टर से उतरे। इसी दौरान अचानक लेवलर मशीन ऊपर उठ गई और रणवीर उसमें फंस गए। काफी देर तक ट्रैक्टर एक ही जगह खड़ा देख पास के



किसान की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

चरवाहे वहां पहुंचे। उन्होंने देखा कि रणवीर मशीन में फंसे हुए हैं और उनकी मौत हो चुकी है। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। कटका थाने के एसओ प्रेमचंद ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिवार में 18 वर्षीय शिवम और 15 वर्षीय शुभम दो पुत्र हैं। उनकी मां विशुना और पत्नी मीना समेत पूरा परिवार सदमे में है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# 12 साल में भी नहीं रजिस्टर्ड हुआ जलालपुर महिला अस्पताल

जलालपुर , अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** नगर स्थित महिला चिकित्सालय में जहां तमाम समस्याओं का अंबार है, वहीं यह अस्पताल कर्मचारियों की भारी कमी से जूझ रहा है। अस्पताल में कर्मचारियों के नहीं होने के चलते लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

बता दें कि यह अस्पताल समाजवादी पार्टी की सरकार में 2012 में शुरू हुआ था। इस अस्पताल के खुलने से लोगों को इलाज के लिए दौडना नहीं पड़ रहा था, लेकिन अस्पताल में व्याप्त कुछ कमियों के चलते लोगों को काफी

**बदहाली**

- 29 स्वीकृत पदों के सापेक्ष सिर्फ 14 कर्मचारियों की है तैनाती
- प्रतिदिन 50 से 90 मरीज इलाज के लिए आते हैं अस्पताल

परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस अस्पताल को बने हुए 12 वर्ष से अधिक हो गए हैं लेकिन आज तक यह महिला अस्पताल रजिस्टर्ड नहीं हो पाया है। महिला अस्पताल रजिस्टर्ड न होने के चलते इसको मरम्मत या और अन्य सुविधाएं सीधे नहीं मिल पा रहा है। जिसके चलते अस्पताल में तमाम समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं। जिसके कारण अस्पताल परिसर धीरे-धीरे जीर्ण होता जा रहा है। महिला अस्पताल में जगह-जगह प्लाटर टूट कर गिर रहा है। जो अपनी हालत को बयां कर रहा है। महिला अस्पताल में 29 पद स्वीकृत हैं, लेकिन मौजूदा समय में 14 कर्मचारी ही कार्यरत हैं। इस अस्पताल में चार डॉक्टर के पद, छह स्टाफ नर्स, चार वार्ड आया, एक बाल रोग विशेषज्ञ का पद स्वीकृत है।

वहीं इस मामले को लेकर जब अस्पताल के अधीक्षक जयप्रकाश से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि महिला अस्पताल में कर्मचारियों और डॉक्टरों की कमी है। जिसके लिए लिखा पढ़ी की गई है। इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को दी गई है, जल्द ही समस्या का समाधान कराया जाएगा।

**एक डॉक्टर के भरोसे चल रहा है अस्पताल**

महिला अस्पताल में सिर्फ एक महिला चिकित्सक रमा वर्मा तैनात हैं। अस्पताल में स्टाफ नर्स के पद पर दो संविदा कर्मी तथा दो स्थायी स्टाफ नर्स हैं। वहीं वार्ड आया के पद पर एक आउटसोर्सिंग और एक स्थाई है। अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ रहे डॉक्टर रमेश वर्मा के ट्रांसफर के बाद से पद खाली चल रहा है। इस महिला अस्पताल में इलाज कराने के लिए दूर-दूर से महिलाएं आती हैं। इस महिला अस्पताल में प्रतिदिन 50 से 90 मरीज अपना इलाज करवाने के लिए आते हैं।



महिला चिकित्सालय जलालपुर।

## एक नजर

### लोगों ने बच्चा चोरी के आरोप में युवक को जमकर पीटा

**अंबेडकरनगर :** अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र में बच्चा चोरी का प्रयास करने के आरोप में भीड़ ने एक युवक की पिटाई कर दी। घटना गांधी आश्रम के पीछे मीरानपुर अहीराना में हुई। बता दें कि स्थानीय निवासी राजेश यादव के बच्चे को कथित तौर पर ले जाते हुए एक युवक को लोगों ने पकड़ लिया। आरोपी युवक कोलकाता का रहने वाला बताया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। लोगों ने युवक की जमकर पिटाई की। सूचना पाकर कस्बा चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने भीड़ को शांत कराया और युवक को लोगों के कब्जे से छुड़ाया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को थाने ले जाकर पूछताछ शुरू कर दी है। मामले की जांच की जा रही है।

### जनपद में 9 हजार 340 एमटी गेहूं की हुई खरीद

**अंबेडकरनगर :** जनपद में इस वर्ष गेहूं खरीद का लक्ष्य 32 हजार 500 एमटी था। लेकिन खरीद अवधि समाप्त होने के करीब होने के बावजूद केवल 9 हजार 340 एमटी गेहूं की खरीद हो पाई है। यह लक्ष्य का मात्र 29 प्रतिशत है। बता दें कि जनपद में गेहूं खरीद के लिए 6 एजेंसियों के 88 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं 2 हजार 425 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है। हालांकि बाजार में आढ़तिये इससे अधिक कीमत दे रहे हैं। इस कारण विभाग को खरीद में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। शासन ने इस बार गेहूं खरीद को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किए। खरीद को पहले से शुरू किया गया और व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए गए। शुरुआत में खरीद धीमी थी। डिप्टी आरएमओ की सख्ती और किसानों की मड़ाई समाप्त होने के बाद खरीद में तेजी आई। डिप्टी आरएमओ संतोष द्विवेदी ने बताया कि अधिक से अधिक किसानों को सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं बेचने के लिए प्रेरित किया गया है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष खरीद बेहतर रही है। 13 जून तक कुल 2 हजार 952 किसानों ने अपना गेहूं सरकारी केंद्रों पर बेचा है।

### पुलिस ने 1182 वाहनों का काटा चालान

**अंबेडकरनगर :** जनपद में यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने और दुर्घटनाओं को कम करने के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान एक अप्रैल से शुरू किया गया है। प्रभारी यातायात निरीक्षक जय बहादुर यादव ने बताया कि पुलिस टीम ट्रिपल राइडिंग, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने, नाबालिग द्वारा वाहन चलाने और शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच कर रही है। एक जून से अब तक पुलिस ने 1182 वाहनों का चालान किया है। 40 वाहनों से 49 हजार 500 रुपये का शमन शुल्क वसूला गया है। नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चालकों की विशेष जांच में 125 चालकों की जांच की गई। जिनमें से 4 चालक नशे में पाए गए। इन चालकों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई करते हुए 40 हजार रुपये का अतिरिक्त जुर्माना वसूला गया।

# प्रसूता की मौत पर परिजनों ने काटा हंगामा

## चिकित्सक पर लापरवाही पूर्ण ऑपरेशन करने का लगाया आरोप, पुलिस ने संचालक को हिरासत में लिया

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार:** जनपद में एक अवैध रूप से संचालित अस्पताल में चिकित्सक की लापरवाही से प्रसूता की मौत हो गई। महिला की मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पुलिस ने अस्पताल संचालक को हिरासत में ले लिया है। मामला नगर पंचायत के माडर मऊ रोड पर स्थित अमन पॉलिक्लिनिक का है।

बता दें कि राजे सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के महारामपुर गांव निवासी धीरज यादव की पत्नी नीतू यादव 27 वर्ष को प्रसव के लिए 14 मई को अमन चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। नीतू को ऑपरेशन से एक स्वस्थ बच्चा हुआ, लेकिन महिला की हालत में सुधार नहीं हुआ। जिसके बाद डॉक्टर जेपी यादव ने अपने दूसरे अस्पताल कनैला अतरौलिया में उसे इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां पर कुछ दिन इलाज होने के बाद महिला



प्रसूता की मौत के बाद परिजनों से जानकारी लेते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

की हालत और बिगड़ती गई। जिसके बाद परिजन प्रसूता को आजमगढ़ के एक निजी चिकित्सालय में ले जाकर भर्ती कराए। जहां पर महिला का दूसरा ऑपरेशन भी हुआ। आरोप है कि अमन चिकित्सालय में ऑपरेशन में भारी लापरवाही बरती गई। इसी बीच रात में महिला की मौत हो गई। प्रसूता की मौत की खबर मिलते ही परिजन नरियाव स्थित अस्पताल पहुंचे। वहां पर परिजनों ने शव को अस्पताल के सामने रखकर विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया। परिजनों ने अस्पताल परिसर में हंगामा करते हुए चिकित्सक पर लापरवाही पूर्ण ऑपरेशन करने का आरोप लगाया। मृतका के पति धीरज और देवर सूरज कुमार ने संयुक्त रूप से तहरीर देकर अमन चिकित्सालय के संचालक जेपी यादव के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करने की मांग किया। पुलिस में जेपी यादव को हिरासत में ले लिया और विधिक करवाई का आश्वासन देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना अध्यक्ष अजय यादव ने बताया कि अस्पताल के संचालक को हिरासत में लेकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## नींद के दौरान छत से नीचे गिरने से बुजुर्ग की मौत

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** कोतवाली जलालपुर क्षेत्र के अशरफपुर मजगवां गांव में एक बुजुर्ग आधी रात को घर की छत से नीचे गिर गया और गम्भीर रूप से घायल हो गया। परिजन गम्भीर स्थिति में बुजुर्ग को सामुदायिक स्वास्थ्य जलालपुर में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बता दें कि अशरफपुर गांव निवासी राम चरन 60 वर्ष सोमवार की रात बिना मुंडेर की



अशरफपुर मजगवां गांव के बुजुर्ग की मौत के बाद मौजूद लोग। अमृत विचार

छत पर सो रहे थे। मध्य रात एक बजे वह लघु शंका के लिए उठे और नींद के कारण वह छत से नीचे खड़ंजे पर गिर पड़े और गम्भीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुर ले गए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घर के बुजुर्ग की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक जलालपुर के एक सिलाई की दुकान पर काम करता था। मृतक के एक पुत्र और पांच पुत्रियां हैं। पुत्र रमन और चार बेटियों आशा, आरती, ज्ञानती, निशा की शादी हो चुकी है। वहीं छोटी बेटी नेहा घर पर रह कर पढ़ाई करती है। मृतक की पत्नी शोभावती समेत पूरा परिवार सदमे में है। वहीं घटना के संबंध कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि बुजुर्ग के शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**जलालपुर कोतवाल के आवास में निकला सांप मचा हड़कंप**

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जलालपुर कोतवाल संतोष कुमार सिंह के सरकारी आवास में मंगलवार दोपहर सांप निकलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर तमाम लोग एकत्रित हो गए और सांप को खोजबीन कर पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन सांप पकड़ में नहीं आया। लोगों द्वारा आवास के एक-एक कमरे में रखे सामानों को उलट-पलट कर देखा गया, लेकिन सांप दिखाई नहीं पड़ा। सांप के नहीं मिलने से लोगों ने राहत की सांस ली। लोगों द्वारा घंटे भर पसीना बहाकर सांप को खोजा गया लेकिन सांप का कहीं पता नहीं चल सका। हालांकि कि सांप निकलने से लोगों और क्षेत्र में दहशत का माहौल बना रहा।

# नशे में धुत बेटे ने ईंट से हमला कर पिता को उतारा मौत के घाट

संवाददाता, आजमगढ़

- हरिबंशपुर गांव का मामला आरोपी बेटा मौके से फरार

**अमृत विचार:** जिले के सिधारी थाना क्षेत्र के हरिबंशपुर में रात को नशे में धुत बेटे से पिता का विवाद हो गया। नशे में धुत बेटे ने पिता पर ईंट से हमला कर दिया। इस हादसे में पिता की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद आरोपी बेटा मौके से फरार हो गया। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल में जुट गई है।

जानकारी के मुताबिक, सिधारी थाना क्षेत्र के हरिबंशपुर निवासी विजयी राम (62) अपने घर पर रहते हैं। रविवार को उनका पुत्र सुनील नशे की हालत में घर लौटा। सुनील अपने पिता से विवाद करने लगा। दोनों में कहासुनी होते-होते मारपीट शुरू हो गई। तभी बेटे सुनील ने पिता विजयी राम पर ईंट से हमला कर दिया। ईंट के हमले विजयी की मौके पर ही मौत हो गई। परिवार के अन्य सदस्यों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बेटे सुनील के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश में जुट गई है। वहीं सिधारी थाना प्रभारी शशि चंद्र चौधरी ने बताया कि सिर में चोट लगने से विजयी राम की मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी बेटे सुनील की तलाश की जा रही है। विजया राम दो पुत्र व दो पुत्री के पिता था।

# पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को दबोचा

जलालपुर, अंबेडकरनगर

- पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए भेज दिया न्यायालय

**अमृत विचार:** कटका पुलिस ने दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायायल भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक विगत 10 जून को कटका थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को अरुन उर्फ अरुण निषाद पुत्र मदनलाल निवासी मुंडेहरा बहला-फुसला कर भगा ले गया था और उसके साथ उसने दुष्कर्म किया तथा शौच करने के बहाने किशोरी को छोड़ कर फरार हो गया था। बेरमा गांव के पास घटना की रात किशोरी को गस्त पर निकली 112 पुलिस ने उसके घर पहुंचाया था। जिसके बाद किशोरी के परिजनों ने अरुण के विरुद्ध थाना कटका में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के बाद पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो समेत अन्य धाराओं में आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी। एसओ कटका प्रेमचंद ने बताया कि उक्त मुकदमें



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी युवक।

से सम्बंधित वांछित अभियुक्त अरुण निषाद पुत्र मदन लाल को सोमवार रात दस बजे गिरफ्तार कर लिया गया। जिसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया गया। आरोपी युवक को गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ प्रेम चंद, हेड कांस्टेबल योगेंद्र सिंह, कांस्टेबल साजिद अली व विजय कुमार यादव शामिल रहे।

### मारपीट के मामले को पुलिस ने नहीं लिया संज्ञान

**भीटी, अंबेडकरनगर :** थाना महरुआ अंतर्गत पीठापुर गांव में एक व्यक्ति के साथ मारपीट और धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित मनोज कुमार तिवारी, पुत्र गिरिजा प्रसाद तिवारी ने आरोप लगाया है कि 13 जून की सुबह करीब 6 बजे वह अपने दरवाजे पर बैठे थे, तभी गांव के ही कुछ व्यक्तियों ने हमला कर दिया। विपक्षी गया प्रसाद तिवारी, वीन्द्र नाथ तिवारी, उग्रसेन तिवारी, ध्रव सेन तिवारी तथा रविंद्र नाथ तिवारी लाठी-डंडा और अन्य हथियारों से लैस होकर गाली-गलौज करते हुए उसके के घर में तोड़फोड़ करने लगे। जब मनोज ने उन्हें ऐसा करने से मना किया तो उन्होंने मारना शुरू कर दिया। प्रार्थी का आरोप है कि विपक्षी उग्रसेन तिवारी एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश है और वह आए दिन धमकी देता रहता है। इस संबंध में पीड़ित ने तत्काल थाना महरुआ में लिखित शिकायत दी, लेकिन आरोप है कि थाना प्रभारी ने संज्ञान नहीं लिया है। पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

### सड़क हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद के सम्मनपुर थना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से गायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल में इालज के लिए भर्ती कराया गया है। बता दें कि सम्मनपुर के ऊसरपुर गांव निवासी अंकित यादव अपनी मां शोभावती और बहन प्रीति यादव के साथ अपने घर जा रहे थे, इसी दौरान मालीपुर थाना क्षेत्र के तारा खुर्द निवासी अंश वर्मा मालीपुर की तरफ आ रहे थे इसी दौरान दोनों बाइकों की आपस में जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें मां शोभावती, बहन प्रीति यादव को गंभीर चोटे आई जबकि मोटरसाइकिल चालक अंकित यादव को मामूली चोंटे आईं। वहीं तारा खुर्द निवासी अंश वर्मा को भी गंभीर रूप से चोंटे आईं। दोनों बाइकों की टक्कर सुन आसपास के ग्रामीण और राहगीरों ने पहुंचकर लोगों को संभाला तथा एंबुलेंस बुलाकर गंभीर रूप से घायल महिला और उसकी बेटी को जिला अस्पताल इलाज के लिए भेज दिया। जबकि अंश वर्मा को एंबुलेंस के माध्यम से जलालपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां पर उनका इलाज चल रहा है।

## सार-संक्षेप

### युवक की मौत के मामले में तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जैतपुर थाना क्षेत्र के मझुयी नदी के किनारे सेहरी गांव के समीप बीते रविवार को खून से लतपथ मिले युवक के शव के मामले में मृतक की पत्नी ने पति की हत्या किये जाने की तहरीर देते हुए तीन ज्ञात समेत कुछ अन्य लोगों के विरुद्ध थाना जैतपुर में तहरीर दी है। शिकायत के बाद पुलिस ने तीन ज्ञात समेत कुछ अन्य अज्ञात के विरुद्ध हत्या व साजिश की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। बता दें कि जनपद जौनपुर के सरपतहा थाना अंतर्गत ग्राम अरसिया निवासिनी रेहाना बानों ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि बीते 14 जून को उसके पति अब्दुल रवीश को योजनाबद्ध तरीके से सत्यम पुत्र विजय बहादुर निवासी सेफैली थाना सरपतहा व प्रद्युम्न व धर्मेंद्र निवासी थाना अखंडनगर मेरे ही मोटरसाइकिल से कहीं लेकर गए और कहा कि कुछ समय बाद वापस आता हूं। इसी बीच घटना के दिन साथ गए विपक्षी सत्यम ने बताया कि मेरे पति रवीश को प्रद्युम्न व धर्मेंद्र बुरी तरह मारपीट रहे थे, मैं किसी तरह जान बचा कर वहां से भाग आया हूं। पीड़िता ने आरोप लगाया कि सत्यम व धर्मेंद्र उसके पति को किसी अज्ञात जगह ले गए और उनकी हत्या कर दी। मृतक की पत्नी ने बताया कि बीते 15 जून को थाना सरपतहा जिला जौनपुर में पति के गायब होने की सूचना भी दी। पीड़िता ने बताया कि इस बीच सोमवार को सूचना मिली कि उसके पति का शव सेहरी के पास पड़ा मिला है। अब्दुल रबीस के सर और शरीर पर चोट के निशान थे। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मौत का कारण हेड इंजरी आया है। वहीं एसओ कटका वन्दना अग्रहरि ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच के आधार पर आगे की विधिका कार्रवाई की जाएगी।

### नपा की पूर्व अध्यक्ष ने पुलिस बूथ हटाने की मांग की

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के शहजादपुर में स्थित गांधी प्रतिमा के पास बनाई गई पुलिस बूथ विवादों में है। नगर पालिका की पूर्व अध्यक्षा सरिता गुप्ता ने इस बूथ को हटाने की मांग की है। सरिता गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक केशव कुमार को लिखे पत्र में बताया कि शहजादपुर-दोस्तपुर चौराहा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम से जाना जाता है। यहां स्थापित गांधी जी की प्रतिमा के पास कुछ दिन पहले पुलिस बूथ बना दी गई है। इस बूथ के कारण न केवल गांधी की प्रतिमा ढक गई है, बल्कि यातायात में भी बाधा उत्पन्न हो रही है। पूर्व अध्यक्ष ने एक विकल्प भी सुझाया है। उन्होंने बताया कि पुलिस बूथ के सामने मालीपुर रोड पर कोल डिपो के बगल में पीडब्ल्यूडी की खाली जमीन है। उन्होंने जनहित में पुलिस बूथ को वहां स्थानांतरित करने का प्रस्ताव रखा है।

### बूथ स्तर तक संगठन को करेंगे सक्रिय : बलराम



स्वागत समारोह में विधानसभा अध्यक्ष बलराम निषाद व अन्य। अमृत विचार

**जहांगीरगंज, अम्बेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद के रामनगर में मंगलवार को बहुजन समाज पार्टी के संगठन में बड़ा बदलाव हुआ है। पार्टी नेतृत्व ने बलराम निषाद को आलापुर का नया विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त किया है। रामनगर में आयोजित स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और नेता शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन बसपा के वरिष्ठ नेता और आलापुर विधानसभा संयोजक जयप्रकाश मौर्य की अगुवाई में किया गया। मंच संचालन रवीन्द्र कुमार गौतम ने किया। कार्यक्रम स्थल को फूलों और झंडों से सजाया गया था। कार्यकर्ताओं ने बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय के नारे लगाए। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष छेदीराम मौर्य को पदोन्नति देकर जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष बलराम निषाद ने मायावती का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि वह आलापुर क्षेत्र में बसपा को मजबूत करने के लिए बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करेंगे। कार्यक्रम में रवींद्र कुमार गौतम, रमेश गौतम, भीम वर्मा, विजेंद्र मिश्र, रामभरत और जयप्रकाश मौर्य समेत कई प्रमुख नेता मौजूद रहे। सभी नेताओं ने आगामी चुनावों की तैयारियों में एकजुट होकर जुटने का आह्वान किया।

### माइनर में पड़ा मिला वृद्धा का शव, मची सनसनी

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती वृद्धा का पास में स्थित एक माइनर में शव पड़ा देख लोगों में सनसनी फैल गई। तलाश करते पहुंचे भतीजे ने शव की पहचान अपनी बुआ के रूप में की। जिसके बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अचलगंज थानाक्षेत्र के रताखेड़ा गांव निवासी चांदावती के पति छोटे लाल की करीब 10 साल पूर्व मौत हो गई थी। उसके कोई संतान नहीं थी। इस पर थानाक्षेत्र के बंथर गांव निवासी उसका भाई संतराम यादव बहन को देखभाल के लिए अपने घर ले आया था। कुछ दिन पूर्व सांस लेने की दिक्कत होने पर चंदावती को कानपुर के हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ठीक होने पर परिजन उसे घर ले आए थे। बीती 13 जून को हालत बिगड़ने पर भाई ने उसे सदर कोतवाली क्षेत्र के पीडीनगर मोहल्ला स्थित एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। जहां से सोमवार देररात दो बजे वहां मौजूद भाभी की आंख लगने पर वह अस्पताल से निकल आई और थोड़ी दूर स्थित माइनर में गिरकर उसकी मौत हो गई। सुबह उसका शव पड़ा देख टहलने निकले लोगों ने पुलिस कंट्रोल रूम को इसकी जानकारी दी। कोतवाली प्रभारी व दरोगा अंजनी सिंह पहुंचे और जांच की। लेकिन उस समय उसकी पहचान नहीं हो सकी। इस पर शव मोर्चरी भेजा गया। उधर चंदावती के लापता होने पर परिजन उसकी तलाश में जुटे थे। तभी उन्हें सोशल मीडिया पर माइनर में शव मिलने की जानकारी हुई। भतीजे प्रमोद पुत्र संतराम ने मोर्चरी पहुंचकर शव की शिनाख्त अपनी बुआ के रूप में की। इसके बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए आगे की कार्रवाई शुरू की है। कोतवाल अवनीश सिंह ने बताया कि माइनर में शव मिला था। पोस्टमार्टम कराया गया है। वहीं परिजनों ने किसी भी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।

### शौचालय में गिरने से बच्ची की गई जान, मचा कोहराम

**संवाददता, औरास उन्नाव, अमृत विचार :** घर में बने शौचालय पर चढ़ रही बच्ची का अचानक पैर फिसलने से वह वहीं गिरकर घायल हो गई। परिजन उसे स्थानीय डॉक्टर के पास ले गये। जहां उसे मृत बता दिया गया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। चीख़ों के बीच परिजनों ने बच्ची का अंतिम संस्कार कर दिया। औरास थानाक्षेत्र के मनिकापुर गांव निवासी परदेसी की 5 वर्षीय बेटी जानवी सोमवार शाम घर में बने शौचालय पर चढ़ रही थी। तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह स्नान करने वाले स्थान पर गिरकर घायल हो गई। घटना के समय पिता भट्ठे पर ट्रैक्टर चलाने गया था और मां गोड़े में मवेशियों को चारा डालने गई थी। सूचना पर दौड़े परिजन उसे गांव के एक डॉक्टर के पास इलाज के लिए ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं बच्ची की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। लोगों के मुताबिक परिजनों ने बच्ची के शव का गांव में ही अंतिम संस्कार कर दिया। परिवार में वह दो भाई व पांच बहनों में तीसरे नंबर की थी। उसकी असमय मौत से मां व बहनों रो-रोकर बुरा हाल नजर आया।

**निर्देश** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संभावित दौरे को लेकर डीएम रविंद्र कुमार ने की बैठक

# अधिकारी सौंपे गए दायित्वों का करें निर्वहन : जिलाधिकारी

संवाददाता, आजमगढ़

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संभावित दौरे के दृष्टिगत जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पुलिस विभाग एवं विभिन्न कार्यों के लिए नामित नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की गई।

जिलाधिकारी ने ड्यूटी में लगे समस्त नोडल व सहायक नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम स्थल पर निर्धारित समय से 3 घंटा पूर्व उपस्थित



मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारी के संबंध में बैठक करते डीएम। अमृत विचार

होकर सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करें। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि कार्यक्रम स्थल पर मेडिकल टीम एवं एंबुलेंस की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को निर्देश दिया कि पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से कार्यक्रम स्थल तक जाने वाले रास्तों व मोड़ पर जगह-जगह साइनेज लगाना सुनिश्चित करें। उन्होंने डीसी मनरेगा को निर्देशित किया कि वाहनों की पार्किंग के लिए पर्याप्त पार्किंग स्थल का चयन करते हुए इमरजेंसी पार्किंग की भी वैकल्पिक व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान पहुंचने वाली जनता व अन्य लोगों को किसी भी तरह की कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से कहा है कि कार्यक्रम स्थल पर शुद्ध पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था एवं पर्याप्त मात्रा में महिला व पुरुष मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना, अपर जिलाधिकारी प्रशासन राहुल विश्वकर्मा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गंभीर सिंह, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अशोक कुमार सहित समस्त नोडल व सहायक नोडल अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## नलकूप खराब होने से सिंचाई हो रही प्रभावित

**अंबेडकरनगर:** जनपद में लगभग 50 नलकूप खराब पड़े हुए हैं। जिससे 2 हजार 500 हेक्टेयर खेतों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। किसानों को निजी नलकूपों का सहारा लेना पड़ रहा है। बता दें कि जनपद की 25 लाख की आबादी में से पांच लाख से अधिक लोग कृषि पर निर्भर हैं। नलकूप विभाग ने जनपद में कुल 579 नलकूप स्थापित किए हैं। विभाग का दावा है कि इनसे 27 हजार 500 हेक्टेयर खेतों की सिंचाई होती है। टांडा, अकबरपुर, जलालपुर, भीटी, आलापुर तहसील सहित अन्य क्षेत्रों में नलकूप खराब हैं। कई नलकूप वर्षों से बिना मरम्मत के पड़े हुए हैं। नलकूप विभाग के अधिशाषी अभियंता पुनीत चौधरी ने कहा कि खराब नलकूपों की पहचान कर उन्हें शीघ्र ठीक कराया जाएगा।

**एक नजर**

### कूड़ा फेंकने से विवाद, तीन भाइयों की पिटाई

**परसपुर, गोंडा** : ग्राम भौरीगंज में जमीन पर कूड़ा करकट फेंकने के विवाद में तीन भाईयों की दंवगो ने जमकर पिटाई कर दी। सूचना पर पुलिस ने चार आरोपियों पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू की है। परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भौरीगंज निवासी शिव शंकर गुप्ता ने बताया कि उनके गांव के वकील, शकील, अजील तथा अकील ने उसकी जमीन पर कूड़ा फेंकना शुरू कर दिया। जब उसके चचेरे भाई पिंटू गुप्ता ने मना किया, तो आरोपियों ने ने गाली-गलौज करते हुए उसकी पिटाई कर दी। शोर सुनकर बचाव करने आए रिंकू गुप्ता और रविन्द्र गुप्ता को भी पीटा गया। जान से मारने की धमकी दी गई। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार गौड़ ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# डीएम ने की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा

संवाददाता, बलरामपुर


प्रगति समीक्षा बैठक में मौजूद डीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद में संचालित एक करोड़ से अधिक लागत की निर्माणधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में डीएम द्वारा जनपद में संचालित सभी निर्माणधीन परियोजनाओं की बिंदुवार प्रगति जानी। उन्होंने निर्माण कार्य कार्यों में तेजी लाते हुए माह से सापेक्ष भौतिक एवं वित्तीय प्रगति लाए जाने का निर्देश कार्यदाई संस्थाओं को दिया। उन्होंने कहा कि प्राप्त धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र शासन में समय से भेज दिया जाए, जिससे कि शेष किस्त समय से प्राप्त हो। उन्होंने निर्माणधीन परियोजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया।

▸▸ **समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण किए जाने का दिया निर्देश**

उन्होंने कहा कि पेयजल परियोजनों में तेजी लाए जाने एवं क्षतिग्रस्त सड़कों एवं सरकारी संपति को पहले जैसा किया जाना सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया, उन्होंने कहा इसमें लापरवाही पर संबंधित की जिम्मेदारी होगी तय करते हुए कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान उन्होंने नई सड़कों का निर्माण, अनुरक्षण, गड्ढामुक्ति आदि की समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशानिर्देश दिया गया। बैठक में सीडीओ हिमांशु गुप्त, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी पीडब्ल्यूडी उपस्थित रहे।

# चार बूंद बारिश ने बढ़ाई गर्मी

संवाददाता, उतरौला, बलरामपुर

▸▸ **उमस और बिजली कटौती से लोग बेहाल**



**अमृत विचार।** भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को रविवार को हल्की फुहारों ने थोड़ी राहत जरूर दी, लेकिन राहत से ज्यादा यह बारिश उमस की सौगात लेकर आई। बीते दो दिनों से आसमान में बादलों की आवाजाही बनी हुई है, लेकिन बारिश न के बराबर हो रही है। रविवार को करीब पांच मिनट की हल्की झीसी पड़ी, जिसने गर्म ज़मीन से भाप निकालकर उमस और अधिक बढ़ा दी। इससे जनजीवन और ज्यादा प्रभावित हो गया है।

इधर बिजली विभाग की लापरवाही ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। भीषण गर्मी और उमस के बीच बिजली की बार-बार कटौती ने जनता को त्रस्त कर दिया है। 24 घंटे में सैकड़ों बार बिजली की आपूर्ति बाधित होती रही। कहीं ट्रांसफार्मर फुंक रहे हैं, तो कहीं तारों में स्पार्किंग से फाल्ट हो रहा है। कई मोहल्लों में फेस की लगातार समस्या बनी हुई है, जिससे न पंखा चल पा रहा है, न ही कूलर या अन्य जरूरी उपकरण।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि बार-बार बिजली जाने से मोबाइल चार्ज तक नहीं हो पा रहे हैं, छोटे बच्चों और बुजुर्गों की तबियत पर असर पड़ रहा है। व्यापारी वर्ग भी परेशान है, दुकानें खोलना मुश्किल हो गया है क्योंकि दिन भर उमस के कारण ग्राहक कम आते हैं और बिजली न होने से पंखा-कूलर बेकार हो जाता है।

इसी तरह नौकरीपेशा लोग भी कार्यस्थलों पर गर्मी से परेशान हैं। कई निजी संस्थानों में बिजली की समस्या से कार्य प्रभावित हो रहा है। आमजन का कहना है कि गर्मी, उमस और बिजली कटौती ने जीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है, लेकिन जिम्मेदार विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। लोगों ने प्रशासन और विद्युत विभाग से मांग की है कि बिजली व्यवस्था में तुरंत सुधार किया जाए ताकि इस गर्मी में कुछ राहत मिल सके।

# घाघरा पुल में आई खराबी, गोंडा-लखनऊ मार्ग पर भीषण जाम

## मरम्मत के चलते तीन दिन तक रहेगा रूट डायवर्जन, प्रशासन ने वैकल्पिक मार्ग अपनाने की दी सलाह


करनैलगंज कस्बे में लगा वाहनों का जाम। अमृत विचार

संवाददाता, करनैलगंज

**अमृत विचार** : गोंडा लखनऊ मार्ग पर पड़ने लाले घाघरा नदी पर बने संजय सेतु में एक बार फिर से खराबी आ गयी। मंगलवार को पुल का एक्सपेंशन जॉइंट क्षतिग्रस्त हो गया। इसे देखते हुए तत्काल रास्ते को बंद कर मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया। मरम्मत के चलते यह रास्ता तीन दिन तक बंद रहेगा। ऐसे मे लखनऊ आने जाने वाले वाहनों से लिए रूट डायवर्ट किया गया है। वहीं रास्ता ब्लॉक होने से करनैलगंज बाजार में भीषण जाम की स्थिति रही।

घाघरा नदी पर बने संजय सेतु का एक्सपेंशन जॉइंट मंगलवार को फिर से क्षतिग्रस्त हो गया। इसकी जानकारी मिलते ही अधिकारी मौके पर पहुंच गए और पुल का निरीक्षण करने के बाद मंगलवार सुबह 10 बजे से मरम्मत का काम शुरू हो गया। मरम्मत कार्य के चलते इस पुल को तीन दिनों के लिए बंद कर दिया गया। पुलिस ने बहराइच मोड़ के पास बैरिकेडिंग लगाकर सभी छोटे-बड़े वाहनों को पुल की ओर जाने से रोक दिया। इससे करनैलगंज में करीब दो किलोमीटर लंबा जाम लग गया।

करनैलगंज से लखनऊ जाने वाले वाहनों को अब बहराइच मार्ग से भेजा जा रहा है। हुजूरपुर मोड़ पर पुलिस द्वारा वाहनों को डायवर्ट कर बहराइच होते हुए लखनऊ की ओर रवाना किया जा रहा है। प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे वैकल्पिक मार्गों से ही यात्रा करें। बार-बार पुल के क्षतिग्रस्त होने से स्थानीय लोगों में रोष है। यह पुल क्षेत्र का मुख्य संपर्क मार्ग है और इसके बंद होने से आम जनमानस, खासकर व्यापारियों और यात्रियों को भारी दिक्कतें हो रही हैं। प्रशासन ने लखनऊ जाने के लिए अयोध्या-फैजाबाद या बहराइच मार्ग अपनाने की सलाह दी है।

**सार-संक्षेप**

### पहाड़ी नाले में आए उफान के चलते आवागमन बाधित



**पचपेड़वा, बलरामपुर।** विकासखंड पचपेड़वा के अंतर्गत थारू जनजाति बाहुल्य कई गांवों का संपर्क मार्ग भारी बारिश के कारण पूरी तरह से बाधित हो गया है। नेपाल में लगातार हो रही बारिश का पानी छिवली नाले में उफान आ गया है, जिससे ग्राम मड़नी, गोडनी, सडनी, बड़का भुकुरवा, कंचनपुर, पर्वतिया सहित दर्जनों गांवों का आवागमन रुक गया है। छिवली नाला में उफान आने से ग्रामीणों का मुख्य बाजार से संपर्क टूट गया है, जिससे उन्हें रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुएं, दवा और खाद्यान्न की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। मरीज और कामकाजी लोग परेशान हैं। ग्रामीण प्रधान प्रतिनिधि सुनील कुमार चौधरी अशोक कुमार शिकारी चौधरी प्रधान प्रेम लाल यादव मंगल प्रसाद थारू राजेश कुमार शिव कुमार सहित लोगों ने प्रशासन से अस्थायी पुल या नाव की व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि लोगों की आवाजाही बहाल हो सके। ग्रामीणों का जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है।

### मौसमी बीमारियों की दी जानकारी

**बलरामपुर** : शासन के निर्देश पर जिले में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने ओपीडी में मरीज देखना शुरू कर दिया है। मंगलवार को अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव ने संयुक्त जिला चिकित्सालय की ओपीडी में मरीज देखा। मरीजों को गर्मी से बचाव के लिए मौसम संबंधित बीमारियों के बारे में जानकारी भी दी। बीते माह शासन स्तर से सभी एसीएमओ व मुख्य चिकित्सा अधीक्षकों को ओपीडी में मरीज देखने का निर्देश दिया गया था। शासन के निर्देशानुसार जिले में सभी छह अपर मुख्य चिकित्साधिकारियों को रोस्टर के अनुसार ओपीडी में ड्यूटी लगा दी गई है। मंगलवार को एसीएमओ डॉ. एसके श्रीवास्तव ने मरीज देखा। एसीएमओ ने बताया कि ओपीडी में उल्टी-दस्त व वायरल बुखार के ज्यादा मरीज थे। उन्होंने 54 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। मरीजों को संचारी रोगों के बारे में जानकारी देते हुए मच्छरों से बचने का उपाय बताया। कहा कि डेंगू, मलेरिया, जेई व टायफाइड सहित अन्य मच्छरजनित बीमारियों से बचाव बहुत जरूरी है। घर के आसपास साफ-सफाई रखने व जलभराव वाले स्थान पर एंटी लार्वा का छिड़काव कराने की बात कही।

### रोस्टर के अनुसार लगाई गई एसीएमओ की ड्यूटी

**बलरामपुर** : शासन के निर्देश पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने सभी एसीएमओ की ओपीडी में ड्यूटी लगा दी है। रोस्टर के अनुसार प्रत्येक सोमवार को डॉ. बृजेश प्रताप सिंह व मंगलवार को डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव संयुक्त जिला अस्पताल में मरीज देखेंगे। मंगलवार को एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार चौधरी जिला कुष्ठ चिकित्सालय की ओपीडी में बैठेंगे। बुधवार को डॉ. एके शुक्ल टीबी क्लीनिक में मरीज देखेंगे। प्रत्येक बृहस्पतिवार को एसीएमओ डॉ. मीनाक्षी चौधरी व डॉ. रविनंदन त्रिपाठी संयुक्त जिला चिकित्सालय में ओपीडी करेंगे।

### बंदियों को योगाभ्यास कराकर स्वस्थ रहने का दिया संदेश


जिला कारागार में योगाभ्यास करते बंदी। अमृत विचार

**बलरामपुर।** वें अंतरराष्ट्रीय योग सप्ताह के तहत मंगलवार को जिला कारागार में योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जेल कर्मियों व बंदियों को योगाभ्यास कराते हुए नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया गया। योग के जरिए स्वस्थ रहने का संदेश भी दिया गया। योग शिविर का शुभारंभ जेल अधीक्षक शैलेश कुमार सोनकर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। योग प्रशिक्षक डॉ. हंसराज वर्मा ने कहा कि योग व आसन के जरिए कोई भी व्यक्ति नशा व असाधय रोगों से आसानी से मुक्ति पा सकता है। प्रतिदिन सुबह 30 से 35 मिनट तक योगाभ्यास करने से व्यक्ति हमेशा स्वस्थ रहता है। योग प्रशिक्षक ने सूर्य नमस्कार, ग्रीवा की क्रिया, स्कंद की क्रिया, ताड़ासन, वृक्षासन, पाद हस्त आसन, त्रिकोणासन, अर्ध हलासन, भुजंगासन, शलभासन, वज्रासन, नड़ी शोधन, भ्रामरी प्राणायाम व ध्यान आदि का अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि 21 जून तक योग सप्ताह मनाया जा रहा है। योग सप्ताह के तहत सभी सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में योग शिविर का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. रामजी प्रजापति व डिप्टी जेलर देवकांत वर्मा मौजूद रहे।

### इंसेफ्लाइटिस ट्रीटमेंट सेंटर में सुविधाओं का लिया जायजा


इंसेफेलाइटिस ट्रीटमेंट सेंटर का निरीक्षण करते एसीएमओ। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** संयुक्त जिला चिकित्सालस में संचालित इंसेफ्लाइटिस ट्रीटमेंट सेंटर (ईटीसी) का एसीएमओ डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव ने मंगलवार को निरीक्षण किया। ईटीसी में स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेते हुए साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार का निर्देश दिया। एसीएमओ ने बताया कि जापानी इंसेफ्लाइटिस (जेई) से पीड़ित मरीजों को तत्काल स्वास्थ्य सुविधा मिल सके, इसके लिए संयुक्त जिला अस्पताल में इंसेफ्लाइटिस ट्रीटमेंट सेंटर का संचालन किया जा रहा है। ट्रीटमेंट सेंटर में कम मरीज भर्ती मिलने पर नाराजगी जताई। कहा कि सेंटर में रोस्टर के अनुसार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए। अस्पताल आने वाले मरीजों को सभी प्रकार की जांच व दवाएं मुफ्त में उपलब्ध कराई जाए। किसी भी मरीज व तीमारदार से धनउगाही की शिकायत मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई तय की जाएगी। इस अवसर पर इपीडेमियोलाजिस्ट डा. श्यामजी श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# जेटीसी व आरटीसी प्रशिक्षण की तैयारियों का लिया जायजा


प्रशिक्षण की तैयारी का जायजा लेते पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल। अमृत विचार

▸▸ **771 रिक्रूट आरक्षी को पुलिस लाइन में दिया जाना है प्रशिक्षण**

**गोंडा, अमृत विचार** : जेटीसी प्रशिक्षण के लिए रिक्रूट आरक्षियों का आगमन हो गया है। रिक्रूट आरक्षियों के आगमन के पश्चात उनकी सुविधा, सुरक्षा एवं प्रशिक्षण के लिये की गई व्यवस्थाओं का जायजा पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने पुलिस लाइन पहुंच कर लिया।

एसपी ने प्रशिक्षण बैरकों, क्लासरूम, आवासीय परिसर, भोजनालय, शौचालय, स्नानागार व पेयजल आदि सभी व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी रिक्रूट आरक्षियों को अनुशासित, स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जाए, जिससे वे पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें। रिक्रूट आरक्षियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए एसपी ने बैरकों में पर्याप्त पंखे व कूलर, आर.ओ. व जलशीतलन यंत्र, साफ-सुथरे शौचालय व स्नानागार, पोषणयुक्त भोजन एवं नियमित सफाई व्यवस्था की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिया।

एसपी ने सभी अधिकारियों एवं निरीक्षण में सम्मिलित टीम को स्पष्ट निर्देश दिए कि रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण की गुणवत्ता किसी भी स्थिति में समझौता योग्य नहीं है। उन्हें ऐसा वातावरण प्रदान किया जाए जो अनुशासन, स्वच्छता, सुरक्षा एवं मानसिक-सामाजिक संतुलन को बढ़ावा देता हो, जिससे वे एक कुशल, कर्तव्यनिष्ठ एवं संवेदनशील पुलिसकर्मी के रूप में विकसित हो सकें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशिक्षण स्थल पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, अनियमितता या लापरवाही की स्थिति मिलने पर संबंधित उत्तरदायी अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे में सभी व्यवस्थाओं को मानव-केंद्रित, सुव्यवस्थित एवं उच्चस्तरीय बनाना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

जनपद में जेटीसी के लिये कुल 771 रिक्रूट आरक्षियों का आगमन प्रस्तावित है। प्रशिक्षण के लिए समुचित एवं उच्चस्तरीय व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गयी है। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय, क्षेत्राधिकारी लाइन शिल्पा वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार डंपर ने युवक को रौंदा, मौत

**धानेपुर, गोंडा, अमृत विचार** : धानेपुर के उज्जैनी कला गांव के मजरा सांवलपुरवा का रहने वाला जव्वाद खान (35) मंगलवार को अपने चचेरे भाई के साथ बाइक से दवा लेने के लिए गोंडा मुख्यालय जा रहा था।


जव्वाद खान। (फाइल फोटो)

गोंडा उतरौला मार्ग पर कस्बा बग्गीरोड में सामने से आ रहे डंपर को साइड देने के लिए उसने अपनी बाइक किनारे करनी चाही लेकिन सड़क पर जलभराव देख वह बाइक रोक किनारे पर खड़ा हो गया। इसी बीच तेज रफ्तार डंपर चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसकी बाइक में ठोकर मार दी और उसे रौंदता हुआ निकल गया। इस हादसे में जव्वाद की मौके पर की मौत हो गयी। हादसे में उसका चचेरा भाई बाल बाल बच गया। मौके पर पहुंची धानेपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बड़ी यंख्सा में गांव के लोग थाने पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि मृतक के भाई मुशाहिद खान की तहरीर पर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। डंपर चालक को हिरासत में लिया गया है।

# किसान दिवस आज सुनीं जाएंगी शिकायतें

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** विकास भवन सभागार में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी अध्यक्षता करते हुए अन्नदाताओं की समस्या सुनकर उनका निस्तारण कराएंगे। सभी विभागीय अधिकारियों को पिछले किसान दिवस में आई शिकायतों के निस्तारण संबंधित आख्या लानी होगी। आख्या न लाने वाले अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

उप निदेशक कृषि नरेंद्र कुमार ने बताया कि अन्नदाताओं की समस्याओं को सुनने के लिए प्रत्येक महीने के तीसरे बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया जाता है। किसान दिवस में सभी विभागों के विभागाध्यक्षकों को पहुंचने के लिए पत्र जारी कर दिया गया है।

किसान दिवस में न पहुंचने वाले अधिकारियों की रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी के समक्ष दी जाएगी। इसके अलावा पिछले किसान दिवस में सात शिकायतें आई थी। उनके बारे में पूरी रिपोर्ट मांगी है।

# 28 साल से फर्जी डिग्री पर नौकरी कर रहा मदरसा शिक्षक

संवाददाता, गोंडा




▸▸ **आयुक्त ने दिए जांच के आदेश**

▸▸ **मुजेहना के अलावल देवरिया बग्गीरोड स्थित मदरसा हबीब-उर रजा का मामला**

**अमृत विचार** : जिले के एक मदरसे में फर्जी डिग्री लगाकर 28 साल से सहायक अध्यापक को पद पर नौकरी करने का मामला सामने आया है। आरोपी है कि मदरसा शिक्षक के पद पर तैनात मोहम्मद शहाबुद्दीन हाईस्कूल व इंटर की फर्जी मार्क शीट लगाकर नौकरी कर रहे हैं। इस सनसनीखेज मामले में मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने उप निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण के जांच का आदेश दिया है और संबंधित शिक्षक के शैक्षिक अभिलेखों की जांच कर साक्ष्य सहित 10 दिवस के भीतर रिपोर्ट तलब की है।

धानेपुर थाना क्षेत्र के श्रीनगर बाबागंज के ग्राम पूरे राजापुर निवासी अनवर खान ने कमिश्नर को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि ग्राम देवरिया अलावल बग्गीरोड स्थित मदरसा दारुल उलूम हबीबुर्रजा में तैनात शिक्षक मोहम्मद शहाबुद्दीन पिछले हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की फर्जी अंकतालिकाओं व प्रमाण-पत्रों के आधार पर पिछले 28 वर्ष से नैकपी कर रहे हैं। शिकायतकर्ता अनवर खान ने बताया कि वर्ष 2024 में उन्होंने इस संबंध में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को शिकायती पत्र दिया था और शिक्षक के प्रमाण-पत्रों के सत्यापन की मांग की थी लेकिन इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी को भी पत्र सौंपा लेकिन संबंधित शिक्षक की पत्रावली जिलाधिकारी को नहीं सौंपी गई। मंडलायुक्त देवीपाटन शशि भूषण लाल सुशील ने इसे गंभीरता से लेते हुए उप निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण को शिकायती पत्र में दर्ज आरोपों की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

**सुविधा** | तुलसीपुर व बलरामपुर मंडी समिति को किया गया ई-राष्ट्रीय कृषि बाजार

# ई-राष्ट्रीय कृषि बाजार से किसानों को मिली आर्थिक मजबूती

संवाददाता, बलरामपुर

▸▸ **मंडी में पारदर्शिता से बढ़ रहा विश्वास, डिजिटल तकनीक से बदल रहा किसानों का भविष्य**

**अमृत विचार।** किसानों की आर्थिक समृद्धि और कृषि व्यापार में पारदर्शिता लाने की दिशा में ई-राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) योजना जिले में मील का पत्थर साबित हो रही है। जहां पहले किसान बिचौलियों और पारंपरिक व्यवस्थाओं के कारण अपनी उपज का पूरा मूल्य नहीं प्राप्त कर पाते थे, वहीं अब डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से वे सीधे मंडी से जुड़कर उचित दाम पर फसल बेच रहे हैं। इस तकनीकी पहल ने मंडी व्यवस्था की तस्वीर ही बदल दी है। बलरामपुर जनपद की चार मंडियों में से बलरामपुर मंडी समिति व तुलसीपुर मंडी समिति को ई-राष्ट्रीय कृषि बाजार के अंतर्गत चयनित किया गया है। किसानों और व्यापारियों का तेजी से पंजीकरण कर उन्हें तकनीकी प्रशिक्षण देकर डिजिटल व्यापार की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। अब तक 123 किसानों को ई-राष्ट्रीय कृषि बाजार से जोड़ा जा चुका है। इससे किसान आर्थिक रूप से लाभांवित होंगे।

### डिजिटल पेमेंट से त्वरित भुगतान

इस योजना में किसानों को डिजिटल पेमेंट की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। फसल विक्रय के तुरंत बाद ही भुगतान सीधे उनके बैंक खाते में भेजा जा रहा है। इससे किसानों को समय पर पूरी राशि मिलती है और आर्थिक सुरक्षा भी सुनिश्चित होती है।


राष्ट्रीय कृषि बाजार में पंजीकरण कराते किसान। अमृत विचार

> ई-राष्ट्रीय कृषि बाजार से किसानों को बड़ा फायदा हो रहा है। किसानों को पूरी प्रक्रिया में किसी प्रकार की समस्या नहीं हो रही है। मंडी समिति द्वारा किसानों को लगातार प्रशिक्षित किया जा रहा है। हमारा लक्ष्य है कि हर किसान डिजिटल प्लेटफॉर्म का लाभ उठाकर अधिकतम आय प्राप्त कर सके। मंडी पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य कर रही है और किसानों के हित सर्वोपरि हैं।
>
> **-लक्ष्मण प्रसाद,** प्रभारी सचिव मंडी समिति

### किसानों में जागरूकता और आत्मविश्वास बढ़ा

ई-राष्ट्रीय कृषि बाजार ने न केवल व्यापार प्रक्रिया को सरल बनाया है, बल्कि किसानों में तकनीक के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई है। किसान राम स्वरूप, वीरेंद्र कुमार व परवेज आलम आदि का कहना है कि अब बाजार भाव की जानकारी ऑनलाइन प्राप्त कर, प्रतियोगी बोली में भाग लेकर अपनी उपज का बेहतर दाम पर बेच रहे हैं। इससे उन्हें किसी बिचौलिए पर निर्भर नहीं रहना पड़ रहा। बिचौलिए की भूमिका समाप्त होने से किसानों को अपनी उपज का बेहतर लाभ मिल सकेगा।

## एक नजर

### प्रशिक्षण का आयोजन

**रुपईडीह** : राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ब्लॉक मे गठित ग्राम संगठनों के दो-दो सदस्यों का प्रशिक्षण ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित किया गया। ब्लॉक के प्रभारी बीडीओ आज़म खान ने बताया कि इस प्रशिक्षण मे ब्लॉक मिशन प्रबंधक कपिल देव पांडेय, ब्रह्मदत्त त्यागी व मुन्नूलाल द्वारा सभी लोगों को ग्राम संगठनों के महत्त्व व उनके संचालन के तौर-तरीकों के बारे मे अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण मे 30 ग्राम संगठनों को मिलाकर 60 सदस्यों ने भाग लिया।

### कलश यात्रा के साथ शुरू हुई कथा

**रुपईडीह** : क्षेत्रीय जनता के सहयोग से ब्लॉक के दलपतपुर गांव मे ब्रह्म बाबा के स्थान पर श्रीमद्भागवत महापुराण कथा सप्ताह ज्ञान महायज्ञ की शुरुआत महिलाओं की कलशयात्रा के साथ की गई। श्रद्धालु उमेश चन्द्र श्रीवास्तव, बरसाती वर्मा, मेवालाल, विदुर वर्मा, छैल बिहारी, लाल बहादुर आदि लोगों ने बताया कि इस यात्रा के दौरान अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास पं रमेशपति त्रिपाठी व यज्ञाचार्य शुभम द्विवेदी की अगुवाई मे महिलाओं ने तिर्रेमनोरम सरोवर से जल भरकर कार्यक्रम स्थल तक निकाली गई। कार्यक्रम का समापन आगामी 23 जून को भंडारे के साथ किया जाएगा।

### युवती को भगाने का आरोप, केस दर्ज

**गोंडा** : थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी महिला ने थाने पर तहरीर देकर कहा है कि रविवार रात्रि उसकी 19 वर्षीय पुत्री को गांव का सहदेव पुत्र रामसुरेश निषाद शादी करने का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्रा ने बताया कि माँ की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर युवती की खोज करायी जा रही है।

### तालाब पर अवैध कब्जे की शिकायत

**तरबगंज** : जमथा गांव में तालाब की भूमि पर अवैध क़ब्ज़े का मामला प्रकाश में आया है, जिसकी शिकायत उपजिलाधिकारी से की गई है। लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है।गांव के पूर्व प्रधान इन्द्रदेव पाण्डेय ने एसडीएम तरबगंज राजीव मोहन सक्सेना को दिये शिकायती पत्र में कहा है कि गांव के ही दबंग अपने दबंगई के बल पर तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा कर रहे हैं। नींव खोदकर पक्का निर्माण करवा रहें हैं। रोकनें पर फौजदारी पर आमादा हो जातें हैं, जबकि जमीन गाटा सं.413/1.8460हे.जलमग्न के खाते में दर्ज हैं और धार्मिक महत्व की भूमि है। उपजिलाधिकारी तरबगंज राजीव मोहन सक्सेना ने बताया कि प्रकरण की जानकारी मिली हैं। जांच की जा रही है।

### मारपीट के अलग-अलग मामलों में मुकदमा दर्ज

**मनकापुर** : ग्राम बनकसिया शिवरतन सिंह निवासी सुनीता देवी पत्नी वीरेंद्र कुमार वरवार (अनुसूचित जाति) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि जब वह अपने पुराने मकान पर छत डालने का विरोध कर रही थीं, तभी गांव के ही संदीप सिंह, प्रदीप सिंह व सुबेदार सिंह ने गाली-गलौज करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। विरोध करने पर उन्होंने मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। वहीं दूसरे मामले में बैरिपुर रामनाथ निवासी राजेन्द्र ने दर्ज कराए रिपोर्ट में कहा कि सोमवार शाम को अपने दोस्त उमाशंकर के साथ गांव के अंकित पांडेय की बुलेट मोटर साइकल मांग कर अंधियारी बाजार शराब के ठेके पर गया था जहां पहले से बैठे विवेक तिवारी व 2 अन्य अज्ञात लोगों ने पूछा कि किसकी मोटर साइकल है जैसे ही बताया अंकित पांडेय की गाड़ी है वो सभी जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए वहां पड़ी बोतल व लात घुसे से मारने लगे। दोनों मामलों में एससीएसटी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# 9 साल से बंद पड़ी गांव में पानी की टंकी

## ग्राम चौपाल में शिकायतों की भरमार, जिलाधिकारी ने दिया कार्रवाई का निर्देश

संवाददाता, बेलसर/उमरीबेगमगंज

**अमृत विचार** : जिलाधिकारी की ग्राम चौपाल में फरियादियों की भीड़ उमड़ रही है। शिकायतों पर डीएम के त्वरित एक्शन को देखकर बड़ी संख्या में लोग फरियाद लेकर चौपाल में पहुंच रहे हैं। मंगलवार को डीएम ने बेलसर ब्लॉक के तीन गांवों में चौपाल लगाई और लोगों की शिकायतें सुनकर उनका निस्तारण कराया। चौपाल के दौरान सोनाली मोहम्मदपुर के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को बताया कि गांव में पानी की टंकी बनी थी, लेकिन वह 9 साल से बंद पड़ी है। ग्रामीणों को उसका लाभ नहीं मिल पाया। वहीं शिकायत में ग्रामीणों ने डीएम को बताया कि कंपोजिट विद्यालय डीहा की प्रधानाध्यापिका पिछले 2 साल से स्कूल नहीं आ रही है। इस पर डीएम ने जल निगम व शिक्षा विभाग के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और कार्रवाई के निर्देश दिए।

बेलसर के ग्राम पंचायत बेलसर में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चौपाल में जमीनी विवाद, पेंशन और आवास वितरण में अनियमिता के साथ अधिकतर शिकायतें राजस्व विभाग से जुड़ी हुई थी। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायत का तत्परता से संज्ञान लेते हुए निस्तारण का निर्देश दिया। कहा कि शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के तौर पर किया जाए। इस दौरान ग्राम प्रधान जग प्रसाद, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शुभम उपाध्याय ,सचिव मनीष कुमार तिवारी ,खंड विकास अधिकारी विजय कांत मिश्र ,एपीओ पूनम शुक्ल,शुभम उपाध्याय, पूर्व प्रमुख अजीत सिंह, सीएचसी अधीक्षक सतपाल सोनकर, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी आदित्य वर्मा, डीसी मनरेगा जनार्दन यादव, आईटीआई प्रशिक्षण अधिकारी राम इंदर यादव, सीओ तरबगंज उमेश्वर प्रभात सिंह, एसडीएम तरबगंज राजीव मोहन सक्सेना सहित अन्य लोग रहे।


ग्राम पंचायत डिडिसिया कला में आयोजित ग्राम चौपाल को संबोधित करतीं जिलाधिकारी नेहा शर्मा। अमृत विचार

**▸▸ 2 साल से स्कूल नहीं आ रहीं प्रधानाध्यापिका**

डिडिसिया कला के कंपोजिट विद्यालय में आयोजित ग्रामीण चौपाल में सबसे अधिक शिकायतें जमीन विवाद से जुड़ी रहीं। गांव के शिवशरन ने जमीन पर कब्जे की शिकायत की, लेकिन निराकरण नहीं हुआ। चिरेबसना में नक्शा दुरुस्ती का प्रकरण सुलझाने के लिए एसडीएम को निर्देश दिया गया। गांव के लोगों ने बताया कि 9 साल पहले पानी की टंकी बनी लेकिन पानी नहीं आ रहा। इस पर विभाग के अधिकारी ने बताया की बिजली बकाया होने के कारण बिजली काटी गई है। एसडीओ ने बताया की ट्रांसफार्मर जल गया है आज ट्रांसफार्मर बदल जाएगा। कल से आपूर्ति शुरू हो जाएगी। सुंदरलाल ने वरासत निरस्त होने की शिकायत की। छबीला देवी ने पैमाईश का पत्थर उखाड़े जाने की शिकायत की। ग्राम पंचायत सोनौली मोहमदपुर के अलावा पकवान गांव, बकियापुर व नगर

# आवास योजना में गड़बड़ी पर प्रधान, सचिव व 15 लाभार्थियों के खिलाफ एफआईआर

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार** : इटियाथोक ब्लाक की ग्राम पंचायत दरियापुर हरदोपट्टी में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। इस गांव में ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव ने मिलीभगत कर 15 अपात्र लोगों को आवास का आवंटन कर दिया और बिना आवास का निर्माण कराये ही 6 लाख 80 हजार रुपये हड़प लिए गए। जांच में वित्तीय अनियमितता की पुष्टि होने पर जिलाधिकारी के निर्देश पर इटियाथोक थाने में ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव व 15 लाभार्थियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

जिला विकास अधिकारी व खंड विकास अधिकारी पंडरी कृपाल के निर्देश पर ग्राम पंचायत अधिकारी सरिता शुक्ला ने थाना इटियाथोक में तहरीर दीथी। शिकायत में कहा गया कि वर्ष 2020-21, 2021-22 और 2018-19 के बीच प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 15 अपात्र लाभार्थियों को कुल 6,80,000 की धनराशि स्थानांतरित की गई थी। आरोप है कि इन अपात्र लाभार्थियों में से कुछ ने पहली किस्त प्राप्त करने के बाद निर्माण कार्य शुरू नहीं किया, जबकि एक लाभार्थी ने पूरी धनराशि प्राप्त करने के बावजूद आवास निर्माण नहीं कराया। इस मामले में तत्कालीन ग्राम प्रधान उषा देवी, तत्कालीन सचिव अजीत गुप्ता एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत की पुष्टि हुई। जांच में यह तथ्य सामने आया कि शासन द्वारा स्वीकृत धनराशि का दुरुपयोग किया गया है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने इस मामले को गंभीर वित्तीय गड़बड़ी मानते हुए शासकीय धन की वसूली के साथ-साथ दोषियों पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए थे। आदेश के अनुपालन में थाना इटियाथोक पुलिस ने सभी 15 अपात्र लाभार्थियों सहित संबंधित ग्राम प्रधान और सचिव के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

एसओ शेषमणि पांडेय ने बताया कि तत्कालीन ग्राम प्रधान ऊषा देवी, सचिव अजीत गुप्ता समेत लाभार्थी श्यामपता पत्नी रामचरन, लक्ष्मी देवी पत्नी केशवराम, अनीता पत्नी सुनील कुमार, ममता देवी पत्नी विनोद कुमार, सुरेश कुमार पुत्र महादेव, शानपती पत्नी श्रीनिवास, गुलशन बानो पत्नी मो रिजवान, सरोजनी देवी पत्नी रामपाल, जगदम्बा प्रसाद पुत्र ओमप्रकाश, रमेश कुमार पुत्र महादेव प्रसाद, सुमन पत्नी भगौती प्रसाद, पवन कुमार पुत्र माधव, रामसरन पुत्र गोविन्द प्रसाद, राजकुमारी पत्नी राजकिशोर तथा विद्याधर पुत्र अमरिका प्रसाद के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

**▸▸ प्रधानमंत्री आवास योजना में अनियमितता मिलने पर जिलाधिकारी ने की कार्रवाई**

> जनहित की योजनाओं में भ्रष्टाचार या गड़बड़ी किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे अन्य मामलों की पुनः जांच की जाएगी, और यदि किसी स्तर पर और गड़बड़ियां पाई जाती हैं, तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध भी एफआईआर व वसूली की कार्रवाई की जाएगी।
> **-नेहा शर्मा,** डीएम

# कमीशन न मिलने पर टेंडर निरस्त करवा रहे सांसद व विधायक

**गोंडा, अमृत विचारः** कांग्रेस पार्टी की ओर से टाउन हाल में सदर विधान सभा का संविधान बचाओ सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहर कोऑर्डिनेटर कुलदीप चौधरी रहे। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से इस सरकार मे दलित व कमजोर वर्ग पर अत्याचार हो रहा है ऐसा किसी सरकार में नहीं हुआ। जनता सरकार के कार्य शैली से ऊब चुकी है। चारों तरफ भ्रष्टाचार फैला हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह ने किया तथा संचालन अब्दुल मुजीब ने किया। पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्र ने कहा कि वर्तमान सरकार कदम कदम पर संविधान का मखौल उड़ा रही है। किसान के रास्ते में कंक्रीट की दीवार और भाले गाड़े जा रहे हैं। नौजवान को नौकरी मांगने पर लाठी मिलती है। दलितों को अपमानित करने के साथ ही महिलाओं पर अत्याचार हो रहा है। जीरो टॉलरेंस की बात करने वाली सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। पूर्व विधायक व जिलाध्यक्ष ने कहा विधायक, सांसद सभी कमीशनखोरी मे व्यस्त है। जनता त्राहिमाम कर रही है। कांग्रेस पार्टी और उसके नेता राहुल गांधी कदम कदम पर सड़क से लेकर संसद तक जनता की आवाज को उठा रहे हैं। कमीशन पर न होने पर मंत्री, विधायक टेंडर निरस्त करवा रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में प्रमुख रूप से शहर अध्यक्ष शाहिद अली कुरेशी, सेवादल अध्यक्ष प्रद्युम्न शुक्ला, अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष सगीर खान, पूर्वी आईसीसी सदस्य हनुमान प्रसाद, युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव अभिषेक तिवारी, नीरज वरिष्ठ नेता इरशाद हुसैन, जैनुल आब्दीन खान ने रहे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला प्रवक्ता शिवकुमार दुबे, कार्यक्रम के संयोजक शादाब खान एडवोकेट, सुभाष पांडे एडवोकेट, संतोष ओझा एडवोकेट, अरविंद शुक्ला, अविनाश मिश्रा, वाजिद अली, बेबी मिश्रा, अजय रस्तोगी, केटी तिवारी, राम सिंह, राकेश सिंह राणा सहित तमाम कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

**▸▸ कांग्रेस पार्टी की ओर से टाउन हॉल में संविधान बचाओ सम्मेलन का हुआ आयोजन**

# मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

संवाददाता, गौरा चौकी, गोंडा

**अमृत विचार** : पिटाई से घायल युवक के इलाज के दौरान मौत हो गई। शव गांव पहुंचने पर परिजनों में हंगामा काटा। आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग किया। हिंदूवादी नेताओं ने पहुंच पुलिस को सख्त कार्रवाई करने को कहा। पुलिस अधिकारियों के आश्वासन पर परिजन शांत हुए, वही पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

मामला खोड़ारे थाना क्षेत्र का है। बीते 9 जून को गिन्नी नगर बाजार में गोविंद शर्मा नाम का युवक सामान लेने गया था, इसी दौरान कुछ कहा सुनी को लेकर दूसरे समुदाय के के तीन युवकों ने बेरहमी से पिटाई कर दिया था। गंभीर अवस्था में परिजन वभनजोत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गया ,जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद गोंडा जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालत में सुधार न होने पर लखनऊ रेफर किया गया। एक हफ्ते बाद इलाज के दौरान 15 जून की रात में गोविंद की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद जब मंगलवार शव सुबह पैतृक निवास स्थान पिपरादाई गौरा चौकी पहुंचा तो परिजनों ने दाह संस्कार करने से मना कर दिया । परिजनों का कहना था कि पहले अपराधियों पर सख्त कार्रवाई हो फिर उसके बाद दाह संस्कार करेंगे। हिंदू वादी संगठनों के राकेश, गुड्डू बर्मा समेत अन्य लोग ने मौके पर पहुंच कर सख्त कार्रवाई के लिए शासन प्रशासन पर दबाव बनाने लगे।

क्षेत्राधिकारी उदित नारायण पालीवाल नायब तहसीलदार मनकापुर के काफी मान मनव्वल व फोर्स कार्रवाई के आश्वासन पर परिजन शांत हुए। परिजन व हिंदूवादी संगठन की मांग थी कि और मृतक के परिजन को 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। पुलिस रिपोर्ट में एक नाम और आरोपी का नाम बढ़ाया जाए। आरोपियों पर धारा बढ़ाते हुए सख्त कार्रवाई की जाए। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक खोड़ारे प्रबोध कुमार ने बताया कि परिजनों के मांग के अनुसार गैर इरादतन हत्या के तीन आरोपियों निहाल अहमद, नावेद अहमद, तथा तन्नु उर्फ सैयद तनवीर निवासी बकवा दरगाह को गिरफ्तार कर लिया गया है। जांच की जा रही है।


आक्रोशित परिजनों को समझाते सीओ मनकापुर। अमृत विचार

**▸▸ घायल की मौत के बाद परिजनों ने काटा हंगामा**

**▸▸ खोडारे थाना क्षेत्र के गिन्नी नगर में बीते 9 जून को हुई थी घटना, तीन लोग गिरफ्तार**

# महिला शिक्षिका को भेजा अश्लील मैसेज, मुकदमा दर्ज

**संवाददाता, गोंडा, अमृत विचार :** करनैलगंज के एक परिषदीय स्कूल में कार्यरत एक महिला शिक्षिका ने अपने ही स्कूल के शिक्षक पर अश्लील मैसेज भेजने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। महिला अध्यापिका ने नगर कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि है कि वह करनैलगंज शिक्षाक्षेत्र एक उच्च प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापिका के पद पर कार्यरत है। उसी विद्यालय में उसके सहकर्मी अखंड प्रताप सिंह भी कार्यरत हैं। आरोप है अखंड प्रताप सिंह उसे लगातार अश्लील मैसेज भेज रहे हैं। उसने इसकी शिकायत महिला हेल्पलाइन नंबर पर बीते 28 मई और 29 मई को की थी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से भी इसकी शिकायत की लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। नगर कोतवाल विवेक द्विवेदी ने बताया कि महिला शिक्षिका की शिकायत पर आरोपी अध्यापक अखंड प्रताप सिंह के खियाफ में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## अनदेखी

### बाबागंज इटियाथोक मार्ग निर्माण का टेंडर निरस्त होने से युवाओं में आक्रोश

# बदहाल सड़क : छात्र पंचायत ने धान रोपाई कर जताया विरोध

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार** : मेहनौन विधानसभा क्षेत्र के बाबागंज इटियाथोक मार्ग की बदहाली पर मंगलवार को युवाओं का गुस्सा फूट पड़ा। छात्र पंचायत के बैनर तले सैकड़ों युवाओं ने सड़क पर बने गड्ढे में धान की रोपाई कर विरोध प्रकट किया और सड़क निर्माण कराए जाने की मांग की। हाल ही इस सड़क का टेंडर निरस्त होने पर भी युवाओं ने आक्रोश व्यक्त किया और 'राशन नहीं सड़क चाहिए' तथा 'भ्रष्टाचार बंद करो' के नारे लगाए।

मेहनौन विधानसभा क्षेत्र स्थित बाबा गंज इटियाथोक मार्ग जिले की सबसे खराब सड़क है। इस सड़क के निर्माण के लिए स्थानीय विधायक लगातार पैरवी कर रहे हैं। सड़क की स्वीकृति भी तीन तीन बार हो चुकी है लेकिन स्वीकृति के बाद टेंडर कराने में मामला अटक जा रहा है। सडक निर्माण का टेंडर हासिल करने के लिए जन प्रतिनिधियों के बीच चल रही खीचतान के कारण पिछले तीन वर्ष में तीन बार इस सड़क निर्माण का टेंडर निरस्त हो चुका है। हाल ही में इसका टेंडर फिर से निरस्त किया गया है। इसको लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि सड़क बनवाने के बजाय जिम्मेदार कमीशनखोरी में उलझे हैं। इस सड़क के निर्माण को लेकर मंगलवार को छात्र पंचायत के बैनर तले सैकड़ों युवाओं ने रमवापुर चौराहे के पास सड़क पर बने गड्ढे में धान की रोपाई कर विरोध प्रकट किया और सड़क निर्माण कराए जाने की मांग की। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडेय ने कहा कि करीब 20 किमी लंबी इस सड़क पर हर जगह गड्ढे ही गड्ढे हैं।

सोमवार के बरसात के बाद यह सड़क पूरी तरह से तालाब मे तब्दील हो गई है। स्थानीय लोग 11 साल से इस दुर्दशा से परेशान हैं और जिम्मेदार अनजान बने है। हजारों छात्रों को प्रतिदिन इसी रास्ते से स्कूल आना जाना पड़ता है, इसके बावजूद भी पीडब्ल्यूडी अफसर और जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान देने की जहमत उठाना जरूरी नहीं समझते हैं। करीब एक लाख की आबादी के लिए यह सड़क किसी लाइफ लाइन से कम नहीं है, लेकिन अब इस रोड पर गड्ढे भी गायब हो चुके हैं। यह सड़क पूरी खेत में तब्दील हो चुकी है। इसी जनसमस्या को लेकर आज हम लोगों ने यहां पर धान रोपा है। मोहनपुर असधा निवासी उमंग मिश्रा व विशाल वर्मा ने बताया कि रास्ता इतना ख़राब है कि बाजार जाते समय लगता है कि इस रोड से मैं जा रहा हूं वापस सुरक्षित आ पाऊंगा कि नहीं। इस अवसर पर रंजीत पाण्डेय, दीनानाथ वर्मा, राजेश मौर्या समेत अन्य मौजूद रहे।


बाबागंज इटियाथोक मार्ग पर धान रोपाई करते छात्र पंचायत के कार्यकर्ता। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### शक्ति संवाद कार्यक्रम में महिलाओं ने साझा किया अनुभव


महिलाओं को जागरुक करते अधिकारी। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार** : परसपुर विकासखंड के लोहंगपुर के कम्पोजिट विद्यालय में आयोजित शक्ति संवाद कार्यक्रम में महिलाओं की आर्थिक प्रगति और आत्मनिर्भरता की सराहनीय तस्वीर सामने आई। मंगलवार को एनआरएलएम के जिला मिशन प्रबंधक अंबिका ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समूह सखी खुशबू शुक्ला और मुन्नी देवी से संवाद किया। मुन्नी देवी ने बताया कि समूह से 60 हजार रुपये लेकर सिलाई व किराना का दुकान करती है। वही समूह सखी खुशबू शुक्ला ने बताया कि समूह से एक लाख रुपये लेकर केले की खेती और भैंस पालन का काम कर रही है।दोनों ने बताया कि गांव की महिलाएं हर सप्ताह नियमित बचत करती हैं और सभी जरूरी रजिस्टर भी व्यवस्थित तरीके से तैयार किए जाते हैं। महिलाओं ने सरकार से मिली सहायता राशि का उपयोग कर बकरी पालन,भैंस पालन,सिलाई, जैसे छोटे व्यवसाय शुरू किए हैं। इससे न केवल वे आत्मनिर्भर बन रही हैं, बल्कि परिवार की आमदनी में भी सहारा दे रही हैं। एनआरएलएम अधिकारियों ने महिलाओं की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश और सुझाव भी दिए ताकि वे और बेहतर ढंग से आगे बढ़ सकें। बीएमएम अमित सिंह ने बताया कि सभी समूहों का भौतिक सत्यापन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक मिशन मैनेजर जितेंद यादव, अमित सिंह, संजू पांडेय, रुचि गुप्ता, सुनीता, गेंदा देवी, सुमन, रेनू पांडेय सुमन तिवारी आदि रहीं।

### इजरायल फिलिस्तीन युद्ध को लेकर भेजा ज्ञापन

**गोंडा** : भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लेनिन वादी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने इजरायल फिलिस्तीन युद्ध को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है। भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि पिछले 20 महीना से अधिक समय से इजरायल की ओर से बमबारी की जा रही है। इस बमबारी में कई फिलिस्तीनों की जान चली गई है। महिलाएं बच्चों को निशाना बनाया जा रहा है। गाजा को जरूरी बुनियादी सुविधा नहीं मिल पा रही हैं । अस्पताल स्कूल और शरणार्थी शिविर को भी निशाना बनाया गया है । इजराइल ने गाजा में राहत सामग्री तक की एंट्री पर रोक लगा दिया है। यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। भारत सरकार ने फिलिस्तीन जनता के साथ मजबूती से खड़ा होने के बजाय इजरायल के प्रति लगातार चुपी का रुख अपनाया है, जो ठीक नहीं है। मांग पत्र में इजराइली सरकार द्वारा किए जा रहे हमले और युद्ध अपराध की निंदा की गई है। सरकार से मांग की गई है कि फिलिस्तीन संघर्ष के प्रति अपने ऐतिहासिक समर्थन को जारी रखते हुए इजरायल के साथ हर तरह का सेना और सुरक्षा सहयोग तुरंत समाप्त करने, राहत सामग्री लेकर जा रहे हैं मेडलिन जहाज से हिरासत में ले गए अंतरराष्ट्रीय स्वयं सेवक को तत्काल रिहाई की जाए। गाजा में बिना रोक-टोक के सहायता पहुंचाई जाए। इजरायली हमले पर रोक लगाये जाने की मांग की गई है। मांग पत्र सौंपने वालों में जिला प्रभारी जमाल खान, राजीव कुमार सिंह, रविंद्र कुमार श्रीवास्तव, सुखसेन सिंह, कौशलेंद्र पांडे, अमित शुक्ला, ईश्वर शरण शुक्ला, डॉक्टर सदानंद गिरी, कृष्ण नारायण वर्मा, पंकज पासवान, रामबहोर विश्वकर्मा, राम केवल ओझा, अख्तर अली समेत अन्य लोग रहे।


जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते भाकपा माले के कार्यकर्ता। अमृत विचार

### खम्भे व पेड़ गिरने से विद्युत आपूर्ति बाधित

**गोंडा** : वजीरगंज क्षेत्र में तेज बरसात व आंधी से खम्भे व पेड़ गिरने से बिजली आपूर्ति बाधित है। बिजली कर्मी लाइनों को दुरुस्त करने में लगे रहे।भोर 3 बजे बंद हुई सप्लाई लाइनों को दुरुस्त करने के बाद शाम 7 बजे तक चालू करने की बात कही जा रही। वजीरगंज उपकेंद्र के वज़ीरगंज, पूरेडाढू, में पेड़ व खम्भे गिरने से सप्लाई बंद है। मोहनपुर उपकेंद्र 11केवीए ट्रांसफॉर्मर पर बिजली गिरने से ब्रेकर क्वायल क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं 33हजर वॉट का इंसुलेटर पंचर हो गया। चंदहा अजबनगर में लाइनों पर पेड़ गिरने से आपूर्ति बंद रही। डुमरियाडीह उपकेंद्र के महादेवा, धनेश्वरपुर, जोकाही, भरहापारा, डल्लापुर, पेड़राही में पोल व पेड़ टूटने से सप्लाई बंद रही। एसडीओ विकास यादव ने बताया कि अधिकांश स्थानों की आपूर्ति शुरू कर दी गई है।

### पंखे का प्लग लगाने के दौरान करंट से छात्र की मौत



**परसपुर, गोंडा, अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम चंदापुर गुरेटी में सोमवार को देर रात 17 वर्षीय सूरज जायसवाल पुत्र विनोद जायसवाल की करंट लगने से मौत हो गई। वह इंटरमीडिएट का छात्र था। यह घटना उस समय हुई जब वह अपने कमरे में पंखे का प्लग बोर्ड में लगा रहा था। स्थानीय लोगों के अनुसार सूरज अचानक बिजली की चपेट में आ गया और बेसुध होकर गिर पड़ा। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसपुर लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना से घर में कोहराम मच गया। मां का रो-रोकर बुरा हाल है और पिता सदमे में हैं। घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार गौड़ ने बताया कि घटना की कोई लिखित सूचना नहीं प्राप्त हुई है।

### शराब की दुकान से लाखों की चोरी

**रुपईडीह :** सोमवार की देर रात कौड़िया के बनगाँई गाँव स्थित देशी शराब की दुकान से लाखों की चोरी हो गई। दुकान के अनुज्ञापी आराधना के पति ने पुलिस को तहरीर देकर अवगत कराया कि अज्ञात व्यक्ति ने दुकान के पीछे की दीवाल तोड़ कर करीब एक लाख 80 हजार रुपये नकद व शराब की 20 बोतल उठा ले गया। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हो रहा है। पुलिस चौकी के प्रभारी अवनीश शुक्ल ने बताया कि मौके का निरीक्षण किया गया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही चोर का पता लगाया जाएगा।

### एजुकेटर भर्ती में लापरवाही का आरोप

**गोंडा** : परिषदीय स्कूलों के परिसर में स्थित आंगनवाड़ी केद्रों पर हो रही स्पेशल एजुकेटर के तैनाती में लापरवाही का आरोप लगा है। शिकायतकर्ता वंदना सिंह का कहना है कि स्पेशल एजुकेटर के 210 पदों के लिए विज्ञप्ति जारी की गई थी। जिसमें 1519 आवेदकों ने आवेदन किया था, लेकिन बेसिक शिक्षा महकमे के अधिकारियों की तरफ से मात्र 630 आवेदकों को ही अभिलेखों के सत्यापन के लिए बुलाया गया है। बाकी बचे 889 आवेदकों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। वंदना सिंह का कहना है कि दूसरे जनपदों में जितने भी आवेदन आए थे उन सभी का अभिलेख सत्यापन कराया गया है लेकिन गोंडा में ऐसा नहीं किया जा रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी को पत्र देकर आवेदकों के साथ न्याय किए जाने की मांग की है।

### महिला ने फांसी लगाकर दी जान, पुलिस जांच मे जुटी



**मनकापुर,गोंडा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के फिरोजपुर गांव में एक 28 वर्षीय महिला ने पारिवारिक नाराजगी के चलते छत के पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के दो बेटियां और एक सात माह का पुत्र है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फिरोजपुर गांव निवासी राजेश का अपनी पत्नी से किसी बात कहा सुनी हो गयी जिसपर पत्नी गीता नाराज होकर कमरे में चली गई और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। कुछ देर बाद जब वह बाहर नहीं निकली, तो पति राजेश और गांववालों ने खिड़की तोड़कर देखा तो गीता पंखे से फांसी के फंदे पर लटक रही थी।राजेश के अनुसार वह मुंबई में मजदूरी करता है और इन दिनों घर पर ही रह रहा था।पत्नी पति के साथ मुम्बई जाने की जिद कर रही थी जिसे मना करने से नाराज होकर पत्नी ने आत्महत्या कर लिया। पति की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मृतका का मायका थाना खोड़ारे क्षेत्र के नरायनपुर गांव में है। मृतका की शादी वर्ष 2017 में राजेश के साथ हुई थी जिससे बड़ी बेटी सोनाक्षी 7वर्ष,दिव्याशी 5वर्ष व 7 माह का अनूप है। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि मृतका के पति की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है।

असम्यगुपयुक्तं हि ज्ञानं सुकुशलैरपि।
उपलभ्यं चाविदितं विदितं चाननुष्ठितम्॥

वह ज्ञान बेकार है जिससे कर्तव्य का बोध न हो और वह कर्तव्य भी बेकार है जिसकी कोई सार्थकता न हों।

## संपादकीय

# भू-राजनीतिक तनावों के बीच

कनाडा में जी-7 की बैठक ऐसे वक्त में हो रही है, जब पूरी दुनिया में युद्ध की हलचल मची है। चाहे वो रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध हो या ईरान और इजरायल की लड़ाई। जी-7 दुनिया की सात उन्नत अर्थव्यवस्थाओं- फ्रांस, अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, जापान, इटली और कनाडा तथा यूरोपीय संघ का एक अनौपचारिक समूह है। इसके सदस्य वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए हर साल जी-7 शिखर सम्मेलन में मिलते हैं। भारत जी-7 का सदस्य नहीं है। भारत लगातार छठी बार एक अतिथि देश के रूप में जी-7 में भाग ले रहा है, जो मौजूदा समय में विश्व मंच पर भारत के महत्व को रेखांकित करता है। कनाडा पहुंचने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी प्राथमिकताएं भी तय कर दी। उन्होंने कहा वे ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर भी जोर देंगे। ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। पीएम मोदी ने इससे पहले साइप्रस में कहा था कि ये युग युद्ध का नहीं है। विशेषज्ञों के मुताबिक ग्लोबल साउथ में भारत व अन्य देशों की बढ़ती भूमिका व कई धुरियों में बंटी वैश्विक परिस्थितियों ने जी-7 की अहमियत को कम कर दिया है। जी-7 का प्रभाव घट रहा है। भारत को ग्लोबल साउथ की प्रमुख आवाज माना जाता है। विकसित देशों को लग गया है कि भारत के बिना चलने वाला नहीं है।

भारत दुनिया का पांचवा सबसे बड़ा देश है और अब तो चौथी बड़ी इकोनॉमी हो चुकी है। ऐसे में भारत को साथ लाना बहुत जरूरी है। भारत जैसे देशों को जी-7 में शामिल करना इसे फिर से प्रासंगिक बनाने का एक तरीका हो सकता है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने भारत को आउटरीच अतिथि देश के रूप में जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। कार्नी द्वारा दिया गया आमंत्रण नई सरकार की भारत के साथ संबंधों को सुधारने की मंशा का संकेत है जो खालिस्तानी समर्थक अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद सबसे खराब स्थिति में पहुंच गए थे। सम्मेलन भारत के लिए अपनी प्राथमिकताओं को वैश्विक मंच पर पेश करने का अवसर भी है। भू-राजनीतिक तनावों के बीच प्रधानमंत्री मोदी की कई अन्य वैश्विक नेताओं के साथ भी द्विपक्षीय बैठकों से कूटनीतिक संबंधों को और मजबूती मिलेगी। भारत की जी-20 अध्यक्षता के बाद, जी-7 में उसकी सक्रिय भागीदारी वैश्विक नेतृत्व में भारत की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करती है।

# जनगणना 1951 से 2025 तक, पहले कौन देगा जानकारी



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

बेशक, 1951 की जनगणना, जिसे 'स्वतंत्रता जनगणना' भी कहा जाता है, आजादी के बाद भारत के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव थी। गोपालस्वामी ने गणना को लोकतांत्रिक तरीके से कराने में अहम भूमिका निभाई, ताकि यह पूरे देश में व्यवस्थित ढंग से हो सके। दरअसल 1951 की जनगणना में कई चुनौतियां थीं।

देश में जनगणना शुरू होने वाली है। केन्द्र सरकार ने भारत की जनगणना कराने संबंधी अधिसूचना जारी कर दी है। इस बार जनगणना की प्रक्रिया दो चरण में होगी, जिसका पहला चरण एक अक्टूबर 2026 तक पूरा किया जाएगा, जबकि दूसरा और अंतिम चरण एक मार्च 2027 तक पूरा होगा। परंपरा रही है कि जनगणना का काम देश के राष्ट्रपति से शुरू होता है। सबसे पहले जनगणना के कार्य में लगे कर्मी राष्ट्रपति भवन जाकर राष्ट्रपति से उनके बारे में जानकारियां एकत्र करते हैं। आजाद भारत की पहली जनगणना का श्रीगणेश 20 फरवरी 1951 से शुरू हुआ। उस दिन भारत के राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद से सारी जानकारियां भारत के जनगणना उपायुक्त रामेश्वर दयाल ने राष्ट्रपति भवन में जाकर हासिल की। डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने अपनी उम्र 66 वर्ष, पेशा "राष्ट्रपति" बताया और बताया था कि कि उन्हें हिंदी के अलावा अंग्रेजी और बांग्ला भाषाएं आती हैं। उनके बाद उनकी पत्नी श्रीमती राजवंशी देवी से जानकारी ली गई थीं।

दरअसल भारत जैसे विशाल देश में जनगणना कराना सच में बहुत बड़ी चुनौती रही है। देश के आजाद होने के बाद इंडियन सिविल सेवा (आईसीएस) के मद्रास कैडर के तेज-तर्रार अफसर आर.ए. गोपालस्वामी के नेतृत्व में पहली बार 1951 में जनगणना करवाई गई थी, जो 1872 से हर दस साल में होने वाली नौवीं जनगणना थी। यह जनगणना 1948 के जनगणना अधिनियम के तहत हुई, जिसने भारत में जनगणना की प्रक्रिया को औपचारिक और कानूनी रूप दिया। गोपालस्वामी ने डब्ल्यू. डब्ल्यू.एम. येट्स की जगह ली, जिन्हें 1951 की जनगणना के लिए नियुक्त किया गया था, लेकिन 1948 में उनकी मृत्यु हो गई थी। सरकार ने गोपालस्वामी को 1949 में स्वतंत्र भारत का पहला जनगणना आयुक्त कर दिया था। वे भारतीय सिविल सेवा के 1927 बैच के अफसर थे। कुछ सालों तक मौजूदा तमिलनाडु में अहम पदों पर रहने के बाद वे 1940 में नई दिल्ली आ गए थे। यहां वे कृषि विभाग में भी रहे। गोपालस्वामी के मार्गदर्शन में 1951 की जनगणना में उम्र, लिंग, वैवाहिक स्थिति, धर्म, शिक्षा और पेशे जैसे सामाजिक और आर्थिक आंकड़े जुटाए गए। जनगणना के अनुसार भारत की आबादी 36.10 करोड़ थी, जिसमें पुरुष-महिला अनुपात 1000:946 था। साक्षरता दर 18 प्रतिशत थी और औसत आयु 32 साल थी। इसके अलावा, विभाजन के कारण हुए विस्थापन का भी डेटा दर्ज किया गया, जिसमें 72.26 लाख मुस्लिम पाकिस्तान गए और 72.49 लाख हिंदू और सिख भारत आए। इस डेटा ने आजाद भारत की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को समझने की नींव रखी।

यहां पर भारत के पहले जनगणना आयुक्त डब्ल्यूसी प्लौडेन की चर्चा करना भी जरूरी है। उन्होंने 1881 में ब्रिटिश शासन के तहत भारत की पहली जनगणना आयोजित करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1881 की जनगणना को भारत में पहली व्यवस्थित और व्यापक जनगणना माना जाता है।

बेशक, 1951 की जनगणना, जिसे 'स्वतंत्रता जनगणना' भी कहा जाता है, आजादी के बाद भारत के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव थी। गोपालस्वामी ने गणना को लोकतांत्रिक तरीके से कराने में अहम भूमिका निभाई, ताकि यह पूरे देश में व्यवस्थित ढंग से हो सके। दरअसल 1951 की जनगणना में कई चुनौतियां थीं, जैसे कम साक्षरता दर (केवल 18 प्रतिशत) और देश की विशालता और विविधता के कारण लॉजिस्टिक समस्याएं। गोपालस्वामी ने इन बाधाओं के बावजूद व्यवस्थित तरीके से जनगणना सुनिश्चित की। जम्मू-कश्मीर में अस्थिरता के कारण वहां 1951 में जनगणना नहीं हो सकी और वहां की आबादी का अनुमान 1941 की जनगणनाओं के आधार पर लगाया गया। उनकी नेतृत्व क्षमता ने डेटा की विश्वसनीयता बनाए रखी।

आप जानते हैं कि 1951 की जनगणना का डेटा भारत के पहले पंचवर्षीय योजना (1951-1956) के लिए आधार बना। इसने आर्थिक विकास, शिक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए नीतियां बनाने में मदद की। कम साक्षरता और आयु जैसे मुद्दों को उजागर कर यह लक्षित हस्तक्षेपों का आधार बना। गोपालस्वामी ने जनगणना को साक्ष्य-आधारित शासन का महत्वपूर्ण साधन बनाया, जो आज भी भारत की नीति निर्माण को प्रभावित करता है। 1951 की जनगणना भारत के सांख्यिकीय इतिहास में एक मील का पत्थर है, जिसने आजादी के शुरुआती दौर में देश की जनसांख्यिकीय और सामाजिक-आर्थिक स्थिति की महत्वपूर्ण जानकारी दी। गोपालस्वामी 1949-1953 तक देश के जनगणना आयुक्त रहने के बाद वापस मद्रास चले गए थे। वे केंद्र सरकार के सेवा से 1963 में रिटायर हो गए थे। यहां पर भारत के पहले जनगणना आयुक्त डब्ल्यूसी प्लौडेन की चर्चा करना भी जरूरी है। उन्होंने 1881 में ब्रिटिश शासन के तहत भारत की पहली जनगणना आयोजित करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1881 की जनगणना को भारत में पहली व्यवस्थित और व्यापक जनगणना माना जाता है, और इसकी देखरेख डब्ल्यूसी प्लौडेन ने की। बता दें कि 1881 की जनगणना पूरे भारत में एक ही समय (17 फरवरी, 1881) को आयोजित की गई थी। यह पहली बार था जब भारत में एक निश्चित तिथि पर सभी क्षेत्रों में एक साथ जनगणना की गई। बहरहाल, इस बार की जनगणना में देश जानने को उत्सुक है कि पिछली 2011 जनगणना के बाद पारसी, बौद्ध, यहूदी आदि की आबादी कितनी बढ़ी। इन समूहों की संख्या और स्थिति का पता लगाना सामाजिक समावेशन, नीति निर्माण और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है। ये सब भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत के अभिन्न अंग हैं। पारसी, जो मूल रूप से फारस (आधुनिक ईरान) से भारत आए, की 2011 की जनगणना के अनुसार, आबादी 57,264 थी, जो उनकी घटती जनसंख्या को दर्शाता है। जनगणना के माध्यम से उनकी सटीक संख्या और जनसांख्यिकीय स्थिति का पता लगाना उनके सांस्कृतिक संरक्षण के लिए आवश्यक है।

2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में लगभग 84 लाख बौद्ध थे, जो कुल जनसंख्या का 0.7 प्रतिशत थे। हालांकि, कुछ बौद्ध विद्वानों का दावा है कि उनकी वास्तविक संख्या इससे अधिक हो सकती है, क्योंकि कई दलित बौद्धों को जनगणना में हिंदू के रूप में दर्ज किया जाता है। बौद्ध समुदाय मुख्य रूप से महाराष्ट्र, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और लद्दाख में केंद्रित है। जनगणना के माध्यम से उनकी सटीक संख्या और भौगोलिक वितरण का पता लगाना उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति को समझने और उनके लिए उपयुक्त नीतियां बनाने में मदद करता है।

भारत में यहूदी समुदाय की संख्या बहुत कम है, 2011 की जनगणना के अनुसार लगभग 5,000। ये मुख्य रूप से मिजोरम, मणिपुर (बेने मेनाशे) और आंध्र प्रदेश में रहते हैं। यहूदी समुदाय की उपस्थिति भारत की धार्मिक सहिष्णुता का प्रतीक है। दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से जुड़े हुए ब्रदर सोलोमन जॉर्ज कहते हैं कि देश में छोटे समूहों के हकों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। ये भी देश के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। बता दें कि दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने ही सेंट स्टीफंस कॉलेज और सेंट स्टीफंस अस्पताल की स्थापना की थी। हाल ही में इसने सोनीपत में इसने सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल भी खोला है। वे राजघाट और शांतिवन में होने वाली सर्वधर्म सभाओं में दशकों से भाग ले रहे हैं। बेशक, छोटे धार्मिक समूहों की जनसंख्या का आकलन सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देने और उनके लिए विशिष्ट नीतियां बनाने में सहायक होगा। किसी भी देश के लिए जनगणना बेहद होती है। उम्मीद करनी चाहिए कि इसमें सारे देशवासी भाग लेंगे और सही जानकारी देंगे।

## प्रसंगवश

# ताकि घृणास्पद भाषण पर लगाया जा सके अंकुश

**दिवस विशेष**

हेट स्पीच या यूं कहें कि घृणास्पद भाषण किसी व्यक्ति, समुदाय और देश को नुकसान पहुंचाते हैं, क्योंकि हेट स्पीच किसी भी देश के सामाजिक सद्भाव, आपसी भाईचारे, शांति को भंग करने का काम करती है। यह बहुत ही दुखद है कि आज हमारे समाज में ऐसे कई लोग मौजूद हैं, जिनके खिलाफ नफरत फ़ैलाने वाले भाषण के मामले दर्ज हैं। वास्तव में, नफरती भाषण (हेट स्पीच) समाज में हिंसा, भेदभाव की भावना पैदा करते हैं तथा असहिष्णुता को उकसाते हैं और इस प्रकार के भाषणों से समाज और देश को बहुत नुकसान पहुंचता है।

यह ठीक है कि सोशल मीडिया आज के समय में अभिव्यक्ति का एक बड़ा और शानदार माध्यम है, लेकिन यह बहुत ही अफसोसजनक है कि सोशल मीडिया आज धमकियों का प्लेटफार्म बन चुका है। वास्तव में, सोशल मीडिया पर आज किसी को भी ट्रोल करना, किसी व्यक्ति विशेष पर ऊल-जलूल और अभद्र टिप्पणियां करना, धमकियां देना, जो भी मन में आए वह कंटेंट डाल देना जैसी बातें आम हो चली हैं। सच तो यह है कि आज सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से लोगों में सहानुभूति की कमी, साइबर बुलिंग (बिना किसी डर के दूसरों को निशाना बनाना) और व्यक्तिगत जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। लोग अब अपनी निजता का सम्मान नहीं करते हैं और दूसरों की भावनाओं की बिल्कुल भी परवाह नहीं करते हैं कि वे एक सार्वजनिक स्टेज (मंच) पर क्या कह रहे हैं और वास्तव में उन्हें क्या कहना चाहिए और क्या नहीं कहना चाहिए तथा इसका समाज और देश पर क्या और किस कदर प्रभाव पड़ सकता है? वास्तव में होना तो यह चाहिए कि सोशल मीडिया पर हम दूसरों के प्रति सम्मान और सहानुभूति दिखाएं, और उनके विचारों का सम्मान करें। सोशल मीडिया पर गलत सूचनाओं, जानकारी को शेयर ना करें और सोशल मीडिया पर अपने समय को सीमित करते हुए हम व्यक्तिगत जीवन को प्राथमिकता दें।



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

हेट स्पीच दूसरों की भावनाओं को आहत करती है। वास्तव में इस दुनिया को आज नफरत की नहीं अपितु प्यार की जरूरत है। नफरती टिप्पणियां उकसातीं हैं, लेकिन आज हेट स्पीच जैसे एक फैशन सा हो चला है, यह हमारे लोकतंत्र पर एक आघात है। बहरहाल, भारत के विधि आयोग की 267वीं रिपोर्ट में घृणास्पद भाषण को मुख्य रूप से नस्ल, जातीयता, लिंग, यौन अभिविन्यास, धार्मिक विश्वास और इसी तरह के संदर्भ में परिभाषित व्यक्तियों के एक समूह के खिलाफ नफरत को उकसाने वाला बताया गया है। कुल मिलाकर यह बात कही जा सकती है कि हेट स्पीच किसी भी समाज और देश पर व्यापक हानिकारक प्रभाव छोड़ती है। बहरहाल, आज हर कहीं पर घृणास्पद भाषणों (हेट स्पीच) का बोलबाला हो गया है, इसलिए जरूरत इस बात की है ऐसे घृणास्पद भाषणों पर रोक लगाई जाए। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज जरूरत इस बात की है हमारा समाज, हमारी देश, सामाजिक संगठन और सरकारें हेट स्पीच का मुकाबला करने के लिए कृत संकल्पित होकर आगे आए। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार घृणास्पद भाषण, 'किसी भी प्रकार का संचार है जो किसी व्यक्ति या समूह के खिलाफ भेदभाव, शत्रुता या हिंसा को उकसाता है, लक्षित करता है, या उसका समर्थन करता है।' यह भाषण/स्पीच नस्ल, धर्म, लिंग, यौन अभिविन्यास, राष्ट्रीयता या किसी अन्य पहचान के आधार पर हो सकता है। हमारे देश के संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को मौलिक अधिकार के रूप में गारंटी दी गई है, लेकिन यह अधिकार निरपेक्ष नहीं है और, यदि हम यहां पर भारत में हेट स्पीच की कानूनी स्थिति की बात करें तो भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19(2) संविधान में भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर उचित प्रतिबंध लगाने का प्रावधान करता है। डिजिटल या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का प्रभाव लंबे समय तक रहता है, इसलिए इसका विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित किया जाना आज की महत्ती आवश्यकता है। हेट स्पीच (द्वेषपूर्ण/घृणास्पद भाषण/नफरती भाषण) के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस 18 जून को मनाया जाता है।

# राज्यों में होगा परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का विस्तार



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

केंद्र सरकार अब देश में परमाणु ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने की दृष्टि से ज्यादातर राज्यों में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करेगी।

भारत की जिस तेजी से आबादी और अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, उसके प्रबंधन और सुचारू सुविधा के लिए शहरीकरण के साथ ऊर्जा की उपलब्धता आवश्यक है। इसी नजरिये से परमाणु ऊर्जा का उत्सर्जन बढ़ाने की दिशा में तेजी से प्रगति के उपाय शुरू हो गए हैं। भीषण गर्मी के चलते इस साल बिजली की मांग 2.41 लाख मेगावाट के चरम पर पहुंच चुकी है। ऊर्जा मंत्री मनोहरलाल का दावा है कि वर्तमान समय में देश में बिजली की आपूर्ति और मांग के बीच महज 0.1 प्रतिशत का अंतर है। जबकि 12 साल पहले 2013 में आपूर्ति की तुलना में मांग 4.2 प्रतिशत अधिक रहती थी। किसी विशेष स्थिति में यह मांग 2.70 लाख मेगावाट भी हो जाती है। ऐसे में विद्युत की कमी पूरी हो और ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन भी न हो, इस मकसद पूर्ति के लिए परमाणु ऊर्जा उपयुक्त मानी जाती है। एक बार यदि कोई परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित हो जाता है तो लंबे समय तक ऊर्जा की आपूर्ति बनी रहती है।

केंद्र सरकार अब देश में परमाणु ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने की दृष्टि से ज्यादातर राज्यों में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करेगी। ये संयंत्र केवल उन राज्यों में नहीं लगाए जाएंगे, जो भूकंप प्रभावित राज्य हैं। ऐसा इसलिए जरूरी है, क्योंकि भविष्य में जब कार्बन उत्सर्जन नियंत्रित करने के लिए ताप बिजली संयंत्रों पर निर्भरता खत्म की जाए तो परमाणु ऊर्जा जैसे विश्वसनीय व पर्यावरण को न्यूनतम हानि पहुंचाने वाले ऊर्जा स्रोतों को विद्युत आपूर्ति के लिए प्रयोग में लाया जा सके। सरकार ने इस साल के आम बजट में वर्ष 2047 तक परमाणु ऊर्जा क्षमता को मौजूदा 8000 मेगावाट से बढ़ाकर एक लाख मेगावाट करने का लक्ष्य रखा है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए देश में अनेक छोटे-छोटे परमाणु ऊर्जा रिएक्टर आधारित संयंत्र लगाए जाने की तैयारी में केंद्र सरकार हैं।

ऊर्जा मंत्री मनोहरलाल ने कहा है कि 'वर्ष 2037 के बाद ताप विद्युत बिजली उत्पादन संयंत्र नहीं लगाए जाएंगे।' यह वर्ष 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में बड़ी पहल है। इस बदली स्थिति में जिन राज्यों में ताप बिजली संयंत्र बंद किए जाएंगे, वहां परमाणु ऊर्जा संयंत्रों से बिजली का उत्पादन होगा। निजी क्षेत्र की कंपनियों को भी इन संयंत्रों के लगाने का दायित्व सौंपा जाएगा। जम्मू-कश्मीर, गुजरात का कुछ भू-भाग, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार के कुछ क्षेत्रों में भूकंप की संभावना हमेशा ही बनी रहती है। इसलिए इन क्षेत्रों में ये संयंत्र नहीं लगाए जाएंगे। भारत के अभी महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, राजस्थान और उप्र में ही परमाणु ऊर्जा संयंत्र बिजली का उत्पादन कर रहे हैं। इनकी संयुक्त बिजली उत्पादन क्षमता 8000 मेगावाट से कुछ कम हैं। जबकि सरकार द्वारा 12,000 मेगावाट क्षमता की बिजली उत्पादन की मंजूरी इन संयंत्रों को मिली हुई है। हालांकि भारत सरकार के उपक्रम परमाणु ऊर्जा निगम ने मध्यप्रदेश में चार नए परमाणु ऊर्जा संयंत्र लगाने की मंजूरी हाल ही में दी है। जल्दी ही ये संयंत्र नीमच, देवास, सिवनी और शिवपुरी में लगेंगे। सब कुछ सही रहा तो जल्दी ही इन परियोजनाओं पर काम शुरू हो जाएगा। इन संयंत्रों के शुरू हो जाने पर 1200 मेगावाट की अतिरिक्त बिजली पैदा होगी। भारत की परमाणु ऊर्जा क्षमता पिछले 10 साल में करीब दोगुनी हो चुकी है। 2031 तक इसके तीन गुना होने की उम्मीद है। बिजली मंत्री ने यह भी बताया कि फिलहाल देश में बिजली उत्पादन की कुल स्थापित क्षमता 4.72 लाख मेगावाट हैं, जिसमें 2.40 लाख मेगावाट कोयला आधारित ताप विद्युत है। वहीं 2.22 लाख मेगावाट उत्पादन क्षमता नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से है। दिसंबर 2025 तक इस नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन 2.50 लाख मेगावाट हो जाने की उम्मीद है, इस लक्ष्य की पूर्ति हो जाने पर भारत उन देशों में शामिल हो जाएगा, जिनमें ताप संयंत्रों से ज्यादा बिजली का उत्पादन नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों से होता है।

ताप विद्युत परियोजनाओं में कोयला जलाया जाता है। इस कारण बड़ी मात्रा में वायु प्रदूषित होती है। जो अनेक बीमारियों का कारण बनती है। जबकि परमाणु ऊर्जा से पैदा बिजली कार्बन मुक्त होने के साथ सस्ती भी होती है। भारत में कुल ऊर्जा के उत्पादन में 80 प्रतिशत बिजली केवल जीवाश्म ईंधन के रूप में कोयला को ताप विद्युत घरों में जलाने से प्राप्त होती है। पहली बार है जब परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में सरकार निजी कंपनियों से पूंजी निवेश की मांग कर रही है। फिलहाल भारत में परमाणु ऊर्जा कुल बिजली उत्पादन की तुलना में महज दो प्रतिशत भी नहीं है। यदि यह निवेश बढ़ता है तो 2030 तक अपनी स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता का 50 प्रतिशत गैर जीवाश्म ईंधन के उपयोग से प्राप्त लक्ष्य को हासिल करने में सहायता मिलेगी।

## सोशल फोरम

# घूरना व निहारना

देखना, ताकना, घूरना, निहारना। ये सब जो हैं खतरे का सबब हैं। देखना से ताकना थोड़ा ज्यादा और निहारना सबसे ज्यादा खतरनाक गतिविधि है। देखना, क्षणिक अचानक। इसमें प्रायः दूरगामी इरादे शामिल होते नहीं। इसे अन्यथा नहीं लिया जाता। ताकने को हमारे यहां छिछोरापन कहा जाता है। छिछोरापन पीटे जाने का निमंत्रण है। छिछोरे पीटे जाते है और आमतौर पर छिछोरों द्वारा ही पीटे जाते हैं। निहारने में श्रद्धा का पुट, आरती उतारने और बलिहारी जाने जैसा भाव। और जो बलिहारी जाता है उसकी बलि चढ़ती ही है।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

देखने को निहारना माना जाए या ताकने मे गिना जाए ये सामने वाले के मूड पर निर्भर करता है। मुमकिन है जिसे आपने देखा भर वो उसे वो निहारना मान ले। निहार रहे हों वो उसे ताकना गिन ले। अब ये उसके उपर कि वो उसका बुरा माने या अच्छा माने। बुरा मानने में आप के साथ बुरा हो सकता है। तत्काल मौके पर ही ठोके जा सकते हैं आप। पर अच्छा मानने में भी अच्छा हो ये बात ठोक बजा कर नहीं कही जा सकती।

अच्छा मानने में राजी हो जाने की संभावनाएं। अच्छा मानने वाले साथ हो लेते हैं। ये अच्छा हो तो अच्छी बात। पर ये इतना बुरा भी हो सकता है कि आप फिर ज़िंदगी भर इसका सोग मनाए कि ये उस निहारने को ताकना मान लेती। बुरा मान जाती तो सौदा सस्ते में निपट जाता।

सो देखें। पर ऐसे कि सामने वाले को ताकना न लगे। ताकना लग भी जाए तो निहारना हरगिज न लगे। जिसे आपका निहारना पसंद आ जाए वो चाहती है आप उसे निरंतर निहारे। समय चाहिए होता है निहारने के लिए। निहारना जिम्मेदारी है। ज़िम्मेदारी उठाने के लिए पैसा कमाना पड़ता है। पैसे कमाने के लिए नब्बे घंटे काम करना पड़ सकता है। नब्बे घंटे काम करने के बाद आप निहारने लायक़ नहीं बचते। नब्बे घंटे काम करने का माद्दा बस कोल्हू के बैल में। कोल्हू के बैल की आंखों पर पट्टी बाधीं जाती है ताकि वो किसी को निहार न सके। यदि आप बैल नहीं होना चाहते। आदमी बने रहना चाहते हैं तो देखने या ताकने से काम चलाएं। निहारने से बचे वक्त में काम करें। इसमें आपका तात्कालिक नुकसान भले हो पर आपके दीर्घकालिक हित इसी में हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

# अर्थशास्त्र की विखंडन-यात्रा



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भारतीय विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र का पृथक्करण सत्ता के डर, नियंत्रण की आकांक्षा, और बौद्धिक स्वायत्तता के अभाव से उत्पन्न हुआ।

आजादी के पहले तक प्रायः भारतीय विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र एक ही छत के नीचे पढ़ाए जाते थे और राजनीतिक अर्थशास्त्र की बहुत प्रतिष्ठा थी। अर्थशास्त्र के इतिहास की भी। लेकिन आजादी के बाद इसमें बहुत संरचनात्मक परिवर्तन हुए। स्वतंत्र भारत के शैक्षणिक ढांचे में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र का पृथक्करण हुआ और यह मात्र पाठ्यक्रमीय पुनर्संयोजन नहीं था, बल्कि वह एक गहरे राजनीतिक-वैचारिक चिंतन की अनुपस्थिति और नियंत्रण की आकांक्षा का प्रतीक था। विशेष रूप से राजनीतिक अर्थशास्त्र, जो राज्य, शक्ति, वर्ग, उत्पादन और सामाजिक संबंधों के अंतर्विरोधों की पड़ताल करता है, उसे योजनाबद्ध ढंग से शैक्षणिक मुख्यधारा से बाहर कर दिया गया।

लेख का उद्देश्य यह समझना है कि क्यों राजनीतिक अर्थशास्त्र को असुविधाजनक माना गया, क्यों अधिकांश भारतीय विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र को कृत्रिम रूप से अलग कर दिया गया, क्यों दिल्ली विश्वविद्यालय और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों को आंशिक अपवाद स्वरूप यह परंपरा सीमित रूप में जीवित रखने दी गई, और क्यों मैथेमेटिकल इकोनोमिक्स तथा इकोनोमेट्रिक्स जैसे उपविषय, समाज की आर्थिक समझ बढ़ाने में विफल होकर, मात्र अकादमिक खिलौने बनकर रह गए।

राजनीतिक अर्थशास्त्रः सत्ता और समाज का दर्पणः राजनीतिक अर्थशास्त्र वह अनुशासन था जो यह पूछता था कि नीति किसके पक्ष में बनाई जाती है, किसके संसाधनों का हस्तांतरण किसके लिए होता है और कौन-सी आर्थिक प्रक्रिया समाज के किन वर्गों को हाशिये पर डालती है। यह अनुशासन मार्क्स, स्मिथ, रिकार्डो, मिल और गांधी जैसे चिंतकों की परंपरा में सत्ता और मूल्य के बीच संबंध को केंद्र में रखता था।

किन्तु स्वतंत्र भारत में इस अनुशासन को तेजी से हाशिये पर डाल दिया गया। राजनीति और नैतिकता को अर्थशास्त्र से काटकर, उसे एक 'तथ्यात्मक और निरपेक्ष विज्ञान' के रूप में गढ़ा गया, जो 'राज्य की योजना' में सहयोगी तो हो, पर प्रश्नकर्ता नहीं। राजनीतिक अर्थशास्त्र के स्थान पर 'डाटा संचालित', 'मॉडल आधारित', 'सुधारात्मक' और 'सांख्यिकी-केंद्रित' अर्थशास्त्र का उदय हुआ- जिसमें सत्ता, वर्ग और दमन के लिए कोई स्थान नहीं बचा।

भारतीय संदर्भ में यथार्थ और सैद्धांतिक अर्थशास्त्र के बीच खाईः भारत का समाज एक असाधारण संरचना वाला समाज है-जाति, पितृसत्ता, श्रम-अवमूल्यन, कृषि-निरादर, धार्मिक असमानता और क्षेत्रीय विषमताएं यहां आर्थिक निर्णयों के गहरे कारक हैं। फिर भी भारतीय विश्वविद्यालयों में सैद्धांतिक अर्थशास्त्र, विशेष रूप से मैथेमेटिकल इकोनोमिक्स और इकोनोमेट्रिक्स, ने इन जटिलताओं से आंख चुरा ली।

इन विषयों ने ऐसी भाषा और विधियों का विकास किया जो आम सामाजिक यथार्थ से संवाद नहीं कर सकती थी। वे ऐसे समीकरणों में व्यस्त रहे जिनमें न किसान था, न दलित, न महिला, न लघु व्यापारी, न ही बेरोजगार युवा। नीति-निर्माण के लिए इनका योगदान शून्य नहीं तो नगण्य रहा।

इकोनोमेट्रिक्स, जो डेटा के 'सटीक' विश्लेषण का दावा करता है, अक्सर पूर्वग्रह से ग्रस्त मॉडल और अविश्वसनीय आंकड़ों पर टिका रहा। मैथेमेटिकल इकोनोमिक्स, जो 'यथार्थ को अमूर्त संख्याओं' में व्यक्त करता है, उस यथार्थ को खो बैठा जिसे वह मॉडलित करने चला था। इस प्रकार, ये विषय वैचारिक उपकरण बनने के बजाय अकादमिक 'खिलौने' बनकर रह गए, जिन्हें कुछ विद्वान 'खेलने' के लिए तो उत्साहित रहते हैं, पर नीति-निर्माण या सामाजिक बदलाव के मोर्चे पर इनका कोई प्रभाव नहीं होता।

भारतीय विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र का पृथक्करण सत्ता के डर, नियंत्रण की आकांक्षा, और बौद्धिक स्वायत्तता के अभाव से उत्पन्न हुआ। राजनीतिक अर्थशास्त्र को असुविधाजनक इसलिए माना गया क्योंकि वह व्यवस्था से असुविधाजनक प्रश्न पूछता थाः विकास किसके लिए? नीति किसके विरुद्ध? योजना किनके श्रम से? इस वैचारिक निष्कासन ने न केवल सामाजिक-आर्थिक विश्लेषण को पंगु किया, बल्कि मैथेमेटिकल इकोनोमिक्स और इकोनोमेट्रिक्स जैसे विषयों को मूल्य-विहीन, मानव-विमुख, और समाज-विस्मृत 'खिलौनों' में बदल दिया। आज जब भारत असमानता, बेरोजगारी, किसान संकट, पर्यावरणीय आपातकाल और लोकतांत्रिक क्षरण से जूझ रहा है- तब आवश्यक है कि राजनीतिक अर्थशास्त्र को पुनः मुख्यधारा में लाया जाए। केवल वही अनुशासन है जो यह साहस कर सकता है कि अर्थव्यवस्था को सत्ता, श्रम, समाज और संघर्ष की समग्र परिप्रेक्ष्य में देखे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# पुलिस मुठभेड़ में बदमाश के पैर में लगी गोली

## चीनी व्यापारी से लूट का हुआ खुलासा, 65 हजार रुपये नकदी, असलहा और मोटरसाइकिल बरामद

पयागपुर, बहराइच

**अमृत विचार।** हुजूरपुर-पयागपुर मार्ग पर अर्जुनपुरवा मोड़ के पास सोमवार रात पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग की जवाब में पुलिस से भी गोलियां चलाईं। जिसमें बदमाश के पैर में गोली लगी और वह गिर गया। पुलिस ने इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पूछताछ में गिरफ्तार बदमाश ने बताया कि गत दिनों चीनी व्यापारी के आंख में मिर्च डालकर उसने अपने आने दो साथियों के साथ घटना को अंजाम दिया था पुलिस ने उसके पास है 65 500



बदमाश को पकड़ने वाली पुलिस टीम। अमृत विचार

और असलहे बरामद किए हैं। पुलिस को भी दो आरोपियों की तलाश है। गिरफ्तार बदमाश के ऊपर बहराइच और श्रावस्ती में आधा दर्जन से अधिक गंभीर धाराओं में मामले दर्ज हैं और शातिर अपराधी है।

पुलिस के अनुसार 11 जून को बाइक सवार तीन बदमाशों ने झाला गांव के पास व्यापारी जितेंद्र केडिया पुत्र स्व. नंदकिशोर केडिया को रोककर उसके आंख में लाल मिर्च पाउडर झोंक दिया और रुपयों से भरा बैग लेकर फरार हो गए थे। व्यापारी इकौना से तगादा कर वापस आ रहा था। लुटेरों ने घटना को करीब पांच बजे अपराह्न गोंडा बहराइच मार्ग पर खुटेहना चौकी के निकट अंजाम दिया था। जिससे पुलिस महकमें में हड़कंप मच गई थी। पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने घटना के खुलासे के लिए टीम गठित की थी। पुलिस के मुताबिक वारदात में विजय बाइक चला रहा था, धर्मेश ने व्यापारी की आंख में मिर्ची डाली और अमरेश यादव ने तमंचा दिखाकर लूट को अंजाम दिया। सोमवार को मुखबिर की सूचना पर आरोपी को घेर लिया तो आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की जिससे आरोपी के दाहिने पैर में गोली लग गई। वह गिर गया पुलिस में से गिरफ्तार कर लिया। घायल आरोपी को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा है। मौके से पुलिस ने 315 बोर का कट्टा, 2 कारतूस, 65 हजार 500 रुपये नकद, आधार कार्ड, मोबाइल, दो कैंसिल बैंक चेक और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी का लंबा आपराधिक इतिहास है और उसके खिलाफ विभिन्न थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। एसपी सिटी रामानंद कुशवाहा ने बताया कि घटना के शीघ्र अनावरण के लिए स्वाट और सर्विलांस टीम की मदद ली जा रही थी। दबिश लगातार जारी है।

# 164 बाल श्रमिकों को कराया अवमुक्त

**बहराइच, अमृत विचार।** बालश्रम उन्मूलन समिति, जिला टास्क फोर्स की बैठक एवं अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध सप्ताह के अंतर्गत विकास भवन सभागार में प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सभी सदस्यों को बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम के प्रावधानों के विषय में जागरूक करते हुए बाल श्रम की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। विगत एक वर्ष में जिला टास्क फोर्स की संयुक्त टीम द्वारा 133 निरीक्षण करते हुए 164 बाल श्रमिकों को कार्य से अवमुक्त कराया गया तथा 84 सेवायोजकों के विरुद्ध प्रभियोजना दर्ज कराया गया। बाल श्रमिक विद्या योजना अंतर्गत 53 बच्चों को रुपये 6, 58, 800



जिला टास्क फोर्स की बैठक में मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

रुपये की धनराशि से लाभान्वित किया गया। अवमुक्त कराए गए बच्चों का विभिन्न योजनाओं से आच्छादन किया गया तथा बच्चों को प्रथम संस्था एवं अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से स्कॉलरशिप एवं उनके अभिवावकों को जीविकोपार्जन के लिए ठेला, गुमटी आदि दिया गया। बच्चों द्वारा उक्त कार्य से उनके जीवन में हुए बदलाव से अवगत कराया गया। अध्यक्ष सीडब्ल्यूसी द्वारा सभी से समन्वय स्थापित कर बालश्रम को जड़ से मिटाने पर बल दिया गया। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, राजकपूर, सदस्य सचिव सहायक श्रम आयुक्त, लीड बैंक मैनेजर प्रथम संस्था, देहात इंडिया, अपराजिता व एक्शन हेड आदि संस्थाएं उपस्थित रहीं।

# अंत्येष्टि स्थल के जीर्णोद्वार के लिए धन हुआ आवंटित

**कैसरगंज, बहराइच।** तहसील मुख्यालय स्थित कैसरगंज मुख्य बाजार का एकमात्र हिंदू अंत्येष्टि स्थल दशकों से उपेक्षा का शिकार रहा है। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कई बार अंत्येष्टि स्थल के जीर्णोद्वार की मांग शासन प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से उठाई थी। इस बार क्षेत्रीय सांसद में सांसद निधि से अंत्येष्टि स्थल के जीर्णोद्वार लिए धन आवंटित कर दिया है। हिंदू अंत्येष्टि स्थल पर अतिक्रमण होने और अन्य सुविधाएं न होने के कारण लोगों को काफी कठिनाइयां उठानी पड़ती थीं जिसको लेकर लोगों ने शासन प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से अंत्येष्टि स्थल के जीर्णोद्वार की कई बार मांग की। कैसरगंज वासियों की मांग पर सांसद कैसरगंज करणभूषण सिंह ने प्रस्ताव किया और अंत्येष्टि स्थल के जीर्णोद्वार के लिए सांसद निधि से बजट आवंटित कर दिया और यूपीसूडा द्वारा विकास के लिए तत्काल सहमति दे दी। उक्त सहमति प्रदान करने की स्थिति में यूपीसूडा के जूनियर इंजीनियर संजय कुमार द्वारा आज उक्त अंत्येष्टि स्थल की विकास के क्रम में समाजसेवियों व पत्रकारों के साथ पैमाइश भी कराई गई एवं स्थलीय सत्यापन किया गया। इस मौके पर विनोद जैन, मनोज सिंह, बीपी मिश्रा, संजय सोनी, वीपी सिंह, पत्रकार आशुतोष सिंह, सत्यपाल मौर्य, रजीम अहमद, सुनील गुप्ता व सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे।

# मुख्यालय से संबद्ध हुए सीडीपीओ नवाबगंज

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार निदेशालय उत्तर प्रदेश द्वारा पोषण टैकर एप के माध्यम से फेस ऑथेंटिकेशन मॉड्यूल के कार्यान्वयन की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की। अध्यक्षता जिलाधिकारी मोनिका रानी ने की। इस दौरान विकास खण्ड नवाबगंज की प्रगति असंतोषजनक पाये जाने पर जिलाधिकारी ने बाल विकास परियोजना अधिकारी नवाबगंज सुशील कुमार को मुख्यालय से सम्बद्ध किये जाने का निर्देश दिया। जबकि नगर क्षेत्र की प्रगति अच्छी पाये जाने पर डीएम ने संतोष व्यक्त किया। डीएम ने निर्देश



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करतीं जिलाधिकारी। अमृत विचार

दिये कि अपने सेक्टर के अन्तर्गत युद्धस्तर पर कार्य करते हुए शुक्रवार तक प्रगति में सुधार लाएं अन्यथा की स्थिति में विभागीय कार्यवाही की जायेगी।

डीएम ने सीडीपीओ को निर्देश दिया कि विभागीय कर्मचारियों तथा पंचायत सहायकों से सहयोग प्राप्त कर लाभार्थियों को इस बात के लिए प्रेरित करें कि वे स्वेच्छा से फेस ऑथेंटिकेशन तथा ई-केवाईसी कराने में सहयोग प्रदान करें।

उल्लेखनीय है कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार निदेशालय उत्तर प्रदेश द्वारा पोषण टैकर एप के माध्यम से फेस ऑथेंटिकेशन मॉड्यूल के कार्यान्वयन के संवंध मे निर्देश दिये गये हैं। जिसमें आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले छह माह से 3 वर्ष, 03 से 06 वर्ष आयु वर्ग के लाभार्थी गर्भवती एवं धात्री महिला व किशोरी बालिका की उपस्थिति एवं पोषाहार प्राप्त करने वाले लाभर्थियों की पोषण टैकर पर फीडिंग 01 जुलाई 2025 से अनिवार्य रूप से लागू हो जायेगी। लक्षित लाभार्थियों तक अनुपूरक पुष्टाहार की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए यह भी निर्णय लिया गया है कि टीएचआर वितरण के लिए फेशियल रिकाग्निशन सिस्टम (एफआरएस) को 01 जुलाई 2025 से अनिवार्य कर दिया जायेगा।

## सार-संक्षेप

### डॉक्टर चेतन आनंद बने जिलाध्यक्ष



**कैसरगंज, बहराइच।** नगर पंचायत जरवल के डॉक्टर चेतन आनंद को डॉक्टर हैनीमैन चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन द्वारा जनपदीय शाखा बहराइच ट्रस्ट का जिलाध्यक्ष द्वारा मनोनीत किया गया। ट्रस्ट के चेयरमैन द्वारा डॉक्टर चेतन आनंद का होम्योपैथी के प्रचार प्रसार को देखते हुए उनको यह दायित्व दिया गया है। डॉक्टर चेतन होम्योपैथी से अच्छी रुचि रखते हैं और जीवाजी कॉलेज ग्वालियर से बीएचएमएस की उपाधि प्राप्त की है। उनके अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर डॉक्टर प्रमोद मौर्या, डॉक्टर सौरभ गुप्ता ने बधाई दी।

### एसपी ने कई निरीक्षकों का किया स्थानांतरण

**बहराइच, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने आधा दर्जन से अधिक पुलिस निरीक्षकों का स्थानांतरण दूसरे थानों पर कर दिया है। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा दद्दन सिंह को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात के पद पर भेजा है। जबकि प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात रमेश रावत अब रूपईडीहा के प्रभारी निरीक्षक होंगे। अभिनव कुमार सिंह वाचक पुलिस अधीक्षक को मटेरा का प्रहरभिषेक बनाया गया है। प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह साइबर क्राइम थाना को थाना सुजौली के प्रभारी निरीक्षक की जिम्मेदारी सौंप गई है वहीं हरीश सिंह को प्रभारी निरीक्षक सुजौली के पद से हटा जनसंपर्क अधिकारी बनाया गया है। रामकुमार पांडे प्रभारी निदेशक मटेरा को राम गांव व सूरज कुमार को खैरीघाट थाने का प्रभार मिला है।

### हर तीसरे बुधवार को सुनीं जायेंगी किसानों की समस्याएं

**बहराइच, अमृत विचार।** जिले के किसानों की समस्याओं के निस्तारण के लिए शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार का दिन निर्धारित किया गया है। किसान दिवसों की श्रृंखला अन्तर्गत 18 जून 2025 को पूर्वान्ह 11:30 बजे से विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में किसान दिवस तथा कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा कराये गये कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए डीएम मोनिका रानी ने कृषि एवं एलाइड विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि गत बैठक में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की आख्या एवं अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की अद्यतन सूचनाओं सहित किसान दिवस में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

### ब्राउन शुगर समेत एक गिरफ्तार

**रुपईडीहा, बहराइच।** नेपाल राष्ट्र के जिला प्रहरी कार्यालय बांके की टीम ने नेपालगंज उप-महानगरपालिका वार्ड नंबर नौ प्रवती टोल से एक युवक को संदिग्ध अवस्था में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान एए, उम्र 29 वर्ष के रूप में हुई है। युवक के पास से जांच के दौरान ब्राउन शुगर जैसा दिखने वाला मादक पदार्थ बरामद किया गया। जब्त पदार्थ का कुल वजन 106 ग्राम 180 मिलीग्राम है। जिला प्रहरी कार्यालय ने कानूनी प्रक्रिया शुरू करते हुए आगे की जांच प्रारंभ कर दी है।

### खसरे के प्रकोप से नंदवल गांव के दर्जनों लोग प्रभावित

**बहराइच, अमृत विचार।** नंदवल गांव में खसरे के प्रकोप से दर्जनों लोग पीड़ित है। एक-एक घर के कई लोग इस बीमारी की चपेट में आ गए हैं। स्वास्थ्य महकमे को इसकी भनक भी नही लगी है। जबकि खसरे का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। बौंड़ी थाने के नंदवल गांव निवासी सुरेश कुमार गुप्ता, मोनु गुप्ता की 25 वर्षीय बहन, 10 वर्षीय पंखुड़ी सहित दर्जनों लोग खसरे की चपेट में आ गए हैं। विश्व हिन्दू महासंघ के बृजेश गुप्ता ने बताया कि नंदवल में दर्जनों लोग खसरे की चपेट में आ गए हैं।

# घाघरा घाट पुल की मरम्मत शुरू

राहत

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** बहराइच लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर घाघरा नदी पर बने संजय सेतु (घाघरा घाट पुल)के क्षतिग्रस्त ज्वाइंटर की मरम्मत का काम पुलिस बल की मौजूदगी में शुरू हुआ । मरम्मत के दौरान लोगों को आवागमन में दिक्कत का सामना न करना पडे इसके लिए मौके पर पुलिस बल तैनात रहा । पुलिस की मौजूदगी के चलते मौके पर जाम की स्थित भी बनी। बहराइच लखनऊ राजमार्ग पर घाघराघाट पुल के ज्वाइंटर की मरम्मत का कार्य पूर्व निर्धारित



घाघरा पुल की मरम्मत करते कर्मचारी।

कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को शुरू हो गया । भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा कराया जा रहा काम तीन दिन चलने की उम्मीद है । व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुल के दोनों तरफ वाहनों को वन वे करके निकाला गया । जरवल रोड थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पुल की मरम्मत के चलते सुरक्षा के लिए पुलिस को तैनात किया गया है। वाहनों को वन वे करके निकाला जा रहा है,जिससे पुल पर जाम न लगे। उन्होने बताया कि भारी वाहनों का मार्ग डायवर्ट किया गया है। बहराइच की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को चहलारी घाट होते हुए लखनऊ की तरफ निकाला जा रहा है। वही गोंडा की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को अयोध्या की तरफ डायवर्ट किया।

# श्रमिक की संदिग्ध हालात में मौत

**रायबरेली, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गल्ला मंडी में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला श्रमिक की मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जगतपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली सुनीता अपने पति प्रदीप कुमार के साथ गल्ला मंडी में ही रहकर पल्लेदारी का काम करते थे। मंगलवार की सुबह पत्नी सुनीता की संदिग्ध परिस्थितियो मे मौत हो गई। पुलिस में शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दिया। पति प्रदीप ने बताया कि रोज की तरह काम करने के बाद तखत पर सो रहे थे।

# दुष्कर्म व पॉक्सो के दोषी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

**बहराइच, अमृत विचार।** किशोरी के अपहरण व रेप के मामले में दोषसिद्ध अपराधी को अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट दीपकांत मणि ने 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। उन्होंने 70 हजार का जुर्माना लगाया है। जिसे अदा न किए जाने पर पांच माह की अतिरिक्त जेल काटनी होगी। हुजूरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को 20 अप्रैल 2016 को रानीपुर थाने के माफी गांव निवासी रिंकू उर्फ राम प्रसाद पुत्र जीवन ने अपहरण कर लिया। रिंकू गांव में रिश्तेदारी में आता जाता था। जिला शासकीय अधिवक्ता पाक्सो संत प्रताप सिंह ने बताया कि किशोरी के लापता होने के मामले में उसकी मां की ओर से 27 अप्रैल 2016 को दी गई तहरीर पर हुजूरपुर थाने की पुलिस ने नामजद तहरीर पर रिंकू उर्फ राम प्रसाद सहित दो के विरुद्ध अपहरण, रेप व पाक्सो एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया। किशोरी की बरामदगी, आरोपी रिंकू की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने रेप व पाक्सों की धाराओं के तहत विवेचना समाप्त कर कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। विशेष लोक अभियोजक पाक्सो संतोष कुमार सिंह व सुरेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया कि कोर्ट में विचारण की सुनवाई हुई।

# संकल्प से सिद्धि चौपाल का किया गया आयोजन

**बहराइच, अमृत विचार।** बहराइच के महसी विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बभनौटी शंकर पुर में केंद्र की मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर " संकल्प से सिद्धि तक " चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सांसद डा. आनंद गौड़ ने विभिन्न योजनाओं के पात्रों को आवास की चाबी, शौचालय, आयुष्मान कार्ड, प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कराई गई तथा बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया। चौपाल में रणविजय सिंह, कल्याण सिंह, पुरुषोतम जायसवाल, संजय त्रिवेदी, यज्ञनारायण मिश्रा, भरत लाल पांडेय ददुआ, मानवेंद्र प्रताप सिंह, राम ललन वाजपेई, भुवन मिश्रा, अमर नाथ मिश्रा, मण्डल मंत्री जिले राम यादव, प्रधान जयशंकर सिंह, प्रधान प्रदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

### आरेडिका में चोरी का खुलासा, तीन को दबोचा

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** रेल कोच कारखाने में चोरी कर पुलिस की नाक में दम करने वाले अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने पकड़ा है। उनके पास से नगदी और सामान भी बरामद किया है। गौरतलब है कि बीते दिनों आधुनिक रेलडिब्बा कारखाना के आवासीय परिसर में चोरी की कई घटना हुई थी। पकड़े गए चोरों के नाम मध्य प्रदेश के ग्राम गुरेडिया थाना टांडा जिला धार निवासी खुमान सिंह पुत्र थाऊ, शहादर उर्फ कांचा पुत्र जुआन सिंह निवासी गड़रावत व संजय पुत्र बिज्जू निवासी झाय बताए गए हैं। कोतवाल प्रमोद सिंह ने बताया कि वह सब अलग अलग राज्यों में घूम फिर कर रेकी करते थे।

# करंट से आठ मवेशियों की मौत, मुआवजे की मांग

**बहराइच, अमृत विचार।** पयागपुर थाना क्षेत्र इलाके में अचानक हाईटेंशन लाइन गिरने से आठ मवेशी चपेट में आ गए जिससे सभी की मौत हो गई। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने हंगामा काटा और मुआवजे की मांग की।

अकरौरा गांव में किसी लोगों ने गांव में उसे वक्त अपरा तफरी का माहौल हो गया जब हाई टेंशन लाइन अचानक जमीन पर गिरने से खेत में चारा चर रहे आठ मवेशी चपेट में आ गए जिससे सभी की मौत हो गई। ग्रामीण ने मवेशी की मौत के बाद हंगामा काट दिया इसकी सूचना बातें ही मौके पर पशु चिकित्सा अधिकारी, पुलिस व बिजली विभाग के टीम मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों को समझाने लगी। ग्रामीणों ने मवेशियों की हुई मौत का मुआवजे की मांग की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि अचानक तेज हवा चलने के चलते हाई टेंशन तार टूट कर जमीन पर गिर गया।

## वर्ग पहेली-5

**बाएं से दाएं**

1. सितार जैसा एक वाद्ययंत्र जिसके दोनों सिरों पर तूंबे लगे रहते हैं।
5. 1. (पुराण) परलोक की एक नदी जिसे मरने के बाद प्रत्येक जीवात्मा को पार करना पड़ता है 2. ओडिशा की एक नदी जो पवित्र मानी गई है।
6. एक भाषा से दूसरी भाषा में अनुवाद करने की क्रिया या भाव, अनुवाद।
9. 1. जो बकवास से भरा हुआ हो 2. ऐसी पद्यमय रचना जिसकी तुकें न मिलती हों, अंत्यानुप्रासहीन 3. जो अवसर के हिसाब से अनुपयुक्त हो।
10. सांसारिक, दुनिया का, लौकिक।

**ऊपर से नीचे**




2. जलमार्ग से आवागमन, जलयात्रा।
3. तुन का वृक्ष।
4. 1. बार-बार इधर से उधर आना-जाना 2. किसी कार्य हेतु पूर्ण प्रयत्न।
7. 1. सिख धर्मानुसार धर्मविरोधी कार्य करने वाला, धर्मापराधी 2. धर्मच्युत।
8. 1. फेंके जाने की क्रिया 2. प्रक्षेपण।

### वर्ग पहेली -4 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 जं | घि | ल | ■ | ■ | 2 शे | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 3 कु | शे | श | य |
| ■ | 4 उ | ■ | रे | ■ | वी | ■ |
| ■ | ल | ■ | द | ■ | ■ | 5 नि |
| 6 भ | ट | क | ना | ■ | ■ | कुं |
| ■ | फे | ■ | ■ | ■ | ■ | च |
| 7 वा | र | ना | ■ | 8 ने | ति | क |

## सुडोकू-12

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | | | | | 2 |
| 1 | 5 | 7 | | | 2 | | | 9 |
| | | 2 | 6 | | | 8 | 4 | 7 |
| | 8 | | | | 6 | | | 1 |
| | | 9 | | | | 6 | | |
| 4 | | | 2 | | | | 3 | |
| 2 | 3 | 5 | | | 9 | 1 | | |
| 9 | | | 8 | | | 7 | 5 | 6 |
| 8 | | | | | 1 | | | |

### सुडोकू - 11 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 4 | 7 |
| 3 | 4 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 1 | 4 | 3 | 2 | 6 |
| 8 | 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 9 |
| 9 | 7 | 4 | 3 | 5 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 2 | 1 | 8 | 7 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 6 | 3 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 18 जून, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, सप्तमी- 13.34 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर। **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-भाद्रपद 19 जून 12.23 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

**मेष** — आज विद्यार्थी रचनात्मक लेखन और प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं। परिवार के सदस्यों के बीच आपसी तालमेल अच्छा रहेगा। घर में अस्त-व्यस्त सा वातावरण हो सकता है। मार्केटिंग संबंधी कार्यों से धन लाभ हो सकता है। दांपत्य जीवन में प्रेम और रोमांस बढ़ेगा।

**वृष** — आज आपकी प्रतिभा लोगों के सामने उभर के आयेगी। घर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। धर्म-कर्म और अध्यात्म में आपकी रुचि बढ़ेगी। विरोधियों के ऊपर भारी पड़ेंगे। कारोबार को लेकर दूरदर्शी निर्णय ले सकते हैं। समाज में छवि अच्छी बनेगी।

**मिथुन** — आज घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है। घर में सुकून और शांति का वातावरण रहेगा। प्रेम संबंधों में नजदीकियां बढ़ेंगी। छात्रों को नया अनुभव और ज्ञान प्राप्त होगा। व्यवसाय में अपने लक्ष्यों को समय से पहले प्राप्त कर पायेंगे।

**कर्क** — आज मित्र की आर्थिक सहायता करनी पड़ सकती है। इससे आपको आत्मिक प्रसन्नता मिलेगी। आज महत्वपूर्ण दस्तावेजों को संभालकर रखें। आज आप गलत कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। अपमानजनक परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

**सिंह** — आज आपके विनम्र स्वभाव की लोग प्रशंसा करेंगे। होटल कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। पति-पत्नी के मध्य के आपसी संबंध और मधुर होंगे। बड़े बुजुर्ग लोगों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आज युवा प्रेमी डेट पर जा सकते हैं। श्वास रोगियों को समस्या हो सकती है।

**कन्या** — आज रियल एस्टेट में आप निवेश कर सकते हैं। आयात-निर्यात से आपको अच्छा धन लाभ मिलेगा। नई ऊर्जा के साथ अपने काम में लगे रहें। अध्यात्मिक प्रवृत्ति के लोगों के साथ समय बिताने का प्रयास करें। किसी बात को लेकर आप उलझन में रहेंगे।

**तुला** — आज शेयर मार्केट में निवेश करने वाले लोगों के लिए दिन उत्तम है। संतान को लेकर शुभ समाचार मिल सकते हैं। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। मित्र के साथ मनमुटाव हो सकता है। मन में कुछ नया करने की इच्छा जागृत होगी।

**वृश्चिक** — आज आप जो भी काम करेंगे उसे अच्छी तरह से करेंगे। रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों में आपकी रुचि जागृत होगी। नयी डील करने में जल्दबाजी न करें। आपको जीवनसाथी की उत्तम सलाह प्राप्त होगी। लेकिन उनसे वैचारिक मतभेद उभर सकते हैं।

**धनु** — आज का दिन उत्साह से पूर्ण रहेगा। किसी परिजन के स्वास्थ्य की चिन्ता हो सकती है। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। रिश्तों में मिठास की भावना बढ़ेगी। दोस्तों और भाई-बहनों के साथ संबंध मजबूत होंगे। नए अनुबंध होने के योग बन रहे हैं।

**मकर** — आज वैवाहिक संबंधों का तनाव दूर होगा। घर में अनुशासन का वातावरण रहेगा। विवाहेतर संबंधों में रुचि न लें। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों से सावधानी रखनी चाहिए। घर के सदस्यों के साथ अच्छा समय बितायेंगे।

**कुंभ** — आज संतान की सफलता से उत्साहित रहेंगे। महिलाओं का स्वास्थ्य बहुत ही अच्छा रहेगा। रुके हुए कार्यों में गति आयेगी। कठोर परिश्रम के माध्यम से परिस्थितियों को अपने पक्ष में कर लेंगे। जीवनसाथी का उचित सहयोग प्राप्त होगा।

**मीन** — आज दोस्तों के साथ व्यर्थ कार्यों में समय बर्बाद न करें। वकीलों को कठिन केस मिलने के योग बन रहे हैं। गलत खानपान के कारण पेट में अपच हो सकता है। मित्र व सहकर्मी आपसे नाराज हो सकते हैं। प्रेम संबंधों में कोई वादा करने से बचें।

## एक नजर

### भाजपा सरकार गरीबों के उत्थान को प्रतिबद्धः विधायक

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** मालापुर गांव में आयोजित कार्यक्रम में विधायक राजेश गौतम ने कहा कि योगी सरकार ने आवास और खाद्यान्न जैसी योजनाओं के माध्यम से गरीबों को राहत दी है। उन्होंने अपने निधि से बने निषादराज द्वार का निरीक्षण भी किया। मौके पर लालमणि सिंह, डॉ. संतोष, जयप्रकाश समेत कई लोग उपस्थित रहे।

### किसान सम्मान निधि 20 को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त शुक्रवार को किसानों के खाते में आ जाएगी। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक 4,24,986 किसानों के खाते पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त भेजी जाएगी। पात्र किसानों के खाते 19वीं किस्त फरवरी में आई थी।

### किसान यूनियन ने एसडीएम को 7 सूत्री मांगपत्र सौंपा

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने मंगलवार को नायब तहसीलदार प्रदीप मिश्रा को एसडीएम के नाम सात सूत्री मांग पत्र सौंपा। इसमें शारदा सहायक खंड-16 में पानी आपूर्ति, विद्युत कटौती बंद करने, आवारा पशु नियंत्रण और चीनी मिल चौराहे पर गोल चक्कर निर्माण की मांगें प्रमुख रहीं। इस मौके पर राम नरेश, कर्मराज द्विवेदी समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### सपा नेता ने दी आंदोलन की चेतावनी

सुलतानपुर, अमृत विचार : समाजवादी अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव अशोक सिंह बिसेन ने बिजली संकट, कानून-व्यवस्था और अधिवक्ता महेंद्र मौर्या की हत्या पर प्रदेश सरकार को घेरा। पुलिस की अभद्रता की निंदा की गई। सपा नेता ने चेतावनी दी कि न्याय न मिलने पर व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

### सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक का हार्टअटैक से निधन

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** नारायण पारा गांव निवासी व उच्च प्राथमिक विद्यालय से सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक दया शंकर मौर्य (64) का सोमवार रात हृदयगति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन से शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई।

### चर्चित इंस्पेक्टर फास्ट ट्रैक कोर्ट में पेश नहीं हुए

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** महिला आरक्षी से दुष्कर्म के आरोपित इंस्पेक्टर नीशू तोमर शुक्रवार को फास्ट ट्रैक कोर्ट में पेश नहीं हुए। पीड़िता के वकील संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट न्यायाधीश के अवकाश पर होने के कारण सुनवाई 27 जून को होगी। मामला 14 जुलाई 2022 का है, जब महिला आरक्षी ने कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कराया था।

### पॉक्सो एक्ट का अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के बिरसिंहपुर चौकी इंचार्ज प्रेम नारायण राजपूत ने पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में वांछित चल रहे शिवशांत निवासी परसौहा को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। जयसिंहपुर कोतवाल ने बताया कि अभियुक्त को न्यायालय से जेल भेजने की कार्यवाही की गई है।

### कादीपुर खुर्द गोलीकांड में चार लोग नामजद

**कादीपुर, अमृत विचार :** सोमवार रात कादीपुर खुर्द गांव के पास जलालपुर ईंट भट्ठे के निकट बाइक से घर लौट रहे रंजीत निषाद व मंगल निषाद पर विपक्षियों ने हमला कर दिया। रंजीत को पैर में गोली लगी, जबकि मंगल निषाद को पीटा गया। घायल को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया। पीड़ित की तहरीर पर राम तीरथ निषाद, धीरज निषाद, रत्नेश शुक्ल और दलसिंगर सिंह पर नामजद केस दर्ज किया गया है।

# शराब की दुकान में सेंधमारी लाखों की नकदी व शराब चोरी

## बांगरकला बाजार का मामला, चोरों की तलाश में जुटी पुलिस


दुकान के पीछे से रोशनदान काटकर चोरी।

करौंदीकला, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** थाना करौंदीकला क्षेत्र के बांगरकला बाजार में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक कम्पोजिट शराब की दुकान को निशाना बनाया। गांव निवासी अनिल कुमार गुप्ता की इस दुकान में पीछे से रोशनदान तोड़कर चोर अंदर घुस गए और बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया।

चोर दुकान से करीब 1 लाख 25 हजार रुपये नकद, 4 पेटी अंग्रेजी शराब, 5 पेटी बीयर, सीसीटीवी कैमरा और डीबीआर सिस्टम चुरा ले गए। चोरी का पता सुबह होने पर चला, जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष चन्द्रभान वर्मा ने बताया कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है और जल्द ही चोरों का सुराग लगाकर कार्रवाई की जाएगी।

### किराना दुकान का शटर तोड़कर 60 हजार की चोरी

**अखंडनगर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र के पाराबासूपुर गांव निवासी देवदत्त लाल उर्फ बच्चन की किराना दुकान श्रीहरि कृपा स्टोर में सोमवार रात चोरी हो गई। दुकान विद्युत उपकेंद्र अखंडनगर के सामने स्थित है। देवदत्त ने बताया कि अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला और शटर तोड़कर भीतर घुसकर लगभग 32,000 नगद और 28,000 रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचे तो टूटा शटर और बिखरा सामान देख मामले की जानकारी तुरंत डायल 112 को दी। बाद में थाने पर भी लिखित तहरीर दी गई। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक दीपक कुशवाहा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और बताया कि अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना के शीघ्र खुलासे के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है।

▸▸ अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज, जांच में जुटी पुलिस


चोरी की जानकारी पर पहुंचे लोग। अमृत विचार

## उर्मिला हत्याकांड मामले की सुनवाई 1 जुलाई तक टली

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** संग्रामपुर थानाक्षेत्र के बड़गांव में बीते साल उर्मिला की हत्या के मामले में केस दर्ज कराने वाले भाई ज्ञानेंद्र मौर्य के न आने से जिला जज लक्ष्मी कांत शुक्ल की अदालत में मंगलवार को जिरह एक जुलाई तक टल गई। अमेठी जिले के संग्रामपुर थाने के बड़गांव निवासी ज्ञानेंद्र मौर्य की बहन उर्मिला मौर्य की 26 जून 2024 को हत्या कर छाछा गांव के जंगल में शव फेंक दिया गया था। मृतका के भाई ने अज्ञात में हत्या मुकदमा दर्ज कराया था। दौरान तफ्तीश पुलिस ने संग्रामपुर थाने के कंसापुर गांव निवासी ओम शंकर द्विवेदी उर्फ अविनाश को आरोपित बनाया। पुलिस ने तीन जुलाई 2024 को आरोपित ओम शंकर द्विवेदी को हत्याकांड में प्रयुक्त पिस्टल समेत गिरफ्तार कर बीती तीन जुलाई को जेल भेज दिया था। वादी मुकदमा ज्ञानेंद्र मौर्य का मुख्य बयान बीते दिनों कोर्ट में दर्ज हुआ था।

▸▸ बड़गांव निवासी ज्ञानेंद्र मौर्य की बहन उर्मिला मौर्य की 26 जून 2024 की हत्या से जुड़ा मामला

# हत्या के आरोपी विकास की जमानत याचिका खारिज

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार :** अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी संध्या चौधरी की अदालत ने हत्या के गंभीर मामले में जमों थाना क्षेत्र के पूरे अलप सिंह कल्याणपुर निवासी आरोपी विकास कुमार यादव उर्फ सूरज लाल की जमानत याचिका खारिज कर दी है। प्रकरण अमेठी जनपद के जामो थाना क्षेत्र के मुर्गी फार्म पर हुए युवक शिवम कुमार कोरी की हत्या से संबंधित है। वादी छोटे लाल कोरी द्वारा दी गई तहरीर पर आरोपी विकास यादव, सह आरोपी मान सिंह और दो अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज हुई थी। आरोपी की ओर से दाखिल जमानत प्रार्थना पत्र में निर्दोष होने, झूठा फंसाने और मुंबई में रोजगाररत होने की बात कही गई। वहीं अभियोजन पक्ष से एडीजीसी सुशील उपाध्याय ने हत्या को सुनियोजित बताते हुए याचिका खारिज करने का आग्रह किया। मामले की गंभीरता, साक्ष्य एवं चार्जशीट में लगे आरोपों का संज्ञान लेते हुए न्यायालय ने यह कहते हुए जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया कि आरोपी को जमानत पर रिहा किए जाने का कोई उपयुक्त आधार नहीं है।

### हत्यारोपियों की अग्रिम जमानत अर्जी चौथी बार खारिज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** सत्र न्यायालय सुलतानपुर के न्यायाधीश लक्ष्मी कान्त शुक्ल ने हत्या के गंभीर मामले में नामजद आरोपी वसीक अहमद और फिरोज अहमद की ओर से दाखिल चतुर्थ अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र को को निरस्त कर दिया। यह प्रकरण थाना कुड़वार क्षेत्र के असरोगा नौगवा रायतासी गांव से जुड़ा है, जिसमें आरोपियों पर गांव के रहने वाले मो. शमीम के भाई अतहर पर जानलेवा हमले का आरोप है। प्राथमिकी के अनुसार, घटना 23 जनवरी 2025 को हुई, जब अतहर खेत की ओर जाते समय हमलावरों ने उस पर हमला किया। कुल्हाड़ी से वार के कारण वह बेहोश हो गया और बचाव में आए वादी के पिता नजर मोहम्मद एवं गुफरान पर भी हमला किया गया। जिसमे नजर मोहम्मद की दौरान इलाज मौत हो गई। अदालत को बताया गया कि इस मामले में इससे पूर्व तीन बार अभियुक्तों की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज हो चुकी है और अभियुक्तों के विरुद्ध आपराधिक इतिहास भी है। अभियोजन पक्ष ने तर्क दिया कि यह जघन्य अपराध है, और अभियुक्तों को अग्रिम जमानत का लाभ नहीं दिया जाना चाहिए। उभयपक्षों की दलीलें सुनने के पश्चात न्यायालय ने पाया कि प्रार्थीगण की ओर से कोई नवीन आधार प्रस्तुत नहीं किया गया, जिससे चतुर्थ अग्रिम जमानत अर्जी को भी खारिज कर दिया गया।


दीवानी न्यायालय परिसर में अपने तख्तों पर काम करते अधिवक्ता।

## मां की शिकायत पर मुकदमा दर्ज, शादी का झांसा देकर यौन शोषण का आरोप

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने के बाद शादी से इनकार करने पर युवती के फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने मृतका की मां की तहरीर पर पड़ोसी गांव के युवक व उसके परिवार वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बीते शनिवार को कुड़वार थाना क्षेत्र के एक गांव में 20 वर्षीय युवती ने घर के अंदर कमरे में दुप्पटे के सहारे लटक कर आत्महत्या कर ली थी। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया तो मृत्यु का कारण हैंगिंग आया। जिसके बाद मृतका की मां ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी बेटी का अझुई गांव निवासी मो सैफ खान से संबंध था। जिसने शादी का झांसा देकर पिछले तीन सालों से उसकी बेटी का शारीरिक शोषण भी किया था। मृतका की मां के अनुसार जब उसकी बेटी शादी के लिए कहती तो आरोपी युवक टाल मटोल किया करता था। जिससे तंग आकर उसकी बेटी ने शनिवार को घर के अंदर दुपट्टे के सहारे लटक कर आत्महत्या कर ली। प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि मृतका की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

### अधिशासी अभियंता हत्याकांड में सुनवाई 30 को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जल निगम के अधिशासी अभियंता संतोष कुमार की हत्या के मामले में एडीजे द्वितीय विशेष कोर्ट एससी एसटी न्यायालय में मंगलवार को अभियोजन पक्ष के गवाह विवेचक सीओ शिवम मिश्र के न आने से जिरह नहीं हो सकी। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट ने जिरह के लिए 30 जून की तारीख तय की है। अधिशासी अभियंता संतोष कुमार की 17 अगस्त 2024 को उनके घर में पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। उनके भाई संजय कुमार ने सहायक अभियंता समेत अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने सहायक अभियंता अमित कुमार शाह व आरोपी प्रदीप राम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

## सार-संक्षेप

### सूर्य प्रकाश सिंह ने संभाला जिविनि का कार्यभार

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** नवागत जिला विद्यालय निरीक्षक सूर्य प्रकाश सिंह मंगलवार को कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। यहां के डीआईओएस रविशंकर का स्थानांतरण इसी पद पर चित्रकूट के लिए हो गया है। उनके स्थान पर उन्नाव के जिला विद्यालय निरीक्षक सूर्य प्रकाश सिंह ने कार्यभार ग्रहण किया है। शिक्षा विभाग में सूर्य प्रकाश सिंह की छवि कर्मठ और ईमानदार अधिकारी की है। हालांकि, देखना होगा कि कोचिंग समेत कई अन्य पटलों पर चल रहे गोरखधंधे पर नवागत डीआईओएस किस तरह अंकुश लगा पाएंगे।


सूर्य प्रकाश सिंह।

### कोर्ट ने आरोपी की रिहाई का आदेश दिया

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जामों थाना क्षेत्र के दखिनवारा में राहुल पाण्डेय पर जानलेवा हमला करने के दमनपुर निवासी आरोपी हनुमान उपाध्याय को सेशन जज लक्ष्मीकांत शुक्ल ने जमानत दी है। बचाव पक्ष के वकील अरविन्द सिंह राजा ने जमानत अर्जी पेश कर कहा कि मामला पेशबंदी में दर्ज कराया गया। ई रिक्शा की बैट्री चोरी की बात पर बीती 13 मई को राहुल पाण्डेय की पिटाई और जानलेवा हमला करने के आरोप में अर्पित, सुभाष त्रिपाठी और अन्य पर चोटहिल के भाई शिव शंकर पाण्डेय ने केस दर्ज कराया था।

### कूटरचित दस्तावेज तैयार कर करा लिया बैनामा, केस दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कूट रचित दस्तावेज तैयार कर जमीन का बैनामा करा लिया। मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद भी बैंक से लोन ले लिया। पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली कोर्ट के आदेश पर स्थानीय पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के उमरी गांव निवासी शिवम ने न्यायालय में वाद दायर किया था। पीड़ित ने बताया कि गांव के ही संजय कुमार ने उनके गाटा संख्या 120 का फर्जी दस्तावेज के सहारे बैनामा करवा लिया। जिसका वाद न्यायालय में चल रहा था। जिसमें मेरे पक्ष में फैसला आया। पिता की मौत के बाद जब दाखिल खारिज का मामला आया तो पता चला कि संजय कुमार ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर तीन लाख रुपए का खतौनी पर लोन ले रखा है। जिससे दाखिल खारिज में दिक्कत आ रही है। जयसिंहपुर कोतवाल ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

### होम्योपैथिक अस्पताल में ताला, इलाज को भटक रहे ग्रामीण

**करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के शहाबुद्दीनपुर गांव में स्थित राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय में लापरवाही का आलम यह है कि अक्सर अस्पताल में ताला लटका रहता है। न तो कोई चिकित्सक मौजूद होता है और न ही स्टाफ, जिससे इलाज की आस में पहुंचने वाले मरीजों को निराश होकर लौटना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह अस्पताल सैकड़ों ग्रामीणों की सेहत से जुड़ी जरूरतों को पूरा करता है, लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के कारण यह बंद पड़ा है। इससे ग्रामीणों में नाराजगी है। इतना ही नहीं, अस्पताल परिसर में गंदगी और कूड़े का अंबार लगा है, जिससे पूरा परिसर कबाड़ जैसी स्थिति में पहुंच गया है। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है।



अस्पताल में लटक रहा ताला।

### राजू पब्लिक इंटर कॉलेज को इंग्लिश मीडियम की मिली मान्यता

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्र के निजी कॉलेज को इंटरमीडिएट तक की इंग्लिश मीडियम की मान्यता मिलने से कॉलेज में हर्ष का माहौल है। कूरेभार शिक्षा क्षेत्र के श्री आद्याशंकर मिश्र मेमोरियल राजू पब्लिक इंटर कॉलेज, गदनपुर धूं धूं को शासन द्वारा कक्षा छह से 12 तक इंग्लिश मीडियम की मान्यता प्राप्त हुई है। कॉलेज को हाईस्कूल स्तर पर सभी विषय व इंटर स्तर पर आर्ट व साइंस वर्ग के साथ कॉलेज को हिंदी मीडियम की मान्यता पहले ही मिल चुकी थी। अब इसी वर्ग व विषय में इंग्लिश मीडियम की मान्यता मिलने पर मंगलवार को कॉलेज में बैठक कर खुशी का इजहार किया गया। प्रधानाचार्य विभूति दूबे ने कॉलेज की इस उपलब्धि पर प्रबंधक नवनीत मिश्र का आभार जताया। ग्राम प्रधान शहाबुद्दीन, उप प्रधानाचार्य सविता पांडेय, डीएन पाठक, संत प्रसाद दुबे, पुष्पेंद्र विश्वकर्मा, नीतू वर्मा, मीनू गिरी, मनीषा यादव, डीपी पांडेय, मंजू पाल, साहिबा बानो, अमित दुबे, ओपी राय आदि मौजूद रहे।

### बाबा रामलाल हैं अगली पीढ़ी की धरोहरः डॉ. राधेश्याम

**जिला संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** महान स्वतंत्रता सेनानी एवं अवध किसान आंदोलन के प्रणेता बाबा रामलाल मिश्र की 68वीं पुण्यतिथि ज़िला पंचायत सभागार में श्रद्धांजलि सभा के रूप में मनाई गई। मुख्य अतिथि केएनआई प्राचार्य प्रो. आलोक सिंह ने कहा कि बाबा रामलाल केवल जनपद ही नहीं, पूरे प्रदेश का गौरव हैं। विशिष्ट अतिथि डॉ. राधेश्याम सिंह ने कहा कि बाबा राजनीतिक उपेक्षा के शिकार रहे, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने जनपद में बन रहे मेडिकल कॉलेज का नाम बाबा रामलाल मेडिकल कॉलेज रखने की मांग की। पूर्व विधायक अनूप संडा ने उन्हें किसान आंदोलन का प्रतीक बताया, जबकि वरिष्ठ साहित्यकार कमलनयन पांडेय ने उनके बलिदान और संघर्ष को याद करते हुए कहा कि अंग्रेजों की यातनाओं के बावजूद उनकी आज़ादी के प्रति दीवानगी कम नहीं हुई। बल्दीराय ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह ने बाबा को युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बताया। बाबा के प्रपौत्र एवं कांग्रेस नेता वरुण मिश्र ने सभी अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन राजेश पांडेय ने किया। इस अवसर पर डॉ. अरविंद चतुर्वेदी, सत्यदेव तिवारी, अभिषेक सिंह राणा, डॉ. डीएम मिश्रा, संदीप त्रिपाठी, बलदेव सिंह, लक्ष्मीकांत मिश्र, रवि शुक्ल, डॉ. अजय तिवारी, हारून अहमद, आदित्य दूबे, जयदीप त्रिपाठी, शिवम् सोनी, मोईद अहमद, विजय पाल गौतम, अनुराग मिश्र समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# गर्मी की छुट्टियों में ट्रेनों में सीटों की भारी किल्लत, यात्री परेशान

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जून माह में गर्मी की छुट्टियों और यात्रियों की भीड़ के चलते ट्रेनों में सीट की भारी किल्लत देखने को मिल रही है। स्थिति यह है कि अयोध्या और सुलतानपुर से चलने वाली लगभग सभी प्रमुख ट्रेनों में नो रूम का बोर्ड लगा है। किसी भी श्रेणी में वेटिंग टिकट तक उपलब्ध नहीं है, जिससे यात्रियों की परेशानी और बढ़ गई है।

मुंबई और दिल्ली जैसे बड़े शहरों को जाने वाली गाड़ियों में सबसे अधिक भीड़ देखी जा रही है। अयोध्या से चलने वाली लोकमान्य तिलक (21130), तुलसी (22184), साकेत, सद्भावना, सुहेलदेव, महामना, और श्रमजीवी एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों में सभी क्लास में नो रूम की स्थिति बनी हुई है। इसी तरह दिल्ली जाने वाली 12391, 22417, और 22419 ट्रेनों में भी कोई वेटिंग टिकट तक नहीं मिल रहा। रेलवे सूत्रों के अनुसार, जून में हर साल इसी तरह की भीड़ होती है, लेकिन इस बार हालात कुछ अधिक ही गंभीर हैं। अभी कम से कम 6 जुलाई तक यही स्थिति बनी रहने की संभावना है, उसके बाद ट्रेनों में भीड़ कम होने की उम्मीद जताई जा रही है। ट्रेनों में सीट न मिलने से लोग बसों और निजी वाहनों की ओर रुख कर रहे हैं, जिससे किराए भी बढ़ गए हैं। यात्रियों को चाहिए कि वे अपनी यात्रा की योजना पहले से बनाएं और तत्काल टिकटों के लिए लगातार अपडेट लेते रहें। सीआरएफ शिवकुमार ने बताया कि अभी वेटिंग टिकट नहीं मिल रहा है। छह जुलाई तक स्थिति सामान्य हो जाएगी।

**मायूसी**

▸▸ अयोध्या - सुलतानपुर से चलने वाली लगभग सभी प्रमुख ट्रेनों में नो रूम का लगा बोर्ड

## फिलिस्तीन पर हमलों के खिलाफ वामदलों ने मानव शृंखला बनाकर किया प्रदर्शन

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** वामपंथी दलों के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने मंगलवार को आज़ाद पार्क के सामने इज़रायल की सैन्य कार्रवाई के खिलाफ मानव शृंखला बनाकर विरोध प्रदर्शन किया। माकपा के जिला सचिव राधेश्याम वर्मा ने कहा कि इज़रायल की बमबारी में अब तक 55,000 से अधिक फ़िलिस्तीनी मारे जा चुके हैं, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे हैं। उन्होंने भारत सरकार से इज़रायल पर दबाव बनाने की मांग की। भाकपा जिला सचिव मोहम्मद सैफ अली ने फ्रीडम फ़्लोटिला पर इजरायल के हमले की निंदा करते हुए अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवकों की रिहाई और गाजा को मानवीय सहायता देने की अपील की। प्रदर्शन में शशांक पांडेय, शारदा प्रसाद पांडेय, विनोद कश्यप, अवनीश तिवारी, राजबहादुर यादव, रामसजीवन शर्मा सहित कई लोग शामिल हुए।


मानव शृंखला बनाकर प्रदर्शन करते वामपंथी दलों के लोग।

### बारात में बवाल, भोजन में डाली मिट्टी, आधा दर्जन वाहन तोड़े

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली देहात क्षेत्र के कुछमुछ निषाद बस्ती में सोमवार रात बारात के दौरान विवाद हो गया। कुछमुछ निवासी विजय श्याम के यहां नीर सईया गांव से बारात आई थी। द्वारचार के समय बेला मोहन गांव के कुछ युवकों की बारातियों से कहासुनी हो गई, जो जल्द ही मारपीट में बदल गई। आरोप है कि बेला मोहन और कुछमुछ गांव के कुछ युवकों ने मिलकर बारातियों के लिए तैयार भोजन में मिट्टी डाल दी। विवाद बढ़ने पर बारात में आए करीब आधा दर्जन वाहनों में तोड़फोड़ की गई। अचानक हुए इस घटनाक्रम से बारात का माहौल गमगीन हो गया और अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली देहात पुलिस ने स्थिति को संभाला और दोनों पक्षों को शांत किया। पीड़ित विजय श्याम ने तहरीर दी है। कोतवाल अखंड देव मिश्र ने बताया कि जांच जारी है, दोषियों पर कार्रवाई होगी।

# आईएएस बनाने के नाम पर ठग लिए लाखों रुपये, 7 लोगों पर केस दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** नगर कोतवाली क्षेत्र में एक आईएएस बनाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। तहरीर पर पुलिस ने सात लोगों पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मणपुर निवासी प्रांजल त्रिपाठी ने थाने में तहरीर दी है। उसने बताया कि वर्ष 2022 में उसने यूपीएससी प्री की परीक्षा दी थी। इसी बीच उसकी मुलाकात कूरेभार थाना क्षेत्र के पिपरी साईनाथ पुर निवासी प्रणव द्विवेदी से हुई। प्रणव घर भी आने जाने लगा था सभी का भरोसा जीत लिया। इसी बीच उसने कहा कि उसके कई मंत्रियों से संबंध हैं। वह उन्हें आईएएस बनवा देगा। झांसे में लेकर प्रणव ने अपने पिता के खाते में 26.50 लाख रुपए मंगवा लिए। 18 जनवरी 2023 को प्रणव ने प्रांजल को लखनऊ बुला यूपीएससी मेंस के एडमिट कार्ड व इंटरव्यू के कागज दिया। उस समय प्रणव के साथ उसके मित्र राज मिश्रा व उत्कर्ष द्विवेदी भी मौजूद थे। इसके बाद मनीष द्विवेदी के खाते में सात लाख रुपये, श्रेयांश अग्रहरि के खाते में 80 हजार व प्रणव ने अपने गूगल पे खाते में दस हजार पांच सौ रुपए व दीपक पटेल के खाते में दो लाख रुपए मंगवाए। पहला नियुक्ति पत्र प्रणव ने अपने मित्र राज मिश्रा द्वारा कूरेभार में दिलवाया, जिस भारत सरकार की मुहर लगी हुई थी। लेकिन प्रणव नियुक्ति नहीं करा पाए तो दूसरा नियुक्ति पत्र पड़ोसी मनीष द्विवेदी के हाथो कूरेभार पेट्रोल पंप पर दिलवाया। दूसरे नियुक्ति पत्र में ज्वाइनिन आठ सितंबर 2024 थी। उस पर भी भारत सरकार की मुहर लगी हुई थी। लेकिन नियुक्ति कराने में प्रणव सफल नहीं हुआ तो धमकी दी कि अगर मामला मीडिया या पुलिस तक पहुंचा तो मंत्री जी पूरे परिवार की हत्या करवा देंगे। नगर कोतवाल धीरज कुमार ने बताया कि पिता-पुत्र समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

### महावीरन धाम में दर्शन को उमड़े श्रद्धालु, सक्रिय उच्चके

**सूरापुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** आषाढ़ मास के कृष्ण पक्ष षष्ठी मंगलवार को विजेथुआ महावीर धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। लेकिन जहां आस्था उमड़ती है, वहीं अपराधी तत्व भी सक्रिय हो जाते हैं। मंगलवार को भीड़ का फायदा उठाकर कई पाकेटमार, मोबाइल चोर और चैन स्नैचर सक्रिय नजर आए। भीड़-भाड़ में उच्चके दर्शनार्थियों की जेब से नकदी, मोबाइल और गले से चैन उड़ाने में सफल हो गए। श्रद्धालुओं का कहना है कि हर मंगलवार और शनिवार को इस तरह की घटनाएं आम हो गई हैं। शनिवार को भी जौनपुर के जलालपुर और सिंगरामऊ से आई दो महिलाओं के गले से सोने की चेन छीनी गई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि श्रद्धालु दूरदराज से आते हैं और घटना के बाद पुलिस में रिपोर्ट नहीं दर्ज कराते, जिससे ऐसे अपराधियों का हौसला बढ़ता जा रहा है। पुलिस की मौजूदगी के बावजूद बदमाशों को कोई डर नहीं है। श्रद्धालुओं ने प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की।

**लापरवाही** — जिला कार्यक्रम अधिकारी ने ई-केवाईसी व फेश स्कैनिंग न करने वाले पर दिए कार्यवाही के आदेश

# 1456 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई की तलवार

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** अक्सर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ व लाभार्थियों में पुष्टाहार के लिए नोक झोंक होती रहती थी। जिसकी शिकायत महकमे तक पहुंच जाती थी। विवादों के निस्तारण के लिए महकमे ने नई तकनीक ईजाद की है। अब आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्टाहार वितरित तभी कर पाएगी जब वह फेश स्कैनिंग कर लेगी। इसकी कवायद महकमे में शुरू हो गई है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर घर जाकर ई केवाईसी व फेश स्कैनिंग कर रही है। बताते चलें कि जिले में 14 बाल विकास परियोजना के माध्यम से 2511 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार से ई केवाईसी व फेश स्कैनिंग का कार्य शुरू हो चुका है। अभी तक 1456 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ ने फेश स्कैनिंग व ई केवाईसी कार्य शुरू नहीं किया है जिन पर जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद कुमार त्रिपाठी ने कार्यवाही के निर्देश दिए है।

**लाभार्थी परदेश में कैसे हो सत्यापन :** विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक पोषण ट्रैकर पर पहले ही लाभार्थी का आधार व फोन सत्यापन हो चुका है। उन्हीं लाभार्थियों का ई केवाईसी व फोटो स्कैनिंग होनी है। मजे की बात यह है कि जो लाभार्थी परदेश में हैं उनका कैसे ई केवाईसी व फेस स्कैनिंग हो पायेगी। विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक उन लाभार्थियों को माइग्रेट कर नए सिरे से फीड कर उनका ई केवाईसी व फेस स्कैनिंग किया जाय।




▸▸ जिले में 14 बाल विकास परियोजना के माध्यम से 2511 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है।

"25 जून तक सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ को ई केवाईसी व फेश स्कैनिंग कर लेनी है, अन्यथा उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।"
–शरद कुमार त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी

## बीमित गाय की मृत्यु पर इंश्योरेंस कंपनी को 90 हजार देने का आदेश

संवाददाता, सुलतानपुर

▸▸ आयोग ने क्लेम अस्वीकृति पर बीमा कंपनी को बताया दोषी

▸▸ मानसिक पीड़ा पर 1000 व वाद व्यय पर 500 देने का आदेश

**अमृत विचार :** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग अध्यक्ष राम लखन सिंह चन्द्रौल और सदस्य भारत भूषण तिवारी ने कुड़वार थानाक्षेत्र के नेवरा निवासी राधे श्याम पांडेय द्वारा दायर परिवाद में महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए न्यू इंडिया इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड को मृतक बीमित गाय की बीमा राशि 90 हजार रुपए दो माह के भीतर अदा करने का आदेश दिया है। आयोग ने बीमा कम्पनी की ओर से क्लेम अस्वीकृत किए जाने को उपभोक्ता सेवा में कमी माना गया। साथ ही, मानसिक पीड़ा के लिए 1,000 एवं वाद व्यय के लिए 500 अतिरिक्त भुगतान का निर्देश भी दिया गया। यदि निर्धारित अवधि में भुगतान नहीं किया गया तो परिवाद दायर करने की तिथि 10 अगस्त 2021 से भुगतान की तिथि तक 6 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज भी देय होगा। गौरतलब है कि राधे श्याम पाण्डेय की बीमित गाय 17 सितम्बर 2019 को बीमार होकर मृत हो गई थी, जिसकी सूचना समय से बीमा कम्पनी को दी गई थी तथा सभी आवश्यक दस्तावेज भी प्रस्तुत किए गए थे, लेकिन कम्पनी द्वारा भुगतान न कर सिर्फ आश्वासन ही दिया गया।

**जे0बी0एस0 कॉलेज ऑफ लॉ, मालिनपुर राम सनेही घाट, बाराबंकी**

**एल0एल0बी0 (विधि) त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय पाठ्यक्रम में स्ववित्तपोषित योजनांतर्गत आवश्यकता है -**

प्राचार्य 01 पद ।
प्रवक्ता विधि (त्रिवर्षीय) पाठ्यक्रम– 09 पद।
प्रवक्ता विधि (पंचवर्षीय) पाठ्यक्रम– 05 पद। प्रवक्ता अर्थशास्त्र, प्राचीन इतिहास, मनोविज्ञान, राजनीति शास्त्र, अंग्रेजी एवं समाज शास्त्र प्रत्येक विषय में प्रवक्ता 01– 01 पद।
योग्यता एवं वेतनमान– **यू0जी0सी0, बी0सी0आई0, एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।**
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 10 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की प्रमाणित छायाप्रति के साथ विद्यालय के पते पर सम्पर्क करें।

**प्रबंधक**
मो0नं0–8743958360

## एक नजर

### ईरी में प्रशिक्षण लेंगे एमजीयूजी के कृषि विद्यार्थी

**गोरखपुर, अमृत विचार।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के कृषि संकाय के स्नातक कृषि ऑनर्स के 13 विद्यार्थियों का चयन अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (ईरी) दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र, वाराणसी में एक माह के प्रशिक्षण के लिए हुआ है। यह जानकारी देते हुए कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ. विमल कुमार दुबे ने बताया कि ईरी के विशेषज्ञों द्वारा मूल्यांकन के उपरांत 13 विद्यार्थियों अनिकेत मल्ल, अदिति सिंह, वैष्णवी सिंह, अमित कुमार चौधरी, प्रगति सिंह, खुशी गुप्ता, नीरज यादव, रजनीश चौरसिया, रितु यादव, अनुभव, आकृति तिवारी, मान त्रिपाठी, और अनुभव पाण्डेय का चयन प्रशिक्षण देने के लिए किया है। उन्होंने कहा कि ईरी विश्व की अग्रिम संस्थाओं में से एक है जो चावल शोध व अनुसंधान के क्षेत्र में सतत कार्य कर रही है। एमजीयूजी के कुलपति डॉ. सुरिंदर सिंह और कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं।

### करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**कुशीनगर, अमृत विचार :** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के भैसही चौराहे पर दांत का इलाज करवाने आए 55 वर्षीय अधेड़ की करंट की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। रामवृक्ष मद्धेशिया (55) निवासी लक्ष्मीपुर धूस थाना कोतवाली हाटा, कुशीनगर अपनी पत्नी कमलावती देवी के साथ मंगलवार की सुबह 6 बजे बाइक से भैसही चौराहे पर दांत का इलाज करवाने गया था। जहां सड़क किनारे लगे ठेले मे करंट उतरने से कमलावती उसकी चपेट में आ गई कमलावती को बचाने गए रामवृक्ष उसकी चपेट में आ गया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

# कार्यों में प्रगति लाकर लक्ष्य करें पूरा : डीएम

## कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री डैश बोर्ड विकास कार्यों की समीक्षा की

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



बैठक में मुख्यमंत्री डैश बोर्ड विकास कार्यों की समीक्षा करते जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर.। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता एवं सीडीओ बलराम सिंह की उपस्थिति में मुख्यमंत्री डैश बोर्ड विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। उन्होंने कार्यों में प्रगति लाकर लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया।

जिन विभागों की रैंकिंग में प्रगति कम पाये जाने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए रैंकिंग में सुधार लाने का निर्देश दिया। डीएम ने बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया कि अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन करायें। डीएम ने ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि जो भी पंचायत भवन का निर्माण हो रहा है उसे मानक अनुसार गुणवत्तापूर्ण एवं समय से पूर्ण करायें।

जिन विभागो की बी एवं सी रैंक आयी है उन पर डीएम ने नाराजगी जतायी। पीएम सूर्य घर योजना के अन्तर्गत लक्ष्य पूरा करने का उन्होंने निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिया कि सीएम डैश बोर्ड पर अधिकारी स्वयं फीडिंग करायें। कार्य में प्रगति लाकर प्रथम श्रेणी में लाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो कार्य चल रहे हैं उनको गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय से पूर्ण करायें।

बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रजत कुमार चौरसिया, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एके झा, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीसी मनरेगा सन्दीप सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी बीएस यादव आदि मौजूद थे।

# योगी ने घर जाकर दी देवेश को श्रद्धांजलि



श्रद्धांजलि देते मुख्यमंत्री।

**गोरखपुर, अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार पूर्वाह्न भाजपा के दिवंगत महानगर अध्यक्ष देवेश श्रीवास्तव के घर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान परिजनों को ढांढस भी बंधाया। मंगलवार सुबह वाराणसी से गोरखपुर पहुंचते ही मुख्यमंत्री भाजपा के महानगर अध्यक्ष रहे देवेश श्रीवास्तव के घर पहुंचे। देवेश श्रीवास्तव का 11 जून को निधन हो गया था। दुर्गाबाड़ी रोड स्थित आवास पर जाकर सीएम योगी ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

**गुड्डू सिंह को भी दी श्रद्धांजलि :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जितेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह के घर पहुंचे। गुड्डू सिंह का भी विगत दिनों निधन हो गया था। मुख्यमंत्री ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। दोनों स्थानों पर जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह थे।

# अनियमितता में धनवंतरी व अपोलो हॉस्पिटल सील

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** बांसी क्षेत्र में चल रहे अवैध अस्पतालों पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन ने मंगलवार को नगर पालिका बांसी के दो अस्पताल को नवीनीकरण होने तक संचालित न करने का नोटिस दिया तथा एक अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर को सीज कर दिया गया है।

बांसी कस्बे में स्थित धन्वंतरी हॉस्पिटल व अपोलो हॉस्पिटल पर मंगलवार को सीएमओ डॉ. रजत कुमार चौरसिया व एसडीएम शशांक शेखर राय की टीम के साथ पुलिस की टीम छापेमारी की, जिसमें पहले धन्वंतरी हॉस्पिटल पर रजिस्ट्रेशन का नवीनीकरण नहीं पाया गया। यहां भर्ती मरीजों को सरकारी अस्पताल भेजा गया। जब तक रजिस्ट्रेशन नहीं होता तब तक अस्पताल बन्द करने की नोटिस चस्पा किया। वहीं दूसरी तरफ अपोलो हॉस्पिटल में स्वास्थ्य एवं प्रशासन की टीम पहुंची। छापेमारी के दौरान अस्पताल में चल रहे अवैध अल्ट्रासाउण्ड को सील करते हुए भर्ती मरीजों को अस्पताल व उनके घर भिजवाया ।अपोलो हॉस्पिटल में चल रहे अवैध अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर का रजिस्ट्रेशन न होने की वजह से उसे सील कर दिया गया।

# गुणवत्तापूर्ण ढंग से करायें निर्माण कार्य

**सिद्धार्थ नगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉक्टर राजा गणपति आर की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल की उपस्थिति में बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुआ।

जिलाधिकारी ने पीएम श्री स्कूल फेज वन एवं फेज टू में गैप्स के पैरामीटर की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने पीएम श्री स्कूलों में एमडीएम शेड, टाइलिंग, छत मरम्मत, बाउंड्री वॉल आदि का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण न होने पर संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

# कारवां टॉकीज युवाओं को कर रही सेना में भर्ती के लिए प्रेरित

संवाददाता, सिद्धार्थनगर,




युवाओं को सेना में भर्ती के लिए प्रेरित करता सेना का जवान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ज़िले में युवाओं को भारतीय सेना में भर्ती के लिए प्रेरित करने के लिए एक विशेष अभियान कारवां टॉकीज़ की शुरुआत की गई। यह अभियान जॉइन इंडियन आर्मी पहल का हिस्सा है, जो युवाओं को सेना में शामिल होने के अवसरों से अवगत कराता है।

इस पांच दिवसीय यात्रा के पहले दिन सेठ राम कुमार खेतान बालिका इंटर कॉलेज, ग्राम कमहरिया और डीसी मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल, ग्राम खाड़ी खास में कारवां टॉकीज़ ने दस्तक दी। स्कूलों में छात्रों, शिक्षकों और स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और इस अनोखे प्रयास को सराहा।

यह विशेष वाहन एलईडी स्क्रीन, माइक्रोफोन आधारित उद्घोषणा प्रणाली और भारतीय सेना की क्षमताओं को दर्शाते पोस्टर और बैनर से सुसज्जित है। इसकी भव्यता और संदेश ने न केवल छात्रों में उत्साह जगाया बल्कि पूरे गांव में जिज्ञासा और गर्व की भावना पैदा की। एक छात्रा ने खेतान इंटर कॉलेज में कहा कि इस अभियान की सबसे खास बात रही प्रत्यक्ष संवाद। सेना के प्रतिनिधियों ने युवाओं से सीधा संवाद किया और उन्हें भर्ती प्रक्रिया, पात्रता, प्रशिक्षण और करियर अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। इससे युवाओं के मन में उठने वाले कई सवालों का समाधान हुआ। सेना के जवानों ने कार्यक्रम को और अधिक रोचक बनाने के लिए खेलों और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया, जिससे छात्र सक्रिय रूप से जुड़ सके। साथ ही, सेना के जीवन, अनुशासन और सेवा भावना को दर्शाते ऑडियो-विजुअल क्लिप भी चलाए गए। कारवां टॉकीज की पहल यह सुनिश्चित करती है कि दूर-दराज़ क्षेत्रों के युवाओं तक भी भारतीय सेना का संदेश पहुंचे और कोई भी प्रतिभा जानकारी के अभाव में पीछे न रह जाए। आने वाले दिनों में यह अभियान ज़िले के अन्य भागों में भी जाएगा।

# एक अस्पताल सील, दूसरे को नोटिस जारी

कार्रवाई

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** नेपाल सीमा से सटे उपनगर बढ़नी में गर्भपात से संबंधित बातचीत का वीडियो वॉयरल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। डीएम के निर्देश पर सीएमओ द्वारा गठित जांच टीम ने सोमवार को बढ़नी कस्बे में एक निजी अस्पताल को सील कर दिया, जबकि दूसरे को नोटिस जारी किया है।

एसडीएम राहुल सिंह के नेतृत्व में चिकित्सा विभाग की टीम, जिसमें नोडल अधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार और डॉ. अविनाश चौधरी शामिल थे, सबसे पहले पचपेड़वा रोड स्थित डॉ. मुकेश क्लीनिक पर पहुंची। जांच के दौरान खुलासा हुआ कि क्लीनिक का पंजीकरण नहीं था। वायरल वीडियो के संबंध में पूछताछ करने पर डॉ. मुकेश, जो सीएचसी इटवा में भी तैनात हैं, ने मौखिक रूप से स्वीकार किया कि उनके पास एक व्यक्ति आया था जिसने अपने मरीज की गंभीर स्थिति बताई। डॉ. मुकेश के अनुसार, उन्होंने उस व्यक्ति से कहा कि वह स्वयं गर्भपात नहीं करते, लेकिन दूसरी जगह व्यवस्था करवा देंगे। हालांकि, बाद में उन्होंने लिखित रूप से अपने इस बयान से इनकार कर दिया। जांच टीम ने क्लीनिक को सील कर दिया। टीम पचपेड़वा रोड पर स्थित आमिना हेल्थ सेंटर पहुंची। अस्पताल में मौजूद डॉ. अलीम ने वायरल वीडियो में गर्भपात से इनकार किया। टीम ने अस्पताल संचालक को नोटिस जारी कर 18 जून दोपहर 12 बजे तक मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में उपस्थित होकर जवाब देने का निर्देश दिया है।

### तीन अस्पतालों को बंद करने का नोटिस

**ककरहवा, सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दूल्हा चौराहा स्थित इरम डेंटल क्लिनिक की जांच की। बिना पंजीकरण इसका संचालन हो रहा था। अस्पताल संचालक मोहम्मद आसिफ को क्लीनिक बंद करने का निर्देश जारी करते हुए नोटिस जारी की गई। इसके बाद टीम ने डॉक्टर बंगाली के अस्पताल की जांच की। डॉ. ज्ञान प्रताप अनुपस्थित मिले। जिस पर अस्पताल संचालक को नोटिस जारी करते हुए अस्पताल का संचालन बन्द करने का निर्देश दिया गया।डॉक्टर जे एस हेल्थ क्लिनिक ककरहवा के निरीक्षण में पाया गया कि क्लिनिक का पंजीकरण आयुर्वेद चिकित्सक विभाग द्वारा कराया गया है लेकिन मौके पर एलोपैथ विधि से इलाज मिला। आयुर्वेद की दवाएं नही पाई गई। जिस पर संचालक डॉक्टर जितेंद जायसवाल को एलोपैथ विधि नोटिस निर्गत करते हुए एलोपैथ विधि से संचालन बन्द करने हेतु निर्देशित किया गया।

### जांच टीम को बंद मिला भैरहवां आई हास्पिटल

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जांच के दौरान भैरहवां आई हास्पिटल डुमरियागंज बन्द पाया गया। प्रतिष्ठान पर स्पष्टीकरण हेतु नोटिस चस्पा की गयी। टीम में एसडीएम डुमरियागंज, अधीक्षक सीएचसी बेवा एवं उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी (नेत्र सर्जन) शामिल थे।

# चाइल्ड लाइन के सुपुर्द किये गये लावारिस बच्चे

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे सुरक्षा बल गोरखपुर को सोमवार को प्लेटफार्म सं. 02 पर 02 नाबालिग लड़के उम्र लगभग 14 व 09 वर्ष लावारिस हालत में मिले, जिन्हें चाइल्ड लाइन गोरखपुर को सुपुर्द किया गया।

16 जून को रेलवे सुरक्षा बल लखनऊ जं. को पैसेंजर हाल में 02 नाबालिग लड़कियां उम्र लगभग 17 वर्ष लावारिस मिलीं, जिन्हें बाल कल्याण समिति के सुपुर्द किया गया। इसी दिन आरपीएफ औड़िहार को गाड़ी सं. 15018 के कोच सं. एस-2 के गेट के पास से 01 नाबालिग बच्चा उम्र लगभग 03 वर्ष लावारिस मिला, जिसे चाइल्ड लाइन गाजीपुर के सुपुर्द किया गया। इसी दिन आरपीएफ सीवान द्वारा गाड़ी सं. 11123 के कोच संख्या डी-03 में यात्रा कर रही महिला यात्री जिसने 01 बच्चे को जन्म दिया, को रेलवे फार्मासिस्ट से चिकित्सकीय सहायता प्रदान कराते हुए सदर अस्पताल, सीवान मे भर्ती करवाया गया। जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। इसी दिन आरपीएफ व अपराध आसूचना शाखा लखनऊ जं. तथा अपराध आसूचना शाखा, उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा लखनऊ जं. पार्सल आफिस के पास से 02 व्यक्तियों को रेलवे टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त पाकर गिरफ्तार किया।

## सार-संक्षेप

### पुलिस अभ्यर्थियों को बैरक में किया गया व्यवस्थित



हरी झंडी दिखाते डीएम महेंद्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा।

**कुशीनगर, अमृत विचार :** जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह तंवर एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने मंगलवार को विभिन्न जनपदों से प्रशिक्षण हेतु आए पुलिस अभ्यर्थियोंको हरी झंडी दिखा कर उन्हें बैरक में भेजा गया। इस अवसर पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशिक्षण हेतु आए अभ्यर्थियों का रहने, खाने पीने, क्लास रूम, कंप्यूटर कक्ष, आदि का निरीक्षण जिलाधिकारी के साथ किया गया एवं प्रशिक्षुओं हेतु समस्त व्यवस्थाओं के संबंध में पूर्ण जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षुओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जाएं ताकि उन्हें किसी प्रकार की कठिनाइयों का सामना ना करना पड़े ।प्रशिक्षण के दृष्टिगत ए वन तकनीक पर आधारित पुलिस ट्रेनिंग मैनेजमेंट सिस्टम ऐप के संबंध में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रशिक्षण को सुव्यवस्थित, पारदर्शी और प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस ऐप के माध्यम से सभी प्रशिक्षुओं को आगमन के समय ही अपने ट्रेनिंग से संबंधित समस्त जानकारी प्राप्त हो जायेगी ।उन्होंने बताया कि ऐप के माध्यम से प्रशिक्षुओं से समय-समय पर फीडबैक लिया जाएगा, जिससे प्रशिक्षण की गुणवत्ता को और बेहतर किया जा सके।

### फुटकर उर्वरक विक्रेता वेलफेयर एसो. ने किया प्रदर्शन

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** खाद के कृत्रिम अभाव को लेकर फुटकर उर्वरक विक्रेता वेलफेयर एसोसिएशन ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया और डीएम को शिकायती पत्र सौंपा ।इसमें खाद के होलसेलर व कृषि विभाग अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए। विक्रेताओं का आरोप है कि होलसेल विक्रेता फुटकर दुकानदारों को आवंटित करने की जगह मिलीभगत कर नेपाल को उर्वरक तस्करी करा रहे हैं। लेकिन कृषि विभाग से शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। एसोसिएशन के अध्यक्ष आदर्श कुमार श्रीवास्तव ने मंगलवार को कहा कि सभी फुटकर दुकानदारों की आईडी ब्लॉक है, जिसे खुलवाने के लिए धन उगाही की जा रही है। इसकी शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। वहीं होलसेलर विक्रेता यूरिया खाद के साथ जबरन दो किग्रा जिंक लेने को मजबूर कर रहे हैं। ऊपर से ओवर रेट भी लिया जा रहा है। इसी तरह डीएपी खाद पर भी ओवररेट आवंटन हो रहा है, जबकि फुटकर दुकानदार को निर्धारित रेट पर बिक्री करने का निर्देश दिया जाता है। इससे फुटकर दुकानें बंद होने के कगार पर पहुंच गईं हैं। उन्होंने डीएम से फुटकर दुकानदारों का उत्पीड़न बंद कराने और मामले की जांचकर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई कराने की गुहार लगाई हैं। इस दौरान विजय प्रकाश त्रिपाठी, अरूण कुमार, अहमद अली, आनंद प्रकाश, मो शहजाद, विनोद, अब्दुल हई, सचिंद्र सिंह, कुलदीप, विजय आदि मौजूद रहे।

### नहीं पकड़ा गया तेंदुआ, ग्रामीणों में दहशत व्याप्त



तेंदुए की तलाश में लगी वन विभाग की टीम।

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** मोहाना थाना के ग्राम रामभारी व उसके असपास के कई गांवों के ग्रामीण पिछले सोमवार से 24 घंटे रतजगा करने को विवश हैं। रतजगे का कारण गांव में छिपे एक तेंदुए का गांव में घुस आना बताया जा रहा है। इसे पकड़ने में वन विभाग की टीम अब तक निष्फल साबित हुई है। गांव के लोगों को अपने साथ अपने पशुओं की भी चिंता है। ग्राम रामभारी की जंगली झाड़ियों में तेंदुआ अभी तक छिपा हुआ है। शनिवार अपराह्न उसने गांव में घुस कर चार लोगों को घायल कर दिया था। इसके बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने उसे पकड़ने की कोशिश की मगर तेंदुआ भाग कर झाड़ियों में छिप गया। हालांकि वन विभाग की टीम तेंदुए को पकड़ने के लिए गांव में डटी हुई है। लेकिन वह झाड़ियों से निकल नहीं रहा है। इस पर ग्रामीणों व पुलिस एवं वन विभाग की टीम ने तेंदुए की तलाश में बगीचा, खेत और झाड़ी में कांबिंग करते हुए ड्रोन कैमरे से भी तलाश की थी, लेकिन अब तक टीम को कामयाबी नहीं मिली है। वन विभाग का कहना है कि तेंदुआ चालाक है, मगर वह भूख से परेशान होकर जल्द बाहर आयेगा। दूसरी तरफ आसपास के गांवों में भी तेंदुआ के भागकर आ जाने की आशंका से दहशत बनी हुई है। मैहनिया, फुलवरिया, प्रवानी नगर, जानकीनगर सहित दर्जनों गांवों में दहशत बनी हुई है। ग्रामीण बीती रात भी अपने मकानों व जानवरों की रखवाली करते नजर आए।

# कस्तूरबा विद्यालयों में करायें विकास के कार्य

संवाददाता, कुशीनगर

**अमृत विचारः** डीएम महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि सभी कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का सर्वे करा लिया जाए तथा जो भी खामियां हैं उन्हें सूचीबद्ध कर विकास के कार्य भी कराए।

डीएम ने शहरी क्षेत्र तथा ग्रामीण क्षेत्रों में अलग-अलग हुए निर्माण कार्य की भी जानकारी ली तथा राइट टू एजुकेशन योजना के तहत निजी विद्यालयों में नामांकन हेतु प्राप्त आवेदनों के सापेक्ष स्वीकृत बच्चों के नामांकन के आवेदन तथा अस्वीकृत आवेदनों की संख्या के बारे में भी पूछताछ की। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी निजी विद्यालयों में आरटीई योजना के अंतर्गत नामांकन के लिए छात्र-छात्राओं की सूची प्रस्तुत करें । उन्होंने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों के नव संरचनात्मक विकास पर जोर दिया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की समीक्षा दौरान संज्ञान में आया कि विद्यालय बन कर तैयार हुआ 2010 में तथा हैंडओवर 2015 में किया गया।

# नालों की सफाई न हुई तो बारिश में जलभराव से जूझेंगे वार्ड

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** बारिश के समय नगर पंचायत डुमरियागंज में लोगों को जलभराव की समस्या से जूझना पड़ेगा। बारिश के बाद नगर क्षेत्र में जलभराव की समस्या उत्पन्न होने पर लोगों ने अटकलें लगानी शुरू कर दी हैं। वहीं दूसरी तरफ नगर पंचायत प्रशासन जल निकासी की सुचारु व्यवस्था करने का दावा कर रहा है। सोमवार से मानसून ने दस्तक देकर पहली बारिश कर दी। इस बारे में ईओ. सचिन कुमार पटेल का कहना है कि जल निकासी की समस्या से निपटने के लिए नपा पूरी तरह तैयार है। नगर के विभिन्न वार्डों के मुख्य नाला व सभी नालियों की साफ-सफाई की जा रही है।

# टप्पेबाजों से मुठभेड़, दो गिरफ्तार

संवाददाता कुशीनगर



मुठभेड़ में घायल टप्पेबाजों के साथ पुलिस टीम। अमृत विचार

**अमृत विचारः** उड़ीसा के जाजपुर से जुड़े एक अंतरराज्यीय गिरोह के दो अपराधियों को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया है। ये गिरोह सुनारों की रेकी कर टप्पेबाजी और डिक्की से आभूषण चोरी करने में माहिर है।

हाटा कोतवाली क्षेत्र की हाटा देवरिया मार्ग पर क्रिस्तुराजा विद्यालय के समीप स्वाट टीम, कोतवाली हाटा और पडरौना थाने की टीम ने दो अपराधियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। यह मुठभेड़ चेकिंग के दौरान हुई। एक बाइक पर सवार दो संदिग्धों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों घायल हो गए और उन्हें मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तों की पहचान जितू प्रधान और किशोर प्रधान के रूप में हुई है। दोनों उड़ीसा के जाजपुर जिले के निवासी हैं। पुलिस को इनके पास से दो तमंचे, जिंदा और खोखा कारतूस, बड़ी मात्रा में चांदी व सोने जैसे आभूषण, दो मोबाइल फोन, 220 सीसी की बिना नंबर प्लेट बाइक और 15,000 रुपये नकद बरामद हुए हैं। आरोपियों ने बताया कि वे सुनारों की रेकी कर दुकान खुलते या बंद होते समय डिक्की से माल उड़ाने का काम करते थे। साथ ही शक से बचने के लिए अपने पास कपड़े के कैटलॉग रखते थे ताकि खुद को व्यापारी साबित कर सकें।

सुविधा

## पहले 30 जून तक होना था संचालित, रेलवे प्रशासन ने 92 फेरों के लिए किया विस्तार

# 30 सितम्बर तक चलेगी पाटलिपुत्र-बलिया विशेष मेमू

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा पूर्व से 30 जून तक चलाई जा रही 05297/05298 पाटलिपुत्र-बलिया-पाटलिपुत्र मेमू विशेष गाड़ी का संचलन 01 जुलाई से 30 सितम्बर तक 92 अतिरिक्त फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा।

05297 पाटलिपुत्र-बलिया मेमू विशेष गाड़ी 01 जुलाई से 30 सितम्बर तक पाटलिपुत्र से 08.15 बजे प्रस्थान कर दीघा ब्रिज हाल्ट से 08.22 बजे, भरपुरा पहलेजाघाट से 08.39 बजे, परमानन्दपुर से 08.51 बजे, नयागांव से 08.58 बजे, सीतलपुर से 09.06 बजे, दिघवारा से 09.15 बजे, अवतार नगर से 09.24 बजे, बड़ा गोपाल से 09.41 बजे, गोल्डिनगंज से 10.07 बजे, छपरा कचहरी से 10.31 बजे, छपरा से 10.45 बजे, गौतम स्थान से 10.58 बजे, मांझी से 11.08 बजे, बकुलहा से 11.18 बजे, सुरेमनपुर से 11.27 बजे, दल छपरा से 11.33 बजे, रेवती से 11.39 बजे, सहतवार से 11.49 बजे तथा बांसडीह रोड से 12.28 बजे छूटकर बलिया 12.45 बजे पहुंचेगी ।

वापसी यात्रा में 05298 बलिया-पाटलिपुत्र मेमू विशेष गाड़ी 01 जुलाई से 30 सितम्बरतक बलिया से 13.00 बजे प्रस्थान कर बांसडीह रोड से 13.13 बजे, सहतवार से 13.47 बजे, रेवती से 14.03 बजे, दल छपरा से 14.09 बजे, सुरेमनपुर से 14.16 बजे, बकुलहा से 14.25 बजे, मांझी से 14.34 बजे, गौतम स्थान से 14.53 बजे, छपरा से 15.20 बजे, छपरा कचहरी से 15.29 बजे, गोल्डिनगंज से 15.49 बजे, बड़ा गोपाल से 16.01 बजे, अवतार नगर से 16.11 बजे, दिघवारा से 16.20 बजे,सीतलपुर से 16.27 बजे, नयागांव से 16.34 बजे, परमानन्दपुर से 16.44 बजे, भरपुरा पहलेजाघाट से 17.31 बजे तथा दीघा ब्रिज हाल्ट से 17.42 बजे छूटकर पाटलिपुत्र 17.55 बजे पहुंचेगी । यह गाड़ी 08 कोच के मेमू रेक से चलाई जायेगी । यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### पटना-थावे-पटना विशेष ट्रेन की संचालन अवधि बढ़ी

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा पूर्व से 30 जून तक चलाई जा रही 03215/03216 पटना-थावे-पटना विशेष गाड़ी का संचलन 01 जुलाई से 30 सितम्बर तक 92 अतिरिक्त फेरों के लिये निम्नवत बढ़ाया जायेगा। 03215 पटना-थावे विशेष गाड़ी 01 जुलाई से 30 सितम्बर तक पटना से 12 .10 बजे प्रस्थान कर फुलवारी शरीफ से 12 .22 बजे, पाटलिपुत्र से 12 .45 बजे, दीघा ब्रिज हाल्ट से 12 .51 बजे, दिघवारा से 13 .52 बजे, गोल्डिनगंज से 14 .25 बजे,खैरा से 15 .13 बजे, मढ़ौरा से 15 .32 बजे, मसरख से 15 .48 बजे, राजापट्टी से 16 .02 बजे, दिघवा दुबौली से 16 .17 बजे, सिधवलिया से 16 .32 बजे, रतन सराय से 16 .47 बजे तथा गोपालगंज से 17 .07 बजे छूटकर थावे 17 .40 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 03216 थावे-पटना विशेष गाड़ी 01 जुलाई से 30 सितम्बर, तक थावे से 18 .25 बजे प्रस्थान कर गोपालगंज से 18 .35 बजे, रतन सराय से 18 .55 बजे, सिधवलिया 19 .12 बजे, दिघवा दुबौली से 19 .30 बजे, राजापट्टी से 19 .45 बजे, मसरख से 19 .57 बजे, मढ़ौरा 20 .22 बजे, खैरा 20 .38 बजे, गोल्डिनगंज से 21 .20 बजे, दिघवारा 21 .32 बजे, दीघा ब्रिज हाल्ट से 23 .00 बजे, पाटलिपुत्र से 23 .10 बजे तथा फुलवारी शरीफ से 23 .35 बजे छूटकर पटना 23 .45 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में 24 कोच लगाये जायेंगे। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# विशेष ट्रेन में लगेगा थर्ड एसी का एक कोच

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु 05636/05635 गुवाहाटी-श्री गंगानगर-गुवाहाटी विशेष गाड़ी में गुवाहाटी से 18 जून से तथा श्री गंगानगर से 22 जून से एसी तृतीय श्रेणी का 01 अतिरिक्त कोच लगाया जायेगा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

**व्यापारी को लौटाया ऑटो में छूटा बैग : गोरखपुर।** अलीगढ़ से आये व्यापारी का एक ऑटो में बैग छूट गया था। उसमें 60,000 रुपये थे। व्यापारी ने चौकी बसन्तपुर में सूचना दी। चौकी प्रभारी ने ऑटो को खोजकर बैग को सकुशल 60,000 रुपये सहित बरामद कर व्यापारी के सुपुर्द कर दिया।

# निर्यात में 2010 से 23 तक मजबूत वृद्धि

## तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक भारत, वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रही

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के निर्यात में 2010 से 2023 तक लगातार वृद्धि का रुख रहा जो इसके व्यापार क्षेत्र की मजबूती को बताता है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह बात कही।

अंकटाड (संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन) की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए अधिकारी ने बताया कि 2010 से 2023 की अवधि में वैश्विक निर्यात में अपनी हिस्सेदारी के मामले में भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक रहा और इस मामले में वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रही। अधिकारी ने कहा कि अंकटाड के प्रमुख सांख्यिकी एवं अंतर्राष्ट्रीय व्यापार 2024 के रुझान के अनुसार वृद्धि की यह दर सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले सबसे अधिक रही। यह प्रदर्शन अन्य



प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं जैसे यूरोपीय संघ, चीन और अमेरिका की तुलना में और भी अधिक उल्लेखनीय है जिनकी इस अवधि में निर्यात हिस्सेदारी बढ़ोतरी में वृद्धि दर क्रमशः 3.9 प्रतिशत, 6.1 प्रतिशत और 3.9 प्रतिशत रही।

अधिकारी ने कहा, जहां जापान और रूस जैसी कुछ विकसित अर्थव्यवस्थाओं ने अपने निर्यात हिस्से में मामूली वृद्धि या स्थिरता दर्ज की वहीं भारत के निर्यात में लगातार वृद्धि का रुझान रहा है जो इसके व्यापार क्षेत्र की मजबूती को बताता है। यह भारत की व्यापार नीतियों, विनिर्माण एवं क्षेत्रों की प्रभावशीलता और निर्यात संवर्धन पहल के प्रभाव को दर्शाता है, जिसने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में देश के एकीकरण को बढ़ाने में योगदान दिया है। देश का कुल निर्यात 2009-10 में 274.8 अरब डॉलर था। यह 2022-23 में 776.3 अरब डॉलर और 2024-25 में 825 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

### रत्न और आभूषण निर्यात मई में 15.81 प्रतिशत घटकर 226.3 करोड़ डॉलर रहा

**नई दिल्ली।** जीजेईपीसी ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका के शुल्क घोषणा के बाद मई में कुल रत्न और आभूषण निर्यात सालाना आधार पर 15.81% घटकर 226.34 करोड़ अमेरिकी डॉलर (19,260.81 करोड़ रुपये) रहा। रत्न और आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के अनुसार 2024 की इसी अवधि के दौरान उद्योग का निर्यात 2,68.83 करोड़ डॉलर (22,414.02 करोड़ रुपये) था। मई में तराशे गए हीरों का निर्यात 35.49% घटकर 94.97 करोड़ डॉलर (8,089.81 करोड़) रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 1,47.20 करोड़ डॉलर (12,272.03 करोड़) था। मई में पॉलिश किए प्रयोगशाला में बने हीरों का निर्यात सालाना आधार पर 12.03 करोड़ डॉलर (1,003.06 करोड़) से 32.76% घटकर 8.09 करोड़ डॉलर (689.71 करोड़) रह गया। समीक्षाधीन अवधि में सोने के आभूषणों का निर्यात सालाना आधार पर 17.24% बढ़कर 99.75 करोड़ डॉलर (8,482.61 करोड़ रुपये) हो गया।

## भारत की तेल मांग में 2030 तक 10 लाख बैरल रोजाना की वृद्धि

**नई दिल्ली।** दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता और आयातक देश भारत अपनी शानदार आर्थिक वृद्धि के चलते 2030 तक वैश्विक तेल मांग वृद्धि का नेतृत्व करेगा व 10 लाख बैरल तेल रोजाना की मांग बढ़ेगी।

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने मंगलवार को जारी अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि वैश्विक तेल मांग में इस दशक के अंत तक 25 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) की वृद्धि होने की उम्मीद है। इस तरह तेल की कुल मांग 2030 तक बढ़कर 10.55 करोड़ बीपीडी हो जाएगी। कच्चे तेल के बाजार में किसी भी बड़े व्यवधान को छोड़ दिया जाए तो इस दशक के अंत तक अच्छी आपूर्ति रहने की उम्मीद है। वैश्विक ऊर्जा निगरानी संस्था आईईए का अनुमान है कि भारत में कच्चे तेल की मांग बढ़कर 2030 में 66.6 लाख बीपीडी हो जाएगी जो 2024 में 56.4 लाख बीपीडी थी।

## सरकारी कंपनियां एक सुरक्षित विकल्प

पीएसयू यानी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, वे कंपनियां होती हैं जिनमें भारत सरकार की 51% या अधिक हिस्सेदारी होती है। ये कंपनियां ऊर्जा, बैंकिंग, रक्षा, इस्पात, पेट्रोलियम, कोयला, बीमा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में काम करती हैं। जैसे- ओएनजीसी, भेल, एसबीआई, एनटीपीसी और आईओसी आदि। पीएसयू में निवेश करना अपेक्षाकृत सुरक्षित विकल्प माना जाता है, क्योंकि इनमें सरकारी भागीदारी होती है। हाल के वर्षों में कुछ पीएसयू कंपनियों ने अच्छा रिटर्न दिया है, खासकर डिविडेंड और वैल्यू में बढ़ोतरी के रूप में।



### कैसे करें निवेश

- **स्टॉक मार्केट के जरिए :** एनएसई/बीएसई पर सूचीबद्ध पीएसयू कंपनियों के शेयर खरीदे जा सकते हैं।
- **ईटीएफ :** भारत सरकार द्वारा पीएसयू आधारित ईटीएफ लॉन्च किए गए हैं, जैसे- सीपीएसई ईटीएफ।
- **बॉण्ड्स और एनसीडीएस :** पीएसयू कंपनियां समय-समय पर सुरक्षित बॉण्ड्स जारी करती हैं।

### लाभ के कारण

- **सरकारी सुरक्षा :** सरकार की हिस्सेदारी के चलते इन कंपनियों में स्थिरता होती है।
- **डिविडेंड यील्ड :** अधिकतर पीएसयू कंपनियां नियमित और उच्च लाभांश देती हैं।
- **दीर्घकालिक मूल्यवृद्धि :** कई कंपनियों में समय के साथ अच्छे रिटर्न मिलते हैं।
- **डाइवर्सिफिकेशन :** पोर्टफोलियो में विविधता के लिए उपयोगी हैं।

### जोखिम पर भी दें ध्यान

- **सरकारी हस्तक्षेप :** निर्णयों में राजनीति की भूमिका निवेशकों के हितों पर असर डाल सकती है।
- **कम ग्रोथ रेट :** निजी क्षेत्र की तुलना में नवाचार और विकास की गति धीमी। विनिवेश की योजनाएं बाजार प्रभावित हो सकती हैं।

### निवेश रणनीति

- मजबूत बैलेंस शीट और लाभांश रिकॉर्ड वाली कंपनियों को प्राथमिकता दें। लॉन्ग टर्म निवेश पर ध्यान दें। ईटीएफ के माध्यम से जोखिम को संतुलित किया जा सकता है।

## प. एशिया संकट से शेयर बाजार सतर्क

मुंबई, एजेंसी

ईरान-इजराइल संघर्ष तेज होने से निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने और धातु एवं तेल-गैस शेयरों में मुनाफावसूली होने से मंगलवार को स्थानीय शेयर बाजार गिर गए। सेंसेक्स 213 अंक जबकि निफ्टी 93 अंक नुकसान में रहा। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर आने वाले फैसले को लेकर भी निवेशकों ने इंतजार की रणनीति अपनाई है।

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से सन फार्मा को सर्वाधिक



- सेंसेक्स 213 अंक और निफ्टी 93 अंक फिसला

2.18% का नुकसान उठाना पड़ा। वहीं, इटर्नल, टाटा मोटर्स, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक और बजाज फिनसर्व में भी गिरावट रही। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, एशियन पेंट्स और मारुति सुजुकी के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई स्मालकैप 0.67 जबकि मिडकैप 0.56% नीचे आया। क्षेत्रवार सूचकांकों में धातु खंड 1.29% के नुकसान में रहा जबकि सेवा खंड में 1.09 और तेल एवं गैस खंड में 0.92% की गिरावट रही।

बीएसई पर सूचीबद्ध 2,483 कंपनियां नकारात्मक दायरे में बंद हुईं जबकि 1,496 शेयरों में तेजी रही और 139 अन्य अपरिवर्तित रहे। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की सूचकांक बढ़त पर रहे जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग गिरकर बंद हुए। यूरोपीय बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे।

## सोना 1,200 रुपये टूटा चांदी में आई मजबूती

नई दिल्ली, एजेंसी

कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की बिकवाली से मंगलवार को सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 1,200 रुपये टूटकर 1,00,170 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है।

पिछले कारोबारी सत्र में 99.9% शुद्धता वाला सोना 1,01,370 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5% शुद्धता वाला सोना 1,100 रुपये घटकर 99,450 रुपये प्रति



10 ग्राम (सभी करों सहित) पर आ गया। हालांकि, मंगलवार को चांदी की कीमतें 100 रुपये बढ़कर 1,07,200 रुपये प्रति किलो (सभी करों सहित) हो गईं। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना गिरावट के साथ 3,380.65 डॉलर प्रति औंस पर रहा।

## संदेह को रास्ते की बाधा न बनने दें : लोबाना

नई दिल्ली, एजेंसी

यदि आप तकनीकी उद्योग में महिला पेशेवर हैं और नेतृत्व की भूमिका की तलाश कर रही हैं, तो अपने लक्ष्यों पर स्पष्ट रूप से ध्यान केंद्रित करें, जरूरी कौशल विकसित करें, सलाहकारों और सहयोगियों की तलाश करें और संदेह को अपने रास्ते में बाधा न बनने दें। यह सलाह गूगल इंडिया की नवनियुक्त क्षेत्रीय प्रबंधक और उपाध्यक्ष प्रीति लोबाना ने दी।

नैसकॉम के अनुसार, भारत में 58 लाख तकनीकी कर्मचारियों में 36% महिलाएं हैं, जिनका प्रवेश स्तर पर 40% प्रतिनिधित्व है। उच्चतम नेतृत्व



- महिला तकनीकी विशेषज्ञों को गूगल भारत प्रमुख ने किया संबोधित

पदों पर यह आंकड़ा घटकर 5% रह जाता है। लोबाना ने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करने और जरूरी कौशल हासिल करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने महिलाओं को आत्म-संदेह से दूर रहने और निडरता से अपनी क्षमता को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

लोबाना ने कहा कि दृढ़ संकल्प और सही समर्थन के साथ कोई भी बाधा बहुत बड़ी नहीं है। स्त्री हो या पुरुष दोनों में किसी के लिए, नेतृत्व की ओर बढ़ने के साथ ही आगे का रास्ता संकरा हो जाता है और महिलाओं के लिए यह कठिन चुनौती है। इस बारे में स्पष्टता होनी चाहिए कि आप कहां जाना चाहते हैं और अपने कौशल का निर्माण करना, सही सहयोगी, प्रायोजक, सलाहकार, व्यक्तिगत 'निदेशक मंडल' होना जरूरी है। लोबाना ने कहा कि सहयोगियों और सलाहकारों ने उनके करियर की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



### एक नजर

#### कंचन की हत्या को अकाल तख्त के ग्रंथी ने ठहराया सही

**अमृतसर।** अकाल तख्त के मुख्य ग्रंथी ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कंचन कुमारी की हत्या को उचित ठहराते हुए कहा कि कुछ भी गलत नहीं हुआ है और किसी को भी अश्लील गाने नहीं सुनने चाहिए। कमल कौर भाभी के नाम से मशहूर कंचन को कथित तौर पर उसके वीडियो में अश्लीलता को बढ़ावा देने के लिए निशाना बनाया गया था। नौ जून को उसकी हत्या कर दी गई और शव बठिंडा में लावारिस कार में मिला। सिख धर्म की सर्वोच्च पीठ अकाल तख्त के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी मलकीत सिंह ने कहा, सिख धर्म के अनुसार, किसी को भी अश्लील गाने नहीं सुनने चाहिए, खासकर युवा सिख पीढ़ी को।

#### दुष्कर्म के आरोपी एम्स के डॉक्टर को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शादी का वादा कर महिला से दुष्कर्म करने के आरोपी अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के डॉक्टर को जमानत दे दी और कहा कि प्रथमदृष्टया पता चलता है कि आरोपी और महिला सहमति से सहजीवन साथी थे। न्यायमूर्ति शैलेंद्र कौर ने कहा कि महिला ने अन्य लोगों के खिलाफ भी इसी तरह के अपराधों के लिए प्राथमिकी दर्ज कराई थी तथा जबरन वसूली सहित कुछ मामले भी उसके खिलाफ दर्ज किए गए।

#### रॉबर्ट वाड्रा फिर ईडी के सामने नहीं हुए पेश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा ब्रिटेन निवासी हथियार सलाहकार संजय भंडारी से जुड़े धन शोधन मामले में दूसरी बार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष अपनी तय गवाही के लिए पेश नहीं हुए। वाड्रा के वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल बेटी के स्नातक समारोह के लिए विदेश यात्रा पर हैं।

# हताशा में कांग्रेस कर रही झूठा प्रचार : भाजपा

## जातिगत जनगणना : लोगों को गुमराह करने के लिए सुधांशु त्रिवेदी ने की कांग्रेस की आलोचना

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने मंगलवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस 2027 की जनगणना पर झूठा और भ्रामक प्रचार कर रही है क्योंकि समाज में विभाजन पैदा करके सत्ता हासिल करने की उसकी उम्मीद नरेंद्र मोदी सरकार की राष्ट्रव्यापी कवायद में जातिगत गणना को शामिल करने के फैसले से टूट रही है।

कांग्रेस ने 16वीं जनगणना पर सरकार की अधिसूचना को निरर्थक करार देते हुए कहा था कि वह इस प्रक्रिया में जाति को शामिल करने पर कुछ नहीं कहती है। यह देखते हुए कि कुछ भ्रामक सूचनाएं फैलाई जा रही हैं कि राजपत्र अधिसूचना में जातिगत



गणना का कोई उल्लेख नहीं है, गृह मंत्रालय ने बाद में कहा कि 2027 की जनगणना में जाति गणना शामिल है।

झूठे दावों से लोगों को गुमराह करने के लिए कांग्रेस की आलोचना करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि इस तरह के ओछे कृत्य का सहारा लेकर विपक्षी पार्टी का उद्देश्य समाज में भ्रम पैदा करना और सत्ता हासिल करना है।

उन्होंने भाजपा मुख्यालय में कहा कि चूंकि कांग्रेस को अपना उद्देश्य पूरा होता नहीं दिख रहा है, इसलिए वह मिथ्या बातें, छल और झूठ फैलाने पर उतर आई है। त्रिवेदी ने कहा कि सरकार के विज्ञप्ति में स्पष्ट उल्लेख है कि जनगणना के साथ-साथ सामाजिक-आर्थिक मूल्यांकन और जाति जनगणना कराई जाएगी। कांग्रेस की दृष्टि संकीर्ण और सीमित है, बल्कि कहना चाहिए कि उनकी सोच एक दुर्भावनापूर्ण एजेंडे से प्रेरित है। इसी कारण वे मोदी सरकार द्वारा जनगणना कराने के फैसले में जो स्पष्ट रूप से बताया गया है, उसे देखने में असमर्थ हैं। वे भ्रामक प्रचार कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि उनकी उम्मीदें पूरी नहीं हो रही हैं।

### जनगणना को लेकर सरकार की नीयत साफ नहीं



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने जनगणना के लिए जारी अधिसूचना में जातिगत गणना का उल्लेख नहीं होने तथा बजट आवंटन को लेकर मंगलवार को सवाल खड़े किए और आरोप लगाया कि जाति जनगणना पर सरकार की नीयत साफ नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को भ्रम की स्थिति पैदा करने के बजाय कांग्रेस शासित तेलंगाना में हुए हालिया जातिगत सर्वेक्षण का मॉडल अपनाते हुए जनगणना करानी चाहिए। पायलट ने कहा, कांग्रेस पार्टी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी ने लंबे समय से मांग रखी थी कि देश में जब भी जनगणना हो, उसमें जातिगत जनगणना कराई जाए। जातिगत जनगणना का उद्देश्य सिर्फ जाति के बारे में जानना नहीं, बल्कि यह भी पता करना है कि देश और संस्थाओं में कितनी भागीदारी है तथा लोगों की शैक्षणिक, आर्थिक और सामाजिक स्थिति क्या है? उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने कई बार कहा कि जातिगत जनगणना की मांग उठाने वाले लोग अर्बन नक्सल' हैं तथा मोदी सरकार ने संसद में जवाब दिया कि वह जातिगत जनगणना कराने के पक्ष में नहीं है।

## देश की एकजुटता के लिए भूल जाएं आपसी मतभेद

हमीरपुर (हिप्र), एजेंसी

आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने जोर दिया है कि यदि लोग आपसी मतभेद भूल जाएं तो हिंदू समाज और देश एकजुट रह सकता है। भागवत ने हमीरपुर जिले के टिपर गांव में सोमवार रात एक कार्यक्रम में कहा कि हिंदू धर्म, हिंदू समाज और हिंदू संस्कृति की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है।

सरसंघचालक यहां स्वयंसेवकों के उत्तर क्षेत्र विकास शिविर में भाग लेने के लिए चार दिवसीय यात्रा पर हैं। स्वयंसेवकों से भागवत ने कहा, संघ अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे करने वाला है। सौ साल पहले संघ के विचार को मान्यता नहीं मिली थी। इसकी उपेक्षा की गई, फिर भी यह काम करता



रहा। अब संघ के विचार को समाज ने स्वीकृति प्रदान की है, समाज सक्रियता से काम करता है। उन्होंने कहा कि हमारे समाज की संस्कृति को सहेजकर रखने के लिए आपसी मतभेदों को भुलाकर एकजुट होने की जरूरत है। 30 मई से शुरू हुए कार्यकर्ता विकास वर्ग-प्रथम में कुल 212 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। एक प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि समापन समारोह 19 जून को होगा।

### श्रद्धांजलि



अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में मारे गए लोगों और पीड़ितों को कार्यक्रम में शामिल हुए चिकित्सकों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मोमबत्तियां जलाकर दो मिनट का मौन भी रखा गया और मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। एजेसी

## पूर्व अग्निवीरों के करियर में प्रगति के लिए काम करेगा गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्र ने नियम 1961 में किया संशोधन द्वितीय अनुसूची में एक नया बिंदु जोड़ा

सशस्त्र बलों में अग्निवीरों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद उनके करियर में आगे की प्रगति के लिए गतिविधियों का समन्वय करने का काम केंद्रीय गृह मंत्रालय को सौंपा गया है। यह जानकारी सरकारी अधिसूचना से मिली।

केंद्र ने भारत सरकार (कार्य आवंटन) नियम, 1961 में संशोधन किया है तथा गृह मंत्रालय के राज्य विभाग के तहत द्वितीय अनुसूची में एक नया बिंदु जोड़ा गया है, जिसमें कहा गया है कि गृह मंत्रालय अब पूर्व अग्निवीरों की आगे की प्रगति के लिए समन्वय करेगा। सरकार ने सेना के तीनों अंगों के लिए अग्निपथ भर्ती योजना जून 2022 में शुरू की थी। अग्निपथ योजना के तहत, चयनित होने वाले साढ़े 17 से 21 वर्ष के अभ्यर्थियों को सेना, वायुसेना और नौसेना में चार वर्ष के लिए भर्ती किया जाता है तथा इसमें 25% अभ्यर्थियों को 15 वर्षों तक बरकरार रखने का प्रावधान है। सरकार ने पहले ही सीआरपीएफ, बीएसएफ, सीआईएसएफ, एसएसबी आदि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में कांस्टेबलों की सभी भावी नियुक्तियों में पूर्व अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत नौकरियां आरक्षित कर दी हैं।

## 2025-26 के लिए डीयू का स्नातक प्रवेश पोर्टल शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने मंगलवार को स्नातक पाठ्यक्रमों में 2025-26 शैक्षणिक सत्र के लिए दाखिले की प्रक्रिया शुरू करते हुए कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम (सीएसएएस) पोर्टल शुरु किया। विवि की 'डीन' (अकादमिक) हनीत गांधी ने बताया कि अब विद्यार्थी सीएसएएस पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं। विवि के 69 कॉलेजों में कुल 71,624 सीट पर 79 पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश दिया जाएगा। करियर उन्मुख शिक्षा को बढ़ाने को विवि ने इनोवेटिव स्किल-बेस्ड कोर्सेज सेंटर (सीआईएसबीसी) के तहत कौशल आधारित कई पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश शुरू किये हैं। इन पाठ्यक्रमों में 'एसी-रेफ्रिजरेटर मरम्मत,एनीमेशन और मोशन ग्राफिक्स, बेकरी तथा हलवाई का काम शामिल हैं।

## उपमुख्यमंत्री के भाई सुरेश को धोखाधड़ी में समन जारी

**बेंगलुरु।** ईडी ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के छोटे भाई और कांग्रेस नेता डीके सुरेश को स्थानीय महिला के खिलाफ धन शोधन की जांच से जुड़े धोखाधड़ी के मामले में पूछताछ के लिए समन भेजा है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि पूर्व सांसद सुरेश को 19 जून को पेश होने और धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है।

संघीय जांच एजेंसी ने स्थानीय महिला ऐश्वर्या गौड़ा (33) और कांग्रेस विधायक विनय कुलकर्णी के खिलाफ छापे मारने के बाद अप्रैल में महिला को गिरफ्तार किया था। ईडी ने तब कहा था कि महिला ने कई नेताओं से निकटता का दावा किया और लोगों को सोने, नकदी तथा बैंक में जमा राशि पर उच्च रिटर्न का वादा कर उनसे धोखाधड़ी की।

# दिल्ली-एनसीआर में हुई भारी बारिश, रेड अलर्ट जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली-एनसीआर के कई हिस्सों में मंगलवार को भारी बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को दिल्ली और आसपास के इलाकों के लिए 'रेड अलर्ट' जारी करते हुए आंधी-तूफान के साथ ओलावृष्टि, मध्यम से भारी बारिश और कुछ स्थानों पर 50-70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का अनुमान जताया गया था। आईएमडी ने मध्यम स्तर के आंधी-तूफान की चेतावनी देते हुए जनता के लिए सुरक्षा परामर्श भी जारी किए।

मौसम विभाग के अनुसार, आकाशीय बिजली गिरने से खुले इलाकों में जान का खतरा हो सकता है। यातायात बाधित



हो सकता है और विमान या ट्रेन सेवाओं में विलंब हो सकता है। इसमें कहा गया कि लोगों को घरों के भीतर रहने और अनावश्यक रूप से यात्रा से बचने की सलाह दी जाती है। करंट से बचने के लिए बिजली से चलने वाले उपकरण भी बंद रखने की सलाह दी गयी है। लोगों को पेड़ या धातु से बनी संरचनाओं के नीचे शरण लेने और बिजली गिरने के दौरान बाहर मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने से आगाह किया गया है।

आईएमडी ने लोगों को उसकी वेबसाइट के जरिए और पुष्ट मीडिया माध्यमों के जरिए आधिकारिक जानकारी प्राप्त करने की सलाह दी है। इस बीच, राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को न्यूनतम तापमान 29 डिग्री रहा जो मौसम के औसत तापमान से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक है। सापेक्षिक आर्द्रता सुबह साढ़े 8 बजे 71 फीसदी रही। आईएमडी के अनुसार, अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है।

### दिल्ली हवाई अड्डे पर खराब मौसम से 12 उड़ानों का मार्ग बदला

**नई दिल्ली।** दिल्ली हवाई अड्डे पर खराब मौसम के कारण मंगलवार शाम 12 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया। एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली में खराब मौसम के कारण अपराह्न तीन से चार बजे के बीच 12 उड़ानों के मार्ग में परिवर्तन किया गया। एअर इंडिया ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि दिल्ली में खराब मौसम के कारण उड़नों का परिचालन प्रभावित हो रहा है और कुछ उड़ानों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया है। 'दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड' (डीआईएएल) द्वारा संचालित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा देश का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा है और वर्तमान में इसके तीन रनवे चालू हैं, जबकि एक रनवे सुधार कार्य के लिए बंद है।

## अमरनाथ यात्रा के मार्गों को नो फ्लाइंग जोन किया घोषित

श्रीनगर, एजेंसी

- उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के आदेश के बाद जम्मू कश्मीर के गृह विभाग ने लिया निर्णय

जम्मू कश्मीर सरकार ने अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा उपायों को बढ़ाते हुए मंगलवार को यात्रा मार्गों को नो फ्लाइंग जोन (उड़ान निषिद्ध क्षेत्र) घोषित किया। यात्रा के लिए तीर्थयात्री दो मार्ग - पारंपरिक पहलगाम मार्ग और बालटाल मार्ग का इस्तेमाल करते हैं।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के आदेश पर जम्मू कश्मीर के गृह विभाग से जारी घोषणा में कहा गया कि इस क्षेत्र में 1 जुलाई से 10 अगस्त तक मानवरहित हवाई यान (यूएवी), ड्रोन, गुब्बारे समेत किसी भी प्रकार के विमानन यंत्र उड़ाना प्रतिबंधित है। यह पाबंदी मरीजों को विमान से ले जाने, आपदा प्रबंधन और सुरक्षा बलों द्वारा निगरानी उड़ानों पर लागू नहीं होगी। 3 जुलाई से शुरू अमरनाथ यात्रा के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न सुरक्षा बंदोबस्त किए जा रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भी सलाह दी है कि यात्रा के पूरे मार्ग को 1 जुलाई से 10 अगस्त तक 'नो फ्लाइंग जोन' घोषित किया जाए।

## पहला एक्स्ट्राडोज्ड ब्रिज



गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी पर गुवाहाटी को उत्तरी गुवाहाटी से जोड़ने वाले छह लेन के हाईटेक एक्सट्राडोज्ड पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। करीब 2,608.68 करोड़ रुपये लागत के इस पुल का निर्माण मार्च 2026 में पूरा होने की उम्मीद है। लगभग 1.24 किलोमीटर लंबाई का यह देश का पहला एक्सट्राडोज्ड पुल होगा। एजेंसी

## अमेरिका की आव्रजन नीति में बदलाव

# पूरी दुनिया में हलचल

अमेरिकी सरकार की इसके पीछे धारणा यह है कि आर्थिक मंदी के कारण रोज़गार के कम अवसरों के मद्देनजर प्रवासियों को प्रवेश की अनुमति देना स्थानीय नागरिकों के अधिकारों के साथ अन्याय है। मेक्सिको की अर्थव्यवस्था के लिए यह प्रवास और भी हानिकारक है क्योंकि अमेरिका में ज्यादा मजदूरी के कारण वहां से प्रतिभा का पलायन हो रहा है। पुरुषों के ज्यादा पलायन ने मेक्सिको में पुरुषों लिंगानुपात भी असंतुलित होने लगा है। हाल ही में ट्रंप के नेतृत्व में नई सरकार बनने के बाद से ही अमेरिका में संरक्षणवाद और अमेरिका फर्स्ट जैसी नीतियों पर काम शुरू किया गया है। नए नियम के लागू होने के बाद अमेरिकी प्रशासन उन प्रवासी परिवारों को वापस भेजने के लिए स्वतंत्र होगा जो अवैध रूप से सीमा पार करते हुए पकड़े गए हैं और आवासीय केंद्रों में रह रहे हैं।

### ये बदलाव हुए हैं अमेरिका की आव्रजन नीति में

- **एच-1बी वीजा प्रणाली में संशोधन :** अमेरिका ने एच-1बी वीजा प्रणाली में बदलाव किए हैं, जिसके तहत केवल उच्चतम स्कोर वाले आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी। इससे भारतीय आईटी पेशेवरों के लिए वीज़ा प्राप्ति की प्रक्रिया और कठिन हो सकती है।
- **परिवार-आधारित आव्रजन में कड़े नियम :** परिवारों के लिए आव्रजन प्रक्रिया को और कठिन बना दिया गया है, जिससे भारतीय परिवारों को स्थाई निवास प्राप्त करने में कठिनाई हो सकती है।
- अवैध प्रवासियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई : अमेरिका ने अवैध प्रवासियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू की है, जिससे भारतीय प्रवासियों के लिए अनिश्चितता बढ़ गई है।





### भारत को संभावित नुकसान

- एच-1बी वीजा प्राप्त करने में कठिनाई से भारतीय आईटी कंपनियों में उच्च गुणवत्ता वाले पेशेवरों की कमी हो सकती है।
- अमेरिका में अवैध प्रवासियों पर कड़ी कार्रवाई से भारतीय प्रवासियों की स्थिति असुरक्षित हो सकती है।
- अमेरिका में भारतीयों की संख्या में कमी से भारत को मिलने वाली रेमिटेंस में गिरावट आ सकती है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है।

### पूरी दुनिया पर प्रभाव

- वैश्विक श्रम बाजार में असंतुलन : अमेरिका में आव्रजन में कमी से वैश्विक श्रम बाजार में असंतुलन उत्पन्न हुआ है, जिससे अन्य देशों में श्रमिकों की मांग बढ़ी है।
- वैश्विक व्यापार पर असर : अमेरिका की नई आव्रजन नीति के कारण वैश्विक व्यापारिक संबंधों में तनाव बढ़ा है, विशेषकर उन देशों के साथ जिनके नागरिकों की संख्या अमेरिका में अधिक है।

### नई नीति से अमेरिका को फायदा

- आव्रजन में कमी से अमेरिका में स्थानीय नागरिकों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ सकते हैं।
- अवैध प्रवासियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई से अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा में सुधार हो सकता है।
- आव्रजन में कमी से अमेरिका के सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों पर दबाव कम होगा, वह आर्थिक संसाधनों की कमी से उबरेगा।

**अमेरिका की नई आव्रजन नीति ने वैश्विक स्तर पर कई बदलावों को जन्म दिया है, जिनका भारत पर विशेष प्रभाव पड़ा है। एक ओर यह नीति अमेरिका के लिए कुछ लाभकारी हो सकती है लेकिन भारत को इससे कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।**

## एक नजर

### हैदराबाद से अदीस अबाबा तक सीधी उड़ान सेवा शुरू

**हैदराबाद।** हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का प्रबंधन करने वाले जीएमआर समूह ने मंगलवार को हैदराबाद से इथियोपिया के अदीस अबाबा के लिए नयी सीधी उड़ान सेवा शुरू करने की घोषणा की। जीएमआर हैदराबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के अनुसार मंगलवार को उद्घाटन उड़ान, एक उत्सव समारोह के बाद अदीस अबाबा के लिए सफलतापूर्वक रवाना हुई, जिसमें जीएचआईएएल के वरिष्ठ अधिकारियों, इथियोपिया की एयरलाइंस के प्रमुख अधिकारियों और हवाई अड्डे के अन्य हितधारकों ने भाग लिया।

### दक्षिण अफ्रीका में बस-ट्रक की टक्कर में 12 मरे

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के क्वाजुलु-नताल प्रांत में व्रीहीड के पास सोमवार को एक बस और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में 12 लोगों की मौत हो गई और दस घायल हो गए। क्वाजुलु-नताल प्रांतीय सरकार के अधिकारी सिबोनिसों डूमा ने बताया कि दुर्घटना सोमवार आधी रात के आसपास हुई। दस लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि दस अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों को पास के अस्पतालों में ले दाखिल कराया गया है। बाद में दो और घायलों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

### पाक नागरिक के खिलाफ पीएमएलए कोर्ट में केस

**कोलकाता।** ईडी ने एक पाकिस्तानी नागरिक आजाद मलिक के खिलाफ धन शोधन मामले में पीएमएलए कोर्ट में अभियोजन शिकायत दायर की है। अदालत ने आरोपी के खिलाफ नोटिस जारी कर अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित कर दी है। पाकिस्तानी नागरिक आजाद मलिक उर्फ अहमद हुसैन आजाद को ईडी ने अप्रैल मध्य में पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के बिरती जिले से गिरफ्तार किया। वह बंगलादेशी नागरिकों के लिए फर्जी दस्तावेज बनवाकर उन्हें पश्चिम बंगाल व अन्य हिस्सों में बसाने का काम करता था।

### वियतनाम में तूफान की घटनाओं में सात लोग मरे

**हनोई।** वियतनाम में 'वुतिप' तूफान के कारण भारी बारिश और बाढ़ से मध्य क्षेत्र में सात लोगों की मौत हो गई है तथा कृषि एवं संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। प्राकृतिक आपदा निवारण विभाग के अनुसार क्वांग बिन्ह प्रांत में चार और क्वांग त्रि प्रांत में तीन लोगों की मौत हुई है। रिपोर्टों के अनुसार बाढ़ के कारण 33,000 हेक्टेयर से अधिक चावल के खेत और हजारों हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि जलमग्न हो गई है।

# प. एशिया के हवाई क्षेत्र बंद, लाखों फंसे

## ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष और तेज होने की आशंका से लोगों में भारी दहशत का माहौल

**बेरूत, एजेंसी**

दो कट्टर दुश्मनों ईरान और इजराइल के बीच कई दिन से जारी वार-पलटवार ने उनके उथलपुथल भरे इतिहास में एक नया अध्याय खोल दिया है। दोनों देशों में लोगों में व्यापक संघर्ष की आशंका से दहशत का माहौल है। हर रात आसमान में आग के गोले दिखने से यह दहशत और बढ़ रही है। इस संघर्ष ने पश्चिम एशिया के अधिकतर देशों को अपने हवाई क्षेत्र बंद करने पर मजबूर कर दिया है। दर्जनों हवाई अड्डों ने सभी उड़ानें रोक दी हैं या परिचालन में भारी कटौती की है, जिससे हजारों यात्री फंसे हुए हैं।

इजराइल ने अपने मुख्य अंतरराष्ट्रीय बेन गुरियन हवाई अड्डे को अगली सूचना तक बंद कर दिया है, जिससे 50,000 से अधिक इजराइली यात्री विदेश में फंस गए हैं। देश की तीन विमानन कंपनियों के जेट विमानों को लारनाका ले जाया गया है। ईरान ने शुक्रवार को तेहरान के बाहरी इलाके में स्थित देश के मुख्य खोमेनी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से आने-जाने वाली उड़ानों को निलंबित कर दिया। इजराइल ने शनिवार को कहा कि उसने मेहराबाद हवाई अड्डे पर बमबारी की, जो तेहरान में ईरान की वायु सेना और घरेलू वाणिज्यिक उड़ानों के लिए सुविधा प्रदान करता है। कई छात्र ईरान, इराक और अन्य जगहों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।

हजारों भारतीय छात्र भी ईरान में फंस गए हैं। इनमें से एक अरसलान अहमद ने बताया कि बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं है। तेहरान में वे लोग अपने छात्रावासों से तक बाहर नहीं निकल रहे हैं और हमलों से बुरी तरह भयभीत हैं। उन्हें नहीं पता कि उन्हें कब सुरक्षा मिलेगी। अहमद ने कहा, हम जो टेलीविजन पर देख रहे हैं, वह बहुत डरावना है लेकिन इससे भी ज्यादा भयानक कुछ कान के पर्दे फाड़ देने वाले विस्फोट हैं। विश्वविद्यालयों ने ईरान में कई छात्रों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में मदद की है।



इजराइल के ड्रोन हमले के बाद ईरान की नेटवर्क बिल्डिंग में लगी आग।

### ईरान का परमाणु स्थल बना इजराइली हमलों का निशाना

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने मंगलवार को कहा कि उसका मानना है कि ईरान के नतांज संवर्धन स्थल पर इजराइल के हवाई हमलों का वहां के भूमिगत सेंट्रीफ्यूज हॉल पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ा है। यह पहली बार है जब संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था ने नतांज के भूमिगत हिस्से में हमलों से हुए नुकसान का आकलन किया है, जो ईरान के परमाणु कार्यक्रम का मुख्य संवर्धन केंद्र है। एजेंसी ने कहा, शुक्रवार के हमलों के बाद उपग्रह चित्रों के विश्लेषण से अतिरिक्त तत्वों की पहचान हुई है जो नतांज में भूमिगत संवर्धन हॉल पर प्रत्यक्ष प्रभाव का संकेत देते हैं।

### ईरान ने इजराइल में अब तक 700 ड्रोन हमले किए

**तेहरान।** ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-3 की शुरुआत के बाद से ईरान ने इजरायल पर 700 से ज्यादा जवाबी ड्रोन हमले किए हैं। ईरान की फ़ार्स समाचार एजेंसी की मंगलवार को एक रिपोर्ट के अनुसार ईरान ने इजराइल के खिलाफ मिसाइल हमला शुरू किया है। इजराइल ने कहा कि ईरानी हमलों में 20 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और 600 से ज्यादा घायल हुए हैं। वहीं, ईरान ने कहा कि इजराइल के हमलों में उसके 220 से अधिक लोग मारे गये तथा 1,200 से अधिक घायल हुए हैं।

### नेतन्याहू ने जताई ईरान में तख्तापलट की मंशा

**तेल अवीव/तेहरान।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के साथ जारी युद्ध को वहां के दुष्ट शासकों से मुक्त करने का अभियान बताते हुए साफ किया है कि उनके दिन अब लद गए है और वहां स्वतंत्रता की मशाल जल चुकी है। नेतन्याहू ने ईरान इंटरनेशनल से कहा, ईरान के खिलाफ इजराइल का सैन्य अभियान उसके लोगों को इस्लामिक गणराज्य को उखाड़ फेंकने का मौका दे रहा है। आपकी स्वतंत्रता का समय निकट है। उन्होंने ईरान पर इजराइल को नष्ट करने को परमाणु बम बनाने का आरोप लगाया।

### इजराइल का अस्पताल पर हमला युद्ध अपराध: ईरान

**तेहरान।** ईरान ने केरमानशाह स्थित फराबी अस्पताल पर इजराइल के हमले को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन और युद्ध अपराध करार दिया है। ईरान प्रशासन की प्रवक्ता फतेमेह मोहजेरानी ने कहा है कि केरमानशाह में फराबी अस्पताल पर इजराइल का हमला उसकी क्रूरता का स्पष्ट उदाहरण है। इजराइल ने सोमवार को स्थानीय समयानुसार लगभग नौ बजे अस्पताल पर मिसाइल से हमला किया था। हमले से अस्पताल को भारी नुकसान हुआ। अस्पताल के कई उपकरण नष्ट हो गए। खिड़कियों के टूटने से कई वार्डों में मरीज़ों को चोटें आईं। इजराइल ने शुक्रवार की रात बिना किसी उकसावे के ईरान पर हमले शुरू कर दिए थे।

# ऑपरेशन सिंदूर: सेना का पूर्व सेना प्रमुखों के साथ विचार मंथन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **भविष्य की चुनौतियों से बेहतर ढंग से निपटने की तैयारी**
- **पूर्व सेना प्रमुखों ने अनुभव साझा कर कई सिफारिशें कीं**

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भविष्य की चुनौतियों तथा आकस्मिक स्थितियों से और बेहतर ढंग से निपटने की तैयारियों में जुटी सेना ने मंगलवार को पूर्व सेना प्रमुखों के साथ इस ऑपरेशन के बारे में विस्तार से चर्चा की। पूर्व सेना प्रमुखों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए सिफारिशें और सलाह साझा की।

सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने मंगलवार को यहां पूर्व सेना प्रमुखों के साथ दो दिन के 'चीफ्स चिंतन' सम्मेलन में गहन विचार मंथन किया। ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में आयोजित सम्मेलन का उद्देश्य पूर्व सेना प्रमुखों के संस्थागत ज्ञान और अनुभव का लाभ उठाने के लिए एक मंच प्रदान करना है। सम्मेलन में जनरल वी पी मलिक, जनरल दीपक कपूर, जनरल जे जे सिंह और जनरल मनोज पांडे सहित अन्य पूर्व सेना प्रमुखों ने हिस्सा लिया।

जनरल द्विवेदी ने सेना में किे जा रहे सुधारों और भविष्य की योजनाओं में निरंतर भागीदारी में पूर्व सेना प्रमुखों के योगदान का उल्लेख किया। पूर्व सेना प्रमुखों को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में विस्तार से 'ब्रीफिंग' दी गई, साथ ही वायु सेना और नौसेना के साथ संचालन में समन्व्य पर भी जानकारी दी गयी। ब्रीफिंग में ऑपरेशन के निष्पादन के बारे में प्रासंगिक समझ और पूर्व प्रमुखों से अंतर्दृष्टि आमंत्रित करने के लिए रणनीतिक प्रभाव और संयुक्त कौशल मॉडल को विस्तार से प्रस्तुत किया गया। पूर्व प्रमुखों को परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने के उद्देश्य से उन्नत प्रौद्योगिकियों और आधुनिकीकरण पहलों को शामिल करने के बारे में भी जानकारी दी गई।

### सेना के लिए कल्याणकारी योजनाओं पर भी विचार

सम्मेलन के दौरान प्रौद्योगिकी पहल, विकसित भारत के लक्ष्यों में भारतीय सेना के योगदान और मानव संसाधन नीतियों में सुधार तथा भूतपूर्व सैनिकों के लिए कल्याणकारी योजनाओं की पहल पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा पूर्व सेना प्रमुखों ने ऑपरेशन सिंदूर तथा मौजूदा परिप्रेक्ष्य में अंतर्दृष्टि और सिफारिशें साझा की।

# ब्रिटेन में चोकसी का भारत पर अपहरण का आरोप

**लंदन, एजेंसी**

- **भारतीय अधिकारियों को आरोपों को गलत बताकर आपत्ति जताई**

पंजाब नेशनल बैंक धोखाधड़ी मामले में भारत में वांछित व्यवसायी मेहुल चोकसी ने लंदन के हाईकोर्ट में भारत सरकार और पांच व्यक्तियों पर अपने अपहरण, यातना और प्रत्यर्पण के प्रयास के लिए षड्यंत्रकारी के रूप में मुकदमा दायर किया है। भारतीय प्राधिकारियों ने आरोपों से इनकार किया है और राज्य प्रतिरक्षा के आधार पर ब्रिटेन के क्षेत्राधिकार पर आपत्ति जताई है।

सोमवार को न्यायमूर्ति फ्रीडमैन के समक्ष मामले की प्रारंभिक सुनवाई के दौरान, अदालत को बताया गया कि चोकसी का दावा है कि मई 2021 में भारत सरकार के निर्देश पर अपहरण की कोशिश के तहत उसे प्रताड़ित किया गया था। भारतीय पक्ष ने इस सप्ताह अदालत को बताया कि चोकसी ने भारत के खिलाफ बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसमें कहा गया है कि भारत ने उसका अपहरण करने और नुकसान पहुंचाने की एक अंतरराष्ट्रीय साजिश रची थी। वकील हरीश साल्वे ने भारतीय अधिकारियों की ओर से दलील दी, भारत का पक्ष यह है कि वर्तमान दावा इस मंशा से आगे बढ़ाया जा रहा है कि भारत को शर्मिंदा किया जाए और प्रतिवादी द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रत्यर्पण से बचने के प्रयासों के तहत दबाव बढ़ाया जा सके।

## सीतारमण ने लद्दाख में एनएलएसटी परियोजना स्थल का किया दौरा

**लेह।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में पैंगोंग झील के पास राष्ट्रीय वृहद सौर दूरबीन (एनएलएसटी) परियोजना स्थल का दौरा किया।

अधिकारियों ने बताया कि चार दिवसीय दौरे पर आईं सीतारमण ने चुशुल गांव में 'रेजांग ला' युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और देश की सेवा में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी। एनएलएसटी परियोजना का लक्ष्य लद्दाख में पैंगोंग त्सो झील के पास लगभग 4,200 मीटर की ऊंचाई पर दो मीटर श्रेणी का 'ऑप्टिकल' और इन्फ्रारेड (आईआर) दूरबीन का निर्माण करना है।

# रूस के हमले से कीव में 15 की मौत, 116 घायल

## रात के वक्त ड्रोन और मिसाइलों से किया हमला, घरों में सो रहे थे लोग, कई इमारतें ध्वस्त

**कीव, एजेंसी**

रूस ने यूक्रेन पर रात को उस समय मिसाइल और ड्रोन से हमले किए जब ज्यादातर लोग अपने घरों में सो रहे थे, जिससे कम से कम 15 लोगों की मौत हो गयी और 116 अन्य घायल हो गए। हमलों में मुख्य रूप से राजधानी कीव को निशाना बनाया गया।

कीव शहर सैन्य प्रशासन के प्रमुख तिमुर तकाचेंको ने बताया कि रातभर हुए हमले और बमबारी से नौ मंजिला एक रिहायशी इमारत ध्वस्त हो गई तथा कई अपार्टमेंट नष्ट हो गए हैं। आपातकालीन कर्मी मलबे से लोगों को बचाने के लिए घटनास्थल पर मौजूद हैं। यह हाल के महीनों में यूक्रेन की राजधानी में हुए सबसे घातक हमलों में से एक है और हमला ऐसे वक्त में हुआ है, जब युद्ध को खत्म करने के लिए दो दौर की शांति वार्ता बेनतीजा रही है। रूस ने दक्षिणी बंदरगाह शहर ओडेसा में भी ड्रोन हमले किए, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और 17 लोग घायल हो गए। यह हमला करीब नौ घंटे तक चला और यह कीव को निशाना बनाकर किया गया नया ड्रोन और मिसाइल हमला है। यह हमला ऐसे वक्त में किया गया है कि जब विश्व नेता कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए जुटे हुए हैं।



रूस की मिसाइल से कीव में तहस-नहस हुई नौ मंजिला इमारत।

### जेलेंस्की ने शक्तिशाली देशों की आलोचना की

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इस हमले को कीव पर सबसे भयानक हमलों में से एक बताया और कहा कि रूसी सुरक्षा बलों ने रातभर में यूक्रेन पर 440 से ज्यादा ड्रोन और 32 मिसाइलें दागीं। जेलेंस्की ने कहा कि पुतिन ऐसा सिर्फ इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि वह युद्ध जारी रखने का जोखिम उठा सकते हैं। वह चाहते हैं कि युद्ध जारी रहे। यह बहुत परेशान करने वाली बात है कि दुनिया के ताकतवर लोग इस ओर से आंखें मूंद लेते हैं। गृह मंत्री इहोर क्लिमेंको ने घटनास्थल पर पत्रकारों को बताया कि हमले में छर्रा लगने से घायल हुए एक अमेरिकी नागरिक की मौत हो गई है।

# विमान हादसा: बालकनी से कूदते नजर आए लोग

**अहमदाबाद, एजेंसी**

- **पांच दिन सामने आया विमान दुर्घटना का नया वीडियो**
- **लपटों में घिरी मेडिकल कॉलेज की बिल्डिंग से कूद रहे हैं लोग**

अहमदाबाद विमान दुर्घटना के बाद का एक नया वीडियो सामने आया है, जिसमें 12 जून को एअर इंडिया की उड़ान एआई-171 के बीजे मेडिकल कॉलेज परिसर में टकराने के बाद वहां के घबराए हुए निवासी पांच मंजिला इमारत की बालकनी से कूदते या कूदने का प्रयास करते नजर आ रहे हैं।

इस खौफनाक वीडियो के एक हिस्से में एक महिला बालकनी से महज रेलिंग के सहारे नीचे उतरने की कोशिश करती नजर आ रही है, जबकि घटनास्थल से कुछ ही मीटर की दूरी पर आग की ऊंची लपटें उठ रही हैं। पृष्ठभूमि में, परिसर की परिधीय दीवार के ऊपर से वीडियो बनाने वाले लोग चिल्लाते हुए सुने जा सकते हैं क्योंकि उन्हें डर है कि महिला गिर सकती है और उसे चोट लग सकती है। बाद में, एक आदमी भी इसी तरह नीचे उतरने की कोशिश करता हुआ दिखायी देता है।

भारत के सबसे पुराने मेडिकल कॉलेजों में एक बीजेएमसी दुर्घटना के बाद कार्रवाई का केन्द्र रहा है। दुर्घटना में विमान में सवार 241 तथा जमीन पर मौजूद पांच एमबीबीएस छात्र सहित 29 लोग मारे गए थे। लंदन के लिए उड़ान भरने के बाद एअर इंडिया का विमान बोइंग 737-8 ड्रीमलाइनर मेडिकल कॉम्प्लेक्स में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

## चीन में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट नौ लोगों की मौत

**बीजिंग।** चीन के मध्य में स्थित एक पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट में नौ लोगों की मौत हो गई और 26 अन्य घायल हो गए।

चीन की सरकारी मीडिया द्वारा ऑनलाइन पोस्ट किए गए एक वीडियो में सोमवार सुबह हुए विस्फोट के बाद आसमान में धुएं का एक बड़ा गुबार उठता देखा जा सकता है। 'शांझोउ फायरवर्क्स कंपनी' की फैक्टरी हुनान प्रांत के चांगदे शहर के उत्तर में लिनली काउंटी के एक पहाड़ी हिस्से में है।

सरकारी प्रसारक सीसीटीवी ने मंगलवार दोपहर के आसपास एक ऑनलाइन खबर में कहा कि आगे और विस्फोट होने के खतरे और किसी बड़े जल स्रोत के अभाव ने अग्निशमन और पीड़ितों की तलाश के काम को जटिल बना दिया।

**अध्ययन** सीईपीटी विश्वविद्यालय ने जलवायु प्रौद्योगिकी कंपनी के साथ अध्ययन कर जारी की रिपोर्ट

# दिल्ली में साल के सिर्फ तीन दिन साफ आबोहवा में सांस लेने वाले

## तापीय रूप से आरामदायक घंटे केवल 2210, जिसमें बाहरी तापमान 18 और 31 डिग्री के बीच

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली में वर्ष में केवल तीन प्रतिशत घंटे ही सेहत के लिए सुरक्षित स्वच्छ वायु और सुहाने मौसम वाले होते हैं। एक नए अध्ययन में यह खुलासा हुआ है। सीईपीटी विश्वविद्यालय और एक जलवायु-प्रौद्योगिकी कंपनी द्वारा किए गए अध्ययन के मुताबिक दिल्ली में लगभग 2,210 तापीय रूप से आरामदायक घंटे दर्ज किए गए हैं, जिनमें बाहरी तापमान 18 डिग्री सेल्सियस से 31 डिग्री सेल्सियस के बीच था।

अध्ययन के मुताबिक 1,951 घंटे खराब वायु गुणवत्ता (वायु गुणवत्ता सूचकांक 150 से ऊपर) के भी होते हैं। इस प्रकार वर्ष में केवल 259 घंटे ही बचते हैं, जो लगभग तीन प्रतिशत है, जब दिल्लीवासी स्वच्छ वायु और सुखद तापमान दोनों का आनंद ले सकते हैं। 'इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ इंडोर एयर क्वालिटी' के आठ जून को आयोजित 'हेल्दी बिल्डिंग 2025' सम्मेलन में प्रस्तुत अध्ययन रिपोर्ट में कहा गया कि गर्मी और वायु प्रदूषण का एक साथ होना सुरक्षित प्राकृतिक आबोहवा के अवसरों को गंभीर रूप से सीमित कर देता है।

अध्ययन के मुताबिक दिल्ली की तुलना में, बेंगलुरु में 8,100 घंटे से ज्यादा समय स्वीकार्य वायु गुणवत्ता और सुखद तापमान की स्थिति रही। अहमदाबाद में गर्मी होने के बावजूद बाहरी परिस्थितियां ज्यादा अनुकूल रहीं। हालांकि, दिल्ली की तरह चेन्नई में भी 88 प्रतिशत आरामदायक घंटे खराब वायु गुणवत्ता के कारण प्रभावित हुए। अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि अध्ययन से खुलासा होता है कि गर्मी और प्रदूषण का अभिसरण भारतीय महानगरों में व्यापक होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक भवन निर्माण कार्य, चाहे पूरी तरह से सीलबंद वातानुकूलित स्थानों पर आधारित हो या बिना फिल्टर वाले प्राकृतिक वेंटिलेशन पर आधारित हो, अब शहरी भारत की जरूरतों को पूरा नहीं कर पाते।



आमतौर पर भीषण वायु प्रदूषण का सामना करते हैं दिल्ली के लोग।

### पीईसीएस को मुख्य धारा में लाने की सिफारिश

इस चुनौती से निपटने के लिए भारतीय भवनों में वैयक्तिक पर्यावरण नियंत्रण प्रणालियों (पीईसीएस) को मुख्यधारा में लाने की सिफारिश की गई है। ये प्रणालियां हवा के संचरण को नियंत्रित करती हैं और आदर्श तापमान बनाए रखती हैं तथा विशेष रूप से मिश्रित-मोड वाली इमारतों में उपयोगी होती हैं, जो दिन के समय, मौसम या प्रदूषण के स्तर के आधार पर प्राकृतिक और यांत्रिक हवा निकासी के बीच बदलाव करती हैं। अनुसंधानकर्ताओं द्वारा तैयार 'मॉडल' में पाया गया कि पीईसीएस पारंपरिक वातानुकूलित व्यवस्थाओं की तुलना में चेन्नई में वेंटिलेशन के लिए उपयोग की जाने वाली ऊर्जा में 72 प्रतिशत, अहमदाबाद में 70 प्रतिशत और दिल्ली में 68 प्रतिशत तक की बचत कर सकती हैं।